Drishti IAS

# एडिटोरियल क्विज़

# नवंबर 2024

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440, Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

# प्रश्न

**1. लिविंग प्लैनेट इंडेक्स (LPI) रिपोर्ट हाल ही में निम्नलिखित में से किसके द्वारा प्रकाशित की गई थी?**

A. विश्व वन्यजीवन कोष

B. नीति आयोग

C. विश्व बैंक

D. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)

**2. USD-INR अस्थिरता के प्रबंधन के लिये RBI के दृष्टिकोण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यदि अप्रत्याशित रूप से अस्थिरता बढ़ती है, तो RBI द्वारा USD-INR विनिमय दर में अस्थिरता को कम करने से अचानक बाज़ार में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है।
2. वर्ष 2019 से भारत की वास्तविक प्रभावी विनिमय दर (REER) में वृद्धि हुई है, जिससे निर्यात वृद्धि में कमी आई है।
3. स्थिर USD-INR दर के लिये RBI के दृष्टिकोण को भविष्य में उच्च घरेलू ब्याज दरों या कम मुद्रा परिवर्तनीयता विकल्पों की आवश्यकता हो सकती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई भी नहीं

**3. लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग (LiDAR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक रिमोट सेंसिंग तकनीक है जो सेंसर की रेंज को मापने के लिये स्पंदित लेजर के रूप में प्रकाश का उपयोग करती है।
2. LiDAR डेटा का उपयोग 10 सेमी. तक की ऊर्ध्वाधर सटीकता के साथ जमीन की ऊँचाई के उच्च-रिज़ॉल्यूशन 3-D मॉडल बनाने के लिये किया जा सकता है।
3. LiDAR का उपयोग पृथ्वी के आकार और उसकी सतह की विशेषताओं के बारे में सटीक, त्रि-आयामी जानकारी उत्पन्न करने के लिये किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**4. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत के संघवाद के मॉडल का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. केंद्रीकृत संघवाद जिसमें संघ को पूर्ण शक्ति प्राप्त हो।

B. सहकारी संघवाद जिसमें केंद्र और राज्य विकास के लिये सहयोगात्मक रूप से काम करते हैं।

C. संघीय संघवाद जिसमें राज्य संघ से पूर्ण स्वतंत्रता बनाए रखते हैं।

D. अनन्य संघवाद जिसमें संघ और राज्यों के बीच कोई अंत:क्रिया नहीं होगी।

**5. निम्नलिखित में से कौन-सा चुनावी प्रक्रियाओं में AI के उपयोग के संभावित लाभ का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. AI मतदाता पंजीकरण और धोखाधड़ी का पता लगाने जैसे प्रशासनिक कार्यों को स्वचालित और सुव्यवस्थित कर सकता है।

B. AI प्रवेश में स्वचालित अवरोध पैदा करके मतदाता मतदान को कम करने में मदद कर सकता है।

C. AI जटिल ब्लैक-बॉक्स एल्गोरिदम बनाकर चुनाव प्रक्रियाओं की पारदर्शिता को कम कर देता है।

D. AI मतदान केंद्रों पर वास्तविक समय की निगरानी की आवश्यकता को समाप्त कर देता है।

**6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारत के लिये, घरेलू उत्पादकों, विशेषकर बड़े उद्योगों को प्रतिस्पर्द्धा से बचाना, यूरोपीय संघ के साथ वार्ता में प्राथमिक फोकस होना चाहिये।

**कथन-II:** भारत को पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ESG) मानकों जैसे वैश्विक रुझानों पर विचार करते हुए व्यापार वार्ता के प्रति अधिक लचीला रुख अपनाना चाहिये और ट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिप के लिये व्यापक तथा प्रगतिशील समझौते (CPTPP) में शामिल होने पर विचार करना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**7. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना (MGNREGS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मनरेगा ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 2005 में शुरू किया गया विश्व का सबसे बड़ा कार्य गारंटी कार्यक्रम है।
2. यह ग्रामीण परिवारों के वयस्क सदस्यों को, जो वैधानिक न्यूनतम मजदूरी पर अकुशल शारीरिक कार्य करने के लिये तैयार हैं, प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों के रोजगार की गारंटी देता है।
3. नीति आयोग राज्य सरकारों के साथ मिलकर इस योजना के सम्पूर्ण कार्यान्वयन की निगरानी करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2019 में शुरू किये गए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) का लक्ष्य वर्ष 2024 तक 122 शहरों में पार्टिकुलेट मैटर की सांद्रता को 20-30% तक कम करना है।
2. राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) श्रेणियों के आधार पर वायु प्रदूषण से निपटने के लिये ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) लागू किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और' न ही 2

**9. नीलगिरी बायोस्फीयर रिज़र्व के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे वर्ष 2000 में यूनेस्को विश्व नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिज़र्व में शामिल किया गया था।
2. नीलगिरी बायोस्फीयर रिज़र्व में समृद्ध जैव विविधता है, जिसमें नीलगिरी चिलप्पन और स्टार-आइड बुश मेंढक जैसी स्थानिक प्रजातियाँ शामिल हैं।
3. वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 के अनुसार, नीलगिरी बायोस्फीयर रिज़र्व का प्रबंधन विशेष रूप से वन विभाग द्वारा किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**10. COP29 में मीथेन पर फोकस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मीथेन में ग्लोबल वार्मिंग की उच्च क्षमता है, विशेष रूप से अल्पावधि में, जिससे यह तत्काल जलवायु कार्रवाई के लिये एक महत्त्वपूर्ण लक्ष्य बन जाता है।
2. भारत ने अर्थव्यवस्था-व्यापी मीथेन न्यूनीकरण लक्ष्यों के सबंध में चिंताओं के कारण वैश्विक मीथेन प्रतिज्ञा पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं।
3. भारत का कृषि क्षेत्र, विशेषकर चावल की खेती और पशुधन, इसके मीथेन उत्सर्जन का प्राथमिक स्रोत है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**11. भारत-ईरान संबंध के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत और ईरान ने चाबहार बंदरगाह को संचालित करने के लिये वर्ष 2024 में 10 वर्ष के अनुबंध पर हस्ताक्षर किये, जो होर्मुज जलडमरूमध्य को दरकिनार करके भारत के व्यापार को रणनीतिक रूप से लाभान्वित करेगा।
2. ईरान वैश्विक स्तर पर प्राकृतिक गैस और तेल भंडार का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत है, जो भारत की ऊर्जा मांगों को पूरा करने में आवश्यक भूमिका निभा सकता है।

3. ईरान ने हाल ही में आधुनिक हथियार प्लेटफॉर्म विकसित किये हैं और भारत को अपने रक्षा क्षेत्र की सहायता के लिये सशस्त्र ड्रोन की आपूर्ति शुरू कर दी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 3
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

**12. भारत में वर्तमान डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (DAP) की कमी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. DAP की कमी का कारण खराब अग्रिम योजना है, जिसमें रबी सीजन की शुरुआत में अनुशंसित स्टॉक स्तर से बहुत कम स्टॉक है।
2. मूल्य नियंत्रण ने कंपनियों के लिये DAP आयात करना आर्थिक रूप से अव्यवहारिक बना दिया है, जिससे आपूर्ति में कमी आई है।
3. सरकार ने किसानों के लिये प्रति एकड़ भुगतान प्रणाली लागू की है, जो प्रत्येक फसल सीजन में आवश्यक पोषक तत्त्वों की खरीद के लिये सब्सिडी प्रदान करती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**13. हैजा के इलाज में ओरल रिहाइड्रेशन थेरेपी (ORT) के सबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ORT का घोल घर में आसानी से तैयार किया जा सकता है, जिससे यह निर्जलीकरण के लिये सबसे सुलभ और लागत प्रभावी उपचारों में से एक बन जाता है।
2. ORT को विश्व स्तर पर हैजा के पूर्ण उन्मूलन के लिये सबसे प्रभावी उपचार के रूप में मान्यता दी गई है, जिससे कई क्षेत्रों में इस रोग का उन्मूलन हो गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**14. विनिर्माण में भारत की आर्थिक चुनौतियों और अवसरों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के श्रम बल वितरण से पता चलता है कि अधिकांश लोग विनिर्माण क्षेत्र में कार्यरत हैं, उसके बाद कृषि और सेवा क्षेत्र का स्थान आता है।
2. विनियामक बाधाएँ और अत्यधिक अनुपालन आवश्यकताएँ भारत में छोटी कंपनियों के विकास में प्रमुख बाधाएँ हैं।
3. हाल के सुधारों और निवेशों के कारण भारत में बुनियादी ढाँचे और कौशल की कमी गंभीर मुद्दों से प्रबंधनीय चुनौतियों में बदल गई है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**15. निकट पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिये संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (UNRWA) पर इजरायल के हालिया प्रतिबंध के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UNRWA कमजोर समुदायों को, विशेष रूप से गाजा और पश्चिमी तट जैसे क्षेत्रों में, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और रोज़गार जैसी महत्त्वपूर्ण सेवाएँ प्रदान करता है।
2. यह प्रतिबंध मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा (यूडीएचआर) और जिनेवा सम्मेलनों सहित अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के पूर्णत: अनुरूप है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**16. आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY) योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दिल्ली और पश्चिम बंगाल ही ऐसे राज्य हैं जिन्होंने बेहतर स्वास्थ्य योजनाओं का हवाला देते हुए पीएम-जेएवाई से बाहर रहने का विकल्प चुना है।
2. इस योजना से बाह्य-रोगी परामर्श सहित सभी चिकित्सा उपचारों के लिये जेब से किये जाने वाले (ओओपी) चिकित्सा व्यय में उल्लेखनीय कमी आई है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**17. क्षय रोग (TB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. TB एक वायरल संक्रमण है जो ह्यूमन हर्पीज वायरस के कारण होता है।
2. TB मुख्यत: फेफड़ों को प्रभावित करता है, लेकिन यह रीढ़, लिम्फ नोड्स और मस्तिष्क जैसे अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकता है।
3. भारत में पिछले कुछ वर्षों में TB के मामलों में गिरावट दर्ज की गई है, जो वैश्विक गिरावट दर से कम है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**18. प्रतिबंधों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आर्थिक प्रतिबंध दो संस्थाओं के बीच आर्थिक संबंधों को प्रतिबंधित करने या पूरी तरह से समाप्त करने के लिये लगाए जाते हैं।
2. प्रतिबंध सदैव प्रतिबंधित देश की अर्थव्यवस्था के लिये हानिकारक होते हैं, जिससे महत्त्वपूर्ण आर्थिक पतन होता है।
3. प्रतिबंध केवल व्यक्तिगत देशों द्वारा ही लगाए जा सकते हैं, संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा नहीं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**19. स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टरों (SMR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SMR उन्नत परमाणु रिएक्टर हैं जिनकी विद्युत उत्पादन क्षमता सामान्यत: 30 मेगावाट से लेकर 300 मेगावाट से अधिक तक होती है।
2. SMR में "मॉड्यूलर" शब्द का तात्पर्य चरण-दर-चरण दृष्टिकोण का उपयोग करके उन्हें साइट पर निर्मित करने की क्षमता से है।
3. SMR परमाणु विखंडन का उपयोग विद्युत् उत्पादन और प्रत्यक्ष औद्योगिक अनुप्रयोगों दोनों के लिये कर सकते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**20. कार्बन सिंक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रभावी कार्बन सिंक कार्बन डाइऑक्साइड से निपट सकते हैं और सल्फर डाइऑक्साइड को भी महत्त्वपूर्ण रूप से कम कर सकते हैं।
2. प्राकृतिक कार्बन सिंक में वन और स्वच्छ जल निकाय शामिल हैं। कार्बन सिंक शहरी गर्मी को कम करने में अप्रभावी हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**21. जलवायु परिवर्तन से निपटने के वैश्विक प्रयासों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका लक्ष्य तापमान में वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर की तुलना में 2°C, बेहतर होगा कि 1.5°C, से नीचे रखना है।
2. वर्ष 2016 के पेरिस समझौते के तहत सदस्य देशों को वर्ष 2025 से पहले एक नए सामूहिक परिमाणित लक्ष्य (NCQG) पर निर्णय लेना होगा, जिसका आधार मूल्य 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**22. भारत में फिनटेक के लिये स्व-नियामक संगठन ( SRO-FT ) की भूमिका के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SRO-FT अपने सदस्यों के लिये बाज़ार आचरण, प्रशासन, जोखिम प्रबंधन और साइबर सुरक्षा पर आधारभूत मानक विकसित करेगा।
2. SRO-FT अनैतिक प्रथाओं की निगरानी करने और फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिये एक निगरानी संस्था के रूप में कार्य करेगा।
3. भारत में कार्यरत सभी फिनटेक के लिये SRO-FT सदस्यता अनिवार्य है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**23. जैव विविधता पर सम्मेलन के पक्षकारों के सम्मेलन ( COP 16 ) की 16वीं बैठक कहाँ आयोजित की गई ?**

A. नैरोबी, केन्या
B. कुनमिंग, चीन
C. कैली, कोलंबिया
D. इनमें से कोई भी नहीं

**24. भारत में नियामक एजेंसियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) की स्थापना वर्ष 1988 में निवेशकों के हितों की रक्षा और प्रतिभूति बाज़ार को विनियमित करने के लिये एक वैधानिक निकाय के रूप में की गई थी।
2. द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग (ARC) ने सिफारिश की थी कि भारत में सभी नियामक एजेंसियों को संबंधित संसदीय स्थायी समितियों के अधिकार क्षेत्र में लाया जाए।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**25. अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन ( ANRF ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ANRF का उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी और सामाजिक विज्ञान सहित विभिन्न विषयों में अनुसंधान और नवाचार को वित्तपोषित करके भारत के अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को मज़बूत करना है।
2. ANRF पूरी तरह से भारत में सरकारी संस्थानों में अनुसंधान परियोजनाओं को वित्तपोषित करने पर केंद्रित है।
3. ANRF के तहत फाउंडेशन की भागीदारी त्वरित नवाचार और अनुसंधान (PAIR) कार्यक्रम भारतीय शिक्षण और अनुसंधान संस्थानों के बीच सहयोगी परियोजनाओं को प्रोत्साहित करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**26. भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ( UIDAI ) विनियमों के सबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UIDAI कानून प्रवर्तन एजेंसियों को अज्ञात मृत व्यक्तियों की पहचान करने में मदद के लिये फिंगरप्रिंट और आईरिस स्कैन जैसी मुख्य बायोमेट्रिक जानकारी तक पहुँच प्रदान करता है।
2. आधार अधिनियम, 2016 उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के स्तर से नीचे के न्यायालय के आदेश के माध्यम से सीमित डेटा प्रकटीकरण की अनुमति देता है।
3. अप्राकृतिक मृत्यु के मामलों में, आधार अधिनियम के तहत अज्ञात शवों की पहचान के लिये पुलिस को कोर बायोमेट्रिक डेटा तक पहुँच प्रदान करने के लिये उच्च न्यायालय के आदेश की आवश्यकता होती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

नोट :

27. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** वर्तमान UGC विनियम अंत:विषयक लचीलेपन की अनुमति देते हैं, जिससे विभिन्न शैक्षिक पृष्ठभूमि वाले संकाय सदस्यों को विभिन्न विषयों में शिक्षण पदों के लिये आवेदन करने में सुविधा होती है।

**कथन-II:** NEP 2020 संकाय भर्ती में अधिक लचीलेपन और स्वायत्तता का समर्थन करता है, उच्च शिक्षा संस्थानों को एक व्यापक मूल्यांकन दृष्टिकोण अपनाने के लिये प्रोत्साहित करता है जो पारंपरिक API मैट्रिक्स से परे विविध योगदानों को महत्त्व देता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

28. **जलवायु परिवर्तन के लिये निजी क्षेत्र के वित्तपोषण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विकासशील देशों को वर्ष 2030 तक जलवायु वित्त में लगभग 5.9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता होने की उम्मीद है, जिसका मुख्य कारण विकास के लिये जीवाश्म ईंधन पर उनकी निरंतर निर्भरता है।
2. निजी क्षेत्र के जलवायु वित्त ने मुख्य रूप से अनुकूलन के बजाय शमन पर ध्यान केंद्रित किया है, विशेष रूप से निम्न आय वाले देशों में।
3. अधिकांश निजी जलवायु वित्त पोषण कम जोखिम वाले देशों पर केंद्रित रहा है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

29. **भारत के रोज़गार परिदृश्य में संविदाकरण की प्रवृत्ति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के औपचारिक विनिर्माण क्षेत्र में ठेका श्रमिकों की हिस्सेदारी पिछले दो दशकों में तेज़ी से घटी है।
2. बिहार की तुलना में केरल में ठेका श्रमिक के रूप में कार्यरत औद्योगिक कार्यबल का हिस्सा काफी अधिक है।
3. भारत में अनुबंध श्रमिकों को नियमित श्रमिकों के समान ही नौकरी संबंधी लाभ और सुरक्षा प्राप्त होती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

30. **भारत में ड्रोन प्रौद्योगिकी के उपयोग और विकास के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कृषि, बुनियादी ढाँचे और शहरी नियोजन जैसे क्षेत्रों में प्रगति में तेज़ी लाने के लिये ड्रोन को कई सरकारी परियोजनाओं में एकीकृत किया जा रहा है।
2. 'ड्रोन दीदी' मिशन का उद्देश्य प्रशिक्षण और रोज़गार के अवसर प्रदान करके ड्रोन प्रौद्योगिकी के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाना है।
3. वर्तमान में भारत में छोटे ड्रोनों में प्रयुक्त सभी उड़ान नियंत्रक स्वदेशी रूप से निर्मित होते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

31. **मुक्त व्यापार समझौतों (FTA) के प्रति भारत के दृष्टिकोण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत सरकार ने हाल ही में अनपेक्षित रियायतों को रोकने और घरेलू उद्योगों को समर्थन देने के लिये FTA पर बातचीत से ब्रेक लेने का फैसला किया है।
2. पूर्वी एशियाई देशों के साथ भारत की FTA वार्ताओं के कारण पहले व्यापार असंतुलन की स्थिति बनी, आयात में वृद्धि हुई और भारत के लिये बाज़ार पहुँच लाभ नहीं मिल पाया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**32. "समुदाय के भौतिक संसाधनों" पर हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के निर्णय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है/हैं?**

1. निर्णय में स्पष्ट किया गया है कि सभी निजी संसाधनों को "समुदाय के भौतिक संसाधन" नहीं माना जा सकता।
2. यह निर्णय राज्य को निजी संपत्ति अर्जित करने की अप्रतिबंधित शक्ति प्रदान करता है, जब तक कि यह "पब्लिक गुड्स" के लिये हो।
3. न्यायालय ने "पब्लिक ट्रस्ट सिद्धांत" को समुदाय-लाभकारी संसाधनों की पहचान करने के सिद्धांत के रूप में समर्थन दिया गया था।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**33. वर्ष 2020 में हस्ताक्षरित अब्राहम समझौते में निम्नलिखित में से कौन-से देश शामिल थे?**

1. इजराइल
2. संयुक्त अरब अमीरात (UAE)
3. मिस्र
4. मोरक्को

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. 1, 2 और 4
B. 1, 2 और 3
C. 2, 3 और 4
D. 1, 3 और 4

**34. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 2036 ओलंपिक की मेज़बानी में भारत की रुचि का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. खेलों के मंच के माध्यम से विश्व स्तर पर अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ाना।
B. भविष्य में सभी ओलंपिक की मेज़बानी के लिये अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करना।
C. विश्व स्तर पर अपनी सॉफ्ट पावर और आर्थिक वृद्धि का प्रदर्शन करना।
D. चीन की वर्ष 2008 ओलंपिक रणनीति के साथ संरेखित करना।

**35. निजी संपत्ति के मामले में हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. निजी संपत्ति और राज्य शक्ति के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का उद्देश्य दोनों के बीच संतुलन स्पष्ट करना है।
2. न्यायालय ने निर्णय दिया कि निजी संपत्ति को सदैव "समुदाय का भौतिक संसाधन" माना जाएगा।
3. निर्णय में इस बात पर जोर दिया गया है कि राज्य को सीमाओं के भीतर कार्य करना चाहिये तथा संसाधनों के न्यायसंगत वितरण की दिशा में आगे बढ़ते हुए निजी संपत्ति के अधिकारों को बरकरार रखना चाहिये।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**36. हाल ही में वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट 2024 निम्नलिखित में से किसके द्वारा प्रकाशित की गई थी?**

A. विश्व बैंक
B. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
C. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD)
D. इनमे से कोई भी नहीं

**37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में 90% से अधिक शिक्षा ऋण का उपयोग देश के प्रमुख संस्थानों में अध्ययन के लिये किया जाता है।
2. पीएम विद्यालक्ष्मी योजना पारिवारिक आय की परवाह किये बिना छात्रों को ऋण स्थगन अवधि के दौरान पूर्ण ब्याज अनुदान प्रदान करती है।
3. प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना उच्च शिक्षा में आने वाली वित्तीय बाधाओं और भारत में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण संस्थानों की कमी, दोनों को दूर करती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**38. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना वर्ष 1935 में हुई थी और पिछले कुछ वर्षों में इसका विकास हुआ है, तथा अब यह वित्तीय स्थिरता और मूल्य स्थिरता दोनों ज़िम्मेदारियों में संतुलन स्थापित कर रहा है।

नोट :

2. मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण के लिये RBI का दृष्टिकोण हमेशा अन्य आर्थिक विकास उद्देश्यों की परवाह किये बिना केवल मुख्य मुद्रास्फीति को बनाए रखने पर केंद्रित रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**39. क्षय रोग (TB) के प्रबंधन में भारत की प्रगति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

1. पिछले आठ वर्षों में भारत में TB की घटनाओं में 50% की कमी आई है, जो वैश्विक औसत गिरावट दर से अधिक है।
2. TB के निदान और उपचार में सुधार के बावजूद, भारत द्वारा वर्ष 2025 तक TB उन्मूलन के अपने लक्ष्य को पूरा करना संभव नहीं है।
3. भारत के स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम का विस्तार पहले ही सभी TB रोगियों को कवर करने के लिये किया जा चुका है, जिनमें TB के बहु-औषधि प्रतिरोधी रूप वाले रोगी भी शामिल हैं।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**40. सिंधु जल संधि (IWT) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सिंधु जल संधि के तहत भारत को पश्चिमी नदियों पर मालिकाना अधिकार प्राप्त है, जबकि पाकिस्तान को पूर्वी नदियों पर मालिकाना अधिकार प्राप्त है।
2. अंतर्राष्ट्रीय जल कानून में "समान और उचित उपयोग" (ERU) के नियम का उपयोग सिंधु बेसिन में जल प्रवाह को प्रभावित करने वाले जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिये किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**41. भारत के नीति-निर्माण में चुनौतियों और सुधारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. परिवर्तन के प्रति प्रतिरोध तथा जड़ जमाए हुए पारंपरिक तरीकों को प्राथमिकता दिये जाने के कारण भारत की नीति निर्माण प्रक्रिया में अक्सर देरी होती है, जिससे इसकी प्रभावशीलता प्रभावित हो सकती है।
2. संविधान द्वारा निर्धारित सामूहिक निर्णय लेने की मानकीकृत प्रक्रिया के कारण भारत में अंतर-मंत्रालयी विवादों का समाधान आसानी से हो जाता है।
3. डिजिटल प्रौद्योगिकियों और AI का लाभ उठाने से दक्षता, डेटा-संचालित निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि हो सकती है, तथा सार्वजनिक नीति में पारदर्शिता में सुधार हो सकता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के विकसित भारत@2047 विजन का उद्देश्य देश की आर्थिक स्थिति को महत्त्वपूर्ण रूप से बढ़ाना तथा समान विकास को समर्थन देने के लिये प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाना है।
2. राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (NICDP) भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र में बदलने के लिये स्मार्ट बुनियादी ढाँचे के साथ औद्योगिक शहरों के निर्माण पर केंद्रित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**43. इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 हाल ही में निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की गई?**

A. संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA)
B. पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया
C. विश्व बैंक
D. विश्व स्वास्थ्य संगठन

नोट :

**44. भारतीय रिज़र्व बैंक की जलवायु जोखिम सूचना प्रणाली (RB-CRIS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. RB-CRIS संसाधित, मानकीकृत जलवायु डेटा का एक केंद्रीकृत भंडार प्रदान करता है, जिससे बैंकों को जलवायु जोखिम को अपने वित्तीय पर्यवेक्षण और जोखिम प्रबंधन में एकीकृत करने में मदद मिलती है।
2. RB-CRIS भारतीय बैंकों को परिदृश्य विश्लेषण और तनाव परीक्षण करने की अनुमति देगा, जिससे वे अपने ऋण पोर्टफोलियो पर जलवायु प्रभाव का बेहतर आकलन कर सकेंगे।
3. इस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य बैंकों के लिये सभी कार्बन-गहन उद्योगों को ऋण देने में कमी लाने हेतु मानक निर्धारित करके विनियामक निरीक्षण प्रदान करना है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**45. जलवायु वित्त के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UNFCCC, COP29 का उद्देश्य वैश्विक दक्षिण के लिये बेहतर जलवायु वित्तपोषण को सुरक्षित करना है, वैश्विक उत्तर और दक्षिण के बीच प्रतिकूल वार्ता के बजाय सहयोग पर जोर देना है।
2. जलवायु संबंधी परियोजनाओं हेतु पूंजी की लागत विकासशील देशों में अधिक है, जिससे वैश्विक दक्षिण के लिये किफायती वित्त तक पहुँचना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।
3. निवेश आकर्षित करने के लिये, वैश्विक दक्षिण देश कर छूट, राजस्व-साझाकरण और हरित क्षेत्रों के लिये समग्र मांग जैसे विकल्पों की खोज कर रहे हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**46. क्षेत्रीय असमानता और आर्थिक विकास के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राज्य के हस्तक्षेप के बावजूद, भारतीय राज्यों के बीच असमानताएँ बढ़ी हैं, तथा बिहार के आर्थिक संकेतक सबसे कम हैं।
2. मालभाड़ा समानीकरण योजना और हरित क्रांति जैसी ऐतिहासिक नीतियों ने क्षेत्रीय असमानताओं को पूरी तरह से समाप्त करने में योगदान दिया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**47. रेपो दर पर भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के रुख और अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. RBI ने अत्यधिक उधार और धन सृजन को हतोत्साहित करके गैर-खाद्य, गैर-ईंधन मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिये उच्च ब्याज दरें बरकरार रखी हैं।
2. रेपो दर में कमी से घरेलू जमा राशि का अधिक हिस्सा शेयरों में स्थानांतरित हो सकता है, जिससे बैंकों की परिसंपत्ति-देयता असंतुलन की स्थिति और भी खराब हो सकती है।
3. शेयर बाज़ार की अस्थिरता का RBI के ब्याज दरों और मुद्रास्फीति नियंत्रण संबंधी निर्णय लेने पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**48. उत्तर प्रदेश मदरसा अधिनियम, 2004 पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसने कहा कि किसी संवैधानिक संशोधन की वैधता की जाँच के लिये मूल ढाँचे के सिद्धांत को लागू किया जाना चाहिये, न कि किसी साधारण कानून को।
2. किसी सामान्य कानून का परीक्षण करते समय न्यायालयों को केवल विधायी क्षमता और मौलिक अधिकारों के साथ संगति को देखना चाहिये।

नोट :

3. इसने आगे कहा कि धार्मिक संस्था को अपने मामलों का प्रबंधन करने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है जिसे किसी भी कानून द्वारा कम नहीं किया जा सकता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**49. मूसी नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मूसी नदी भारतीय राज्य तेलंगाना के हैदराबाद शहर से होकर बहती है।
2. यह नदी गोदावरी नदी की एक सहायक नदी है।
3. मूसी नदी का उद्गम महाराष्ट्र राज्य में होती है और दक्षिण की ओर तेलंगाना में बहती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**50. ब्रिक्स समूह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ब्रिक्स में शुरू में चार देश शामिल थे, और वर्ष 2011 में दक्षिण अफ्रीका पाँचवें सदस्य के रूप में इसमें शामिल हुआ।
2. हाल ही में इस समूह का विस्तार हुआ है और इसमें सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सहित पाँच नए सदस्य शामिल हुए हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**51. वैश्विक शीतलन प्रयासों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विलमिंग्टन घोषणापत्र क्वाड राष्ट्रों द्वारा जारी किया गया था, जिसका ध्यान उच्च दक्षता वाली शीतलन प्रणालियों और सतत् ऊर्जा समाधानों पर केंद्रित था।
2. भारत ने किगाली संशोधन के तहत 2047 तक हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (HFC) को 85% तक कम करने की प्रतिबद्धता जताई है।
3. COP28 में प्रस्तुत वैश्विक शीतलन प्रतिज्ञा, 2050 तक शीतलन उत्सर्जन को 68% तक कम करने की एक बाध्यकारी प्रतिबद्धता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**52. क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. RCEP एक व्यापार समझौता है जिसमें 10 आसियान देश और पाँच अन्य प्रमुख मुक्त व्यापार समझौता (FTA) भागीदार शामिल हैं।
2. RCEP का उद्देश्य सभी शुल्कों को पूरी तरह समाप्त करके तथा बाज़ार पहुँच को बढ़ाकर सदस्य देशों के बीच आसान व्यापार और निवेश को सुविधाजनक बनाना है।
3. RCEP वर्तमान में सकल घरेलू उत्पाद, जनसंख्या और कुल निर्यात मूल्य के आधार पर विश्व का सबसे छोटा मुक्त व्यापार समझौता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**53. भारत की सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) में चुनौतियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्तमान में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण का लाभ 50% से अधिक जनसंख्या को मिल रहा है।
2. सार्वजनिक वितरण प्रणाली में आवंटित चावल और गेहूँ का लगभग एक-चौथाई हिस्सा लक्षित लाभार्थियों तक नहीं पहुँच पाता, जिसके परिणामस्वरूप प्रतिवर्ष काफी आर्थिक नुकसान होता है।

नोट :

3. उचित मूल्य की दुकानों पर प्वाइंट ऑफ सेल (PoS) मशीनों के क्रियान्वयन से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में लीकेज पूरी तरह समाप्त हो गई है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**54. भारत में वैकल्पिक विवाद समाधान (ADR) के मुद्दों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) में गिरावट आंशिक रूप से घरेलू न्यायिक प्रणाली में देरी और अकुशलता के कारण है।
2. भारत की वाणिज्यिक न्यायालय में देरी और बार-बार अस्थायी अदालती आदेश जारी करने के कारण निवेशकों की अपेक्षाओं पूरी नहीं हो पाई हैं।
3. GIFT सिटी जैसे स्थानों पर विश्व स्तरीय मध्यस्थता केंद्र स्थापित करने से विदेशी मध्यस्थता केंद्रों पर भारत की निर्भरता कम हो सकती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. देखभाल पर केंद्रित अर्थव्यवस्था, आशा, आँगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं सहित कम वेतन पाने वाले देखभाल कर्मियों के लिये उचित वेतन और सामाजिक सुरक्षा लाभ बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगी।
2. देखभाल-केंद्रित आर्थिक सुधारों से सार्वजनिक और निजी सहायता प्रणालियों में वृद्धि होगी, वृद्धजनों के लिये सामाजिक पेंशन और बेहतर बाल देखभाल बुनियादी ढाँचा उपलब्ध होगा।
3. देखभाल-केंद्रित दृष्टिकोण शैक्षिक बदलाव को बढ़ावा देगा तथा पुरुषों और महिलाओं दोनों को प्रतिस्पर्द्धा की तुलना में देखभाल कौशल एवं सहानुभूति को महत्त्व देने के लिये प्रोत्साहित करेगा।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की हालिया स्थिरता मुख्य रूप से प्राकृतिक बाज़ार शक्तियों द्वारा प्रेरित है, जो यूरो-डॉलर विनिमय दर की स्थिरता के समान है।
2. RBI के हालिया नीतिगत बदलाव में रुपए के मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि या अवमूल्यन को रोकने के लिये विदेशी मुद्रा बाज़ार के दोनों पक्षों पर सक्रिय हस्तक्षेप शामिल है।
3. पारदर्शिता के बिना एक निश्चित विनिमय दर बनाए रखने से निजी क्षेत्र के प्रतिभागियों के बीच केंद्रीय बैंक की हस्तक्षेप नीतियों के संबंध में भ्रम पैदा हो सकता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**57. भारत में अल्पसंख्यक संस्थान के चरित्र की पहचान करने के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सर्वोच्च न्यायालय ने इस तर्क पर ज़ोर दिया कि किसी संस्थान का अल्पसंख्यक चरित्र उसके संस्थापक, उद्देश्य और प्रशासनिक ढाँचे जैसे कारकों से निर्धारित होता है।
2. निर्णय में कहा गया है कि कानून के माध्यम से स्थापित विश्वविद्यालय स्वत: ही अपना अल्पसंख्यक चरित्र खो देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**58. भारत में राज्य की उधार लेने की शक्तियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 293 राज्य सरकारों को केंद्र की सहमति के साथ उधार लेने की शक्ति देता है, यदि केंद्र से लिया गया पिछला ऋण अभी भी बकाया है।

नोट :

2. भारत सरकार अधिनियम 1935 की धारा 163, जो ऋण अनुमोदन पर अनावश्यक देरी या शर्तों को रोकती है, उसे भारतीय संविधान में शामिल किया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**59. भारत के कार्बन क्रेडिट तंत्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का कार्बन क्रेडिट बाज़ार पेरिस समझौते के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं के अनुरूप है और इसका उद्देश्य अपने आर्थिक लक्ष्यों का समर्थन करना है।
2. कार्बन क्रेडिट प्रणाली में ग्रीनवाशिंग को रोकने और परियोजनाओं में वास्तविक अतिरिक्तता सुनिश्चित करने के लिये मज़बूत प्रोटोकॉल शामिल होने चाहिये।
3. पेरिस समझौते के अनुच्छेद 6 में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हस्तांतरित कार्बन क्रेडिट के लिये कोई अनुपालन तंत्र शामिल नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जनसांख्यिकीय लाभांश से तात्पर्य उस आर्थिक विकास लाभ से है जो तब उत्पन्न होता है जब जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा कार्यशील आयु वर्ग में होता है।
2. भारत की कुल प्रजनन दर (TFR) अनुमान से अधिक तेज़ी से घट रही है तथा अधिकांश राज्य अब प्रतिस्थापन स्तर की प्रजनन दर से नीचे आ गए हैं।
3. कृषि जैसे कम उत्पादकता वाले क्षेत्रों से कार्यबल को विनिर्माण और सेवाओं में स्थानांतरित करना ऐतिहासिक रूप से आर्थिक विकास का एक सिद्ध मार्ग रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**61. जलवायु कार्रवाई के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. COP29 में हानि एवं क्षति कोष के विस्तार पर चर्चा शामिल होगी, जिसे आरंभ में COP27 में कमज़ोर देशों पर जलवायु प्रभावों से निपटने के लिये स्थापित किया गया था।
2. संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ ने प्रस्ताव दिया है कि चीन और भारत जैसी बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाएँ भी जलवायु लक्ष्यों के लिये वित्तीय योगदान दें।
3. भारत जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने और ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने के लिये घरेलू जलवायु कार्यों को प्राथमिकता दे रहा है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**62. भारत में परमाणु ऊर्जा नीति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के परमाणु क्षति के लिये नागरिक दायित्व अधिनियम (CLND अधिनियम), 2010 ने देयता संबंधी चिंताओं के कारण विदेशी आपूर्तिकर्त्ताओं की रुचि को सीमित कर दिया है।
2. भारत में नीतिगत ढाँचे का उद्देश्य परमाणु रिएक्टर खरीद के बारे में निर्णय लेने का अधिकार मुख्य रूप से निजी क्षेत्र की कंपनियों के हाथों में रखना है।
3. परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भारतीय राज्य की प्राथमिक भूमिका निजी कम्पनियों के स्वामित्व वाले परमाणु रिएक्टरों के प्रत्यक्ष नियंत्रक के रूप में कार्य करना है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**63. भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSU) के लिये मध्यस्थता खंडों पर सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अब निजी ठेकेदारों के साथ विवादों के लिये एकतरफा मध्यस्थ नियुक्त नहीं कर सकते, क्योंकि यह संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है।

नोट :

2. यह निर्णय पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू होगा तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और निजी निगमों के बीच सभी मौजूदा अनुबंधों को प्रभावित करेगा।
3. निर्णय में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिये तदर्थ प्रक्रियाओं के बजाय संस्थागत मध्यस्थता प्रक्रियाओं को अपनाने के लिये प्रोत्साहित किया गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**64. हाल के H5N1 बर्ड फ्लू घटनाक्रम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एवियन इन्फ्लूएंजा A(H5N1) एक अत्यधिक रोगजनक वायरस है जो मुख्य रूप से पक्षियों में फैलता है, लेकिन स्तनधारियों को भी संक्रमित कर सकता है।
2. फ्लू वायरस आनुवंशिक सामग्री का आदान-प्रदान कर सकते हैं, जिससे एक नए प्रकार का खतरा बढ़ जाता है जो मनुष्यों को अधिक प्रभावी ढंग से संक्रमित कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**65. देपसांग मैदान और डेमचोक के सामरिक महत्त्व के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. देपसांग मैदान अपने समतल भूभाग के कारण असुरक्षित है, जो मशीनी युद्ध के लिये उपयुक्त है और अक्साई चिन तक सीधी पहुँच प्रदान करता है।
2. डेमचोक पर नियंत्रण भारत को अक्साई चिन क्षेत्र में चीनी गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखने में सक्षम बनाता है।
3. देपसांग मैदानों पर PLA का नियंत्रण सियाचिन ग्लेशियर पर भारत की स्थिति के लिये संकट बन सकता है, खासकर अगर चीन और पाकिस्तान दोतरफा हमले का समन्वय करते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**66. भारत की कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना (CCTS) और जलवायु वित्त में इसकी भूमिका के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2022 कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना (CCTS) की स्थापना के लिये कानूनी अधिदेश प्रदान करता है।
2. उत्सर्जन में कमी की दोहरी गणना को रोकने के लिये CCTS पेरिस समझौते के अनुच्छेद 6, विशेष रूप से अनुच्छेद 6.2 के अनुरूप है।
3. स्वैच्छिक कार्बन बाज़ार अखंडता पहल (VCMI) ढाँचे को पारदर्शिता बढ़ाने के लिये प्रस्तुत किया गया है, लेकिन भारत में उच्च लागत और संभावित पारदर्शिता मुद्दों के कारण इसे चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**67. भारत में कैदियों के अधिकारों और वर्गीकरण पर सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णयों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सुकन्या शांता बनाम भारत संघ (2024) मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला दिया कि श्रम कर्तव्यों के आवंटन के लिये जाति के आधार पर जेल का पृथक्करण असंवैधानिक है।
2. सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय में मॉडल जेल मैनुअल 2016 में संशोधन करके जेलों में बुनियादी सुविधाएँ शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**68. भारत के दूरसंचार क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दूरसंचार कंपनियाँ 6 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी पर जोर दे रही हैं, उनका दावा है कि यह 5जी और 6G सेवाओं के लिये आवश्यक है, जबकि वे किफायती और सुलभ वाई-फाई के इसके इच्छित उद्देश्य की अनदेखी कर रही हैं।
2. सार्वजनिक वाई-फाई पहल PM-WANI को सरकार और ट्राई के समर्थन के बावजूद दूरसंचार कंपनियों से प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**69. भारत के जहाज़ निर्माण उद्योग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जहाज़ निर्माण में वैश्विक बाज़ार में भारत की हिस्सेदारी 1% से भी कम है।
2. भारत में जहाज़ों को वर्तमान में बुनियादी ढाँचे के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है, जिससे जहाज़ निर्माताओं को दीर्घकालिक वित्तपोषण प्राप्त करने में बाधा उत्पन्न हो रही है।
3. SARFAESI अधिनियम, 2002 जहाज़ों को परिसंपत्ति के रूप में बंधक रखने से बाहर रखता है, जिससे जहाज़ खरीद के लिये बैंक वित्तपोषण में बाधा उत्पन्न होती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**70. भारत की व्यापार नीति और क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP) पर उसके रुख के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत ने वर्ष 2019 में RCEP से बाहर रहने का निर्णय लिया, जबकि RCEP देशों की वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी लगभग 30% है।
2. "चीन प्लस वन" रणनीति से तात्पर्य उन देशों से है जो चीनी वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाकर व्यापार में विविधता लाना चाहते हैं।
3. हाल की भू-राजनीतिक घटनाओं, जैसे कि महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध, ने आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान पैदा किया है और वैश्विक व्यापार नीतियों में संरक्षणवाद को बढ़ावा दिया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**71. पारिस्थितिक चुनौतियों का सामना कर रही प्रतिष्ठित झील, जो पर्यटन और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिये अपने महत्व के लिये जानी जाती है, कहाँ स्थित है?**

A. हिमाचल प्रदेश
B. उत्तराखंड
C. जम्मू और कश्मीर
D. सिक्किम

**72. दिवाला और दिवालियापन संहिता (IBC), 2016 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वित्तीय लेनदार (FC) मुख्य रूप से वित्तीय संस्थान हैं और उन्हें लेनदारों की समिति (CoC) का हिस्सा होने का अधिकार है, जिससे उन्हें दिवालियापन प्रक्रिया में निर्णय लेने की शक्तियाँ प्राप्त होती हैं।
2. ऑपरेशनल क्रेडिटर्स (OCs) क्रेडिट पर सामान और सेवाएँ प्रदान करने में शामिल होते हैं, लेकिन उनके पास CoC में मतदान का अधिकार नहीं होते हैं।
3. होमबॉयर्स को शुरू में ऑपरेशनल क्रेडिटर्स (OC) के रूप में वर्गीकृत किया गया था, लेकिन बाद में उन्हें दिवालियापन प्रक्रिया में प्रतिनिधित्व देने के लिये वित्तीय क्रेडिटर्स (FC) के रूप में पुनर्वर्गीकृत किया गया।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**73. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नीति आयोग की वर्ष 2024 में प्रकाशित होने वाली रिपोर्ट 'अनलॉकिंग द पॉवर ऑफ हेल्दी लॉन्गविटी' में गैर-संचारी रोगों (NCD) में वृद्धि पर प्रकाश डाला गया है।

नोट :

2. अनुमान है कि वर्ष 2030 तक भारत में होने वाली सभी मृत्यु में से तीन-चौथाई मृत्यु गैर-संचारी रोगों (NCD) के कारण होंगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**74. भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कॉरिडोर (IMEC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IMEC से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपने पूर्वी और पश्चिमी नोड्स के बीच पारगमन समय को स्वेज़ नहर के माध्यम से परिवहन की तुलना में 40% और लागत को 30% तक कम कर देगी।
2. इज़राइल-फिलिस्तीन संघर्ष के बढ़ने से कॉरिडोर की प्रगति पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**75. विकासशील देशों के लिये जलवायु वित्त के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विकसित देशों ने जलवायु वित्त के साथ विकासशील देशों की सहायता के लिये 2020 तक प्रतिवर्ष 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है, यह लक्ष्य पहली बार वर्ष 2022 में पूरा किया गया।
2. जलवायु परिवर्तन से संबंधित नुकसान और क्षति के लिये कमज़ोर देशों को मुआवजा देने के लिये COP28 में हानि तथा क्षति कोष (L&D फंड) की स्थापना की गई थी।
3. विकासशील देशों में वर्ष 2050 तक जलवायु परिवर्तन से संबंधित नुकसान और क्षति की अनुमानित आर्थिक लागत प्रतिवर्ष 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से 1.8 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के बीच पहुँचने का अनुमान है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**76. भारत-म्याँमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग (IMT-TH) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IMT-TH परियोजना के पूरा हो जाने पर, मलक्का जलडमरूमध्य के माध्यम से समुद्री मार्ग को दरकिनार करते हुए, भारत और थाईलैंड के बीच सीधा स्थलीय संपर्क स्थापित हो जाएगा।
2. IMT-TH परियोजना भारत की "एक्ट ईस्ट" नीति के अनुरूप है, जो थाईलैंड और म्याँमार सहित आसियान देशों के साथ भारत की कनेक्टिविटी और व्यापार को बढ़ाएगी।
3. IMT-TH से आसियान क्षेत्र के लिये अधिक प्रत्यक्ष व्यापार मार्ग उपलब्ध कराकर दक्षिण-पूर्व एशियाई बाज़ार तक पहुँच के लिये चीनी बुनियादी ढाँचे पर भारत की निर्भरता कम होने की उम्मीद है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**77. मुद्रास्फीति के प्रकार और कारणों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लागत-प्रेरित मुद्रास्फीति तब होती है जब वस्तुओं और सेवाओं की उपभोक्ता मांग उनकी आपूर्ति से अधिक हो जाती है, जो अक्सर तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में उच्च उपभोक्ता खर्च के कारण होती है।
2. मांग-प्रेरित मुद्रास्फीति उत्पादन लागत में वृद्धि के परिणामस्वरूप होती है, जिसमें मज़दूरी में वृद्धि, कच्चे माल की उच्च लागत, या आपूर्ति शृंखला में व्यवधान जैसे कारक शामिल हो सकते हैं।
3. अंतर्निहित मुद्रास्फीति तब होती है जब उच्च मज़दूरी के कारण उत्पादन लागत बढ़ जाती है, जिसके कारण व्यवसाय को कीमतें बढ़ानी पड़ती हैं, जिससे मज़दूरी और कीमतों में वृद्धि का फीडबैक लूप तैयार हो जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**78. भारत में दिवाला और दिवालियापन संहिता (IBC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:**

IBC में परंपरागत रूप से ऋणदाताओं को भारी नुकसान उठाना पड़ता है, तथा शुरुआती मामलों में ऋणदाताओं को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

**कथन-II:**

IBC के अंतर्गत हाल के मामले ऋणदाताओं के लिये अधिक अनुकूल वसूली की ओर बदलाव को दर्शाते हैं, जिनमें ऐसे मामले भी शामिल हैं जहाँ वसूली स्वीकृत दावों से अधिक हो गई है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**79. सतत् और लचीले ऊर्जा परिवर्तन के प्रति भारत के दृष्टिकोण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का लक्ष्य केंद्रीकृत ऊर्जा प्रणालियों से विकेंद्रीकृत प्रणालियों की ओर स्थानांतरित होना है, जिसमें वितरित नवीकरणीय ऊर्जा (DRE) स्रोतों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।
2. भारत के लिये चक्रीय अर्थव्यवस्था पर जोर देना महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इससे अपशिष्ट से मूल्यवान सामग्री बचाकर खनिज सुरक्षा को बढ़ाया जा सकता है।
3. भारत के ऊर्जा संक्रमण दृष्टिकोण में अमेरिका और यूरोपीय संघ के समान संरक्षणवादी औद्योगिक नीतियों की ओर बदलाव शामिल है, ताकि आत्मनिर्भर स्वच्छ ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला बनाई जा सके।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**80. भारत में संपत्तियों के विध्वंस पर हाल के सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि बिना उचित प्रक्रिया के अपराध के आरोपी व्यक्तियों की संपत्ति को ध्वस्त करना मौलिक अधिकारों और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है।
2. नये दिशानिर्देशों के तहत, अनधिकृत ध्वस्तीकरण के लिये ज़िम्मेदार अधिकारियों को ध्वस्त संपत्तियों की वसूली के लिये व्यक्तिगत रूप से जवाबदेह ठहराया जा सकता है।
3. न्यायालय के निर्देश सार्वभौमिक रूप से लागू होते हैं, जिनमें सड़कों और फुटपाथों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर स्थित अनधिकृत संरचनाएँ भी शामिल हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**81. भारत में परिसीमन के मुद्दे के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में परिसीमन में संविधान के अनुच्छेद 280 के अनुसार जनसंख्या के आधार पर प्रत्येक राज्य में लोकसभा सीटों की संख्या का पुनर्निर्धारण शामिल है।
2. यदि परिसीमन आगे बढ़ता है, तो इससे गैर-हिंदी भाषी राज्यों की सीटों की संख्या कम हो सकती है, जिन्होंने जनसंख्या वृद्धि को सफलतापूर्वक नियंत्रित किया है।

**निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**82. कार्डियोवैस्कुलर किडनी मेटाबोलिक (CKM) सिंड्रोम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CKM सिंड्रोम एक जटिल स्थिति है जिसमें जीवनशैली कारकों और स्वास्थ्य पर वैश्वीकरण के प्रभाव की परस्पर क्रिया शामिल है, जो वैश्विक स्वास्थ्य संकट में योगदान दे रही है।

नोट :

2. CKM सिंड्रोम अक्सर शरीर के वजन और कमर की परिधि में क्रमिक वृद्धि के साथ शुरू होता है, जो मोटापे और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का कारण बन सकता है।
3. CKM सिंड्रोम मुख्य रूप से हृदय, गुर्दे, यकृत और रक्त वाहिकाओं को प्रभावित करता है, जिससे प्रभावित व्यक्तियों में असमय मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**83. भारत में विदेशी निवेश के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत की घरेलू बचत इसकी वृद्धि के लिये पर्याप्त नहीं है, जिसके कारण विभिन्न रूपों में विदेशी पूंजी का आयात आवश्यक हो गया है।
2. विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) की तुलना में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) को भारत की अर्थव्यवस्था के लिये अधिक स्थिर और लाभदायक माना जाता है।
3. किसी भारतीय कंपनी में 10% से अधिक हिस्सेदारी रखने वाले FPI को सरकारी अनुमोदन या निवेशित कंपनी की सहमति की आवश्यकता के बिना, स्वचालित रूप से एफडीआई के रूप में पुनर्वर्गीकृत कर दिया जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**84. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) के लिये हाल के उपायों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सरकार ने चालू वित्त वर्ष में MSME के लिये ऋण देने का लक्ष्य बढ़ा दिया है तथा आगामी वर्षों में इसमें और वृद्धि की योजना है।
2. एक नई ऋण गारंटी योजना MSME को उनकी विनिर्माण और निर्यात क्षमता बढ़ाने के लिये संपार्श्विक-मुक्त और गारंटर-मुक्त ऋण प्रदान करेगी।
3. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (PSB) के मुद्रा ऋणों पर गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (NPA) में पिछले कुछ वर्षों में सुधार हुआ है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**85. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GST परिषद सहकारी संघवाद का एक उदाहरण है, जहाँ केंद्र और राज्य करों में सामंजस्य स्थापित करने पर सहमत हुए हैं, तथा राज्यों को राजस्व घाटे की भरपाई के लिये मुआवजा प्रदान किया गया है।
2. भारत में प्रतिस्पर्द्धात्मक संघवाद राज्यों के बीच दक्षता में वृद्धि को बढ़ावा देता है, लेकिन निष्पक्षता और स्थिरता बनाए रखने के लिये सहभागिता के नियमों तथा संघर्ष समाधान तंत्र की आवश्यकता होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**86. भारतीय विमानन उद्योग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1990 में घोषित "ओपन स्काई पॉलिसी" के कारण भारत में अनेक एयरलाइंस कंपनियाँ आईं, जिनमें से अनेक ने उद्योग चुनौतियों के कारण अंततः परिचालन बंद कर दिया या विलय कर लिया।
2. भारतीय विमानन उद्योग वर्तमान में कम ऋण स्तर के साथ एक स्थिर वित्तीय परिदृश्य का सामना कर रहा है।
3. इंडिगो, जिसने वर्ष 2006 में परिचालन शुरू किया था, अब घरेलू बाज़ार के आधे से अधिक हिस्से पर अपना प्रभुत्व स्थापित कर लिया है और उसने बड़ी संख्या में नए विमानों के लिये ऑर्डर दिये हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

नोट :

**87. कार्बन बाज़ार और उत्सर्जन में कमी के प्रति भारत के दृष्टिकोण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय कार्बन बाज़ार को कार्बन-क्रेडिट व्यापार प्रणाली के रूप में डिज़ाइन किया गया है, जहाँ उद्योगों को क्रमशः सख्त उत्सर्जन लक्ष्य दिये जाते हैं।
2. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की 'प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार' (PAT) योजना को भारतीय कार्बन बाज़ार द्वारा पूरी तरह से प्रतिस्थापित कर दिया जाएगा।
3. भारतीय कार्बन बाज़ार में ऋण मूल्यों को स्थिर करने के लिये फ्लोर और फोरबियरेंस मूल्यों का प्रस्ताव किया गया है, ताकि जुर्माने को व्यापार करने की नियमित लागत मानने के बजाय डीकार्बोनाइजेशन में निवेश को प्रोत्साहित किया जा सके।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**88. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:**
ग्रामीण मज़दूरी वृद्धि में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, तथा पिछले दशक में गैर-कृषि मज़दूरी में लगातार वृद्धि हुई है।

**कथन-II:**
संरचनात्मक परिवर्तन, जैसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर अधिक सरकारी व्यय और निम्न आय वर्ग के लिये आय वृद्धि को प्राथमिकता देना, दीर्घकालिक आर्थिक संकट से निपटने के लिये आवश्यक माने जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**89. गिनी की खाड़ी (GoG) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गिनी की खाड़ी प्राइम मेरिडियन और भूमध्य रेखा के जंक्शन पर स्थित है।
2. गिनी की खाड़ी समुद्री डकैती की कम गतिविधि के कारण समुद्री व्यापार के लिये विश्व के सबसे सुरक्षित क्षेत्रों में से एक है।
3. वोल्टा और नाइजर जैसी प्रमुख नदियाँ गिनी की खाड़ी में गिरती हैं।
4. गिनी की खाड़ी में विश्व के कुल पेट्रोलियम भंडार का 35% से अधिक हिस्सा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**90. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** 1.4 मिलियन से अधिक स्कूल होने के बावजूद, भारत में 14-18 वर्ष की आयु के आधे से अधिक बच्चे बुनियादी अंकगणित में संघर्ष करते हैं।

**कथन-II:** भारत के युवा एक महत्त्वपूर्ण वैश्विक जनसांख्यिकीय लाभ का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनकी औसत आयु 29 वर्ष है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**91. नगर निगम के वित्त के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हाल के वर्षों में नगर निगम के वित्त में स्वयं-स्रोत राजस्व की हिस्सेदारी में गिरावट आई है।
2. पार्किंग जैसी नगरपालिका सेवाओं के लिये गतिशील मूल्य निर्धारण नगरपालिका के वित्त में सुधार के लिये एक दीर्घकालिक समाधान है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**92. भारत में माइक्रोफाइनेंस ऋण देने के वर्तमान रुझान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बैंकों ने माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र को तेज़ी से ऋण देना शुरू कर दिया है, जिसका आंशिक कारण कॉर्पोरेट ऋण मांग में गिरावट तथा प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण लक्ष्य को पूरा करना है।
2. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने हाल ही में बैंकों को निर्देश दिया है कि वे उधारकर्त्ताओं को तब तक नए माइक्रोफाइनेंस ऋण जारी करना बंद कर दें, जब तक कि वे अपने पिछले ऋणों का भुगतान नहीं कर देते।
3. माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र में बढ़ती चूक समग्र बैंकिंग क्षेत्र और बड़ी अर्थव्यवस्था के लिये प्रणालीगत जोखिम पैदा कर सकती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**93. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पेरिस समझौते के अनुसार जलवायु वित्त पर नए सामूहिक परिमाणित लक्ष्य (NCQG) पर वर्ष 2025 से पहले निर्णय लिये जाने की उम्मीद है।
2. भारत सहित विकसित देशों ने जलवायु वित्त आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये एनसीक्यूजी के तहत 1-2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की प्रतिबद्धता की मांग की है।
3. ऋण साधनों के माध्यम से जलवायु वित्त तक पहुंच बनाना विकासशील देशों के लिये अपनी राजकोषीय चुनौतियों से निपटने के लिये एक व्यवहार्य विकल्प है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**94. वैधानिक नियामक प्राधिकरण (SRA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में सांविधिक विनियामक प्राधिकरणों (SRA) को प्रत्यक्ष संसदीय अनुमोदन के बिना अपने क्षेत्र में बाध्यकारी विनियम बनाने की शक्ति दी गई है।
2. SRA द्वारा जारी विनियमों की हमेशा अधीनस्थ विधान संबंधी संसदीय समितियों द्वारा जाँच की जाती है ताकि लोकतांत्रिक और संघीय सिद्धांतों के साथ संरेखण सुनिश्चित किया जा सके।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**95. उभरती बाज़ार अर्थव्यवस्थाओं (EME) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्रय शक्ति समता के आधार पर उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाएँ (EME) अब वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के आधे से अधिक के लिये ज़िम्मेदार हैं।
2. EME को विकास के साथ स्थिरता को संतुलित करने तथा औद्योगीकरण के बावजूद साझा समृद्धि बनाए रखने जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।
3. भारत में मोबाइल बैंकिंग और दक्षिण-पूर्व एशिया में डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसी तकनीकी प्रगति ने EME को पारंपरिक विकास पथ से आगे निकलने में सक्षम बनाया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**96. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भगवान बिरसा मुंडा एक प्रमुख नेता थे जिन्होंने 1890 के दशक के अंत में ब्रिटिश उत्पीड़न के खिलाफ "उलगुलान" या मुंडा विद्रोह का नेतृत्व किया था।
2. भारत सरकार आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को "जनजातीय गौरव दिवस" के रूप में मनाती है।
3. धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में आदिवासी युवाओं के लिये शिक्षा प्रणाली में सुधार पर केंद्रित है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

नोट :

**97. एशियाई हाथियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में विश्व की लगभग 60% एशियाई हाथियों की संख्या पाई जाती है।
2. हाथियों की गर्भावधि लगभग 22 महीने की होती है, जो किसी भी स्थलीय प्राणी की तुलना में सबसे लम्बी है।
3. भारतीय एशियाई हाथियों को IUCN रेड लिस्ट में लुप्तप्राय के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**98. बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व (BTR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह गुजरात में स्थित है और विंध्य पहाड़ियों पर विस्तृत है।
2. यह रॉयल बंगाल टाइगर्स के लिये जाना जाता है।
3. बांधवगढ़ में बाघों की आबादी का घनत्व भारत और विश्व में सर्वाधिक है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**99. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में बीमा की पहुँच गैर-जीवन बीमा की तुलना में जीवन बीमा की ओर अधिक है।
2. भारतीय बीमा क्षेत्र को उपभोक्ता विश्वास की कमी और प्रतिकूल दावा प्रक्रियाओं के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।
3. भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDAI) ने स्वास्थ्य बीमा दावों के लिये निर्धारित अवधि के भीतर "पूर्ण निपटान" की प्रणाली अनिवार्य कर दी है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**100. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हाल की नीतियों द्वारा कर का अधिक बोझ व्यक्तियों पर स्थानांतरित किये जाने से भारत में व्यक्तिगत आयकर, कर राजस्व का सबसे बड़ा स्रोत बन गया है।
2. अपेक्षानुसार कम कॉर्पोरेट कर दर से भारत में कॉर्पोरेट निवेश को काफी बढ़ावा मिला है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**101. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (EOS) डेटा का कृषि, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन एवं शहरी नियोजन सहित व्यापक अनुप्रयोग है।
2. भारत की EOS पहल सरकारी परियोजनाओं तक ही सीमित है इसमें निजी स्टार्टअप की कोई भागीदारी नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**102. ताँबे के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत परिष्कृत ताँबे का शुद्ध आयातक है जो इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन के साथ हरित ऊर्जा अवसंरचना हेतु महत्त्वपूर्ण है।
2. ताँबा प्रगलन से उप-उत्पाद के रूप में सल्फ्यूरिक एसिड उत्पन्न होता है जिसका उपयोग उर्वरक एवं बैटरी उत्पादन सहित विभिन्न उद्योगों में किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**103. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उपग्रह संचार सेवाएँ और स्थलीय नेटवर्क मुख्य रूप से सीधे प्रतिस्पर्धा करने के बजाय एक दूसरे के पूरक हैं।
2. भारत में उपग्रह सेवाओं के लिये स्पेक्ट्रम आवंटन हेतु नीलामी आधारित मूल्य निर्धारण की आवश्यकता होती है ताकि समान अवसर सुनिश्चित हो सके।

**नोट :**

3. स्थलीय नेटवर्क की तुलना में उपग्रह सेवाओं को मोबाइल हैंडसेट कनेक्टिविटी प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण तकनीकी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**104. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बिटकॉइन जैसी क्रिप्टोकरेंसी भारत में व्यापार और धारण करने के लिये वैध हैं, लेकिन उन्हें दैनिक लेन-देन के लिये वैध मुद्रा के रूप में मान्यता नहीं दी गई है।
2. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने लगातार भारतीय रुपए के बजाय क्रिप्टोकरेंसी को वैध मुद्रा के रूप में अपनाने का समर्थन किया है।
3. G20 नई दिल्ली लीडर्स घोषणापत्र 2023 ने क्रिप्टो-परिसंपत्तियों के लिये व्यापक प्रतिबंध के बजाय एक व्यापक विनियामक ढाँचे का समर्थन किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**105. सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (AFSPA), 1958 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अधिनियम सशस्त्र बलों को व्यापक शक्तियाँ प्रदान करता है।
2. जीवन रेड्डी आयोग ने मामूली संशोधनों के साथ AFSPA को जारी रखने की सिफारिश की थी।
3. द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग (ARC) ने 1958 के सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (AFSPA) को निरस्त करने की सिफारिश की।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**106. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. INDOEX अध्ययन द्वारा पहचाने गए हिंद महासागर के भूरे बादल मुख्य रूप से बायोमास और जीवाश्म ईंधन के जलने के कारण उत्पन्न हुए थे।
2. घरेलू ईंधन और पराली जलाने सहित बायोमास जलाना भारत के PM2.5 उत्सर्जन के आधे से अधिक के लिये ज़िम्मेदार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**107. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 355 भारत के राष्ट्रपति को यह अधिकार देता है कि यदि वह इस बात से संतुष्ट हो जाए कि किसी राज्य में संवैधानिक तंत्र विफल हो गया है, तो वह राज्यपाल की रिपोर्ट की प्रतीक्षा किये बिना कार्रवाई कर सकते हैं।
2. डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने संविधान सभा की बहस के दौरान संवैधानिक तंत्र में आई खराबी को दूर करने के लिये अनुच्छेद 356 की आवश्यकता बताई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**108. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** IndiaAI कार्यक्रम डेटा संरक्षण कानून द्वारा समर्थित डेटासेट का उपयोग करके सरकार के नेतृत्व वाले AI मॉडल बनाने पर केंद्रित है।

**कथन-II:** GovAI का लक्ष्य अधिकतम दक्षता के लिये शासन को पूरी तरह से एकल AI प्लेटफॉर्म पर केंद्रीकृत करना है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

नोट :

**109. मधुमेह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मधुमेह तब होता है जब अग्न्याशय या तो पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन का उत्पादन नहीं करता या शरीर द्वारा उत्पादित इंसुलिन का प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं किया जा सकता।
2. टाइप 1 मधुमेह आमतौर पर बचपन में विकसित होता है, जबकि टाइप 2 मधुमेह 45 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्कों में अधिक आम है।
3. स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से टाइप 1 मधुमेह को रोकने में मदद मिल सकती है, लेकिन टाइप 2 मधुमेह को रोकने में नहीं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**110. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA), 2013 भारत की 67% आबादी को कवर करता है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में 75% और शहरी क्षेत्रों में 50% कवरेज है।
2. शांता कुमार समिति (2015) ने अनुमान लगाया था कि 2011-12 के उपभोग आँकड़ों के आधार पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) में रिसाव दो-तिहाई से अधिक था।
3. खाद्य सब्सिडी के लिये नकद हस्तांतरण को खाद्यान्न वितरण की वर्तमान प्रणाली का अधिक कुशल विकल्प माना जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**111. भारत में मुद्रास्फीति और मौद्रिक नीति को प्रभावित करने वाले कारकों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चीन जैसे देशों द्वारा टैरिफ लगाए जाने तथा प्रोत्साहन उपायों जैसे वैश्विक कारकों के कारण आयातित मुद्रास्फीति बढ़ सकती है।
2. भारत में सब्जियों की कीमतों में उछाल मुख्यत: इन फसलों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के अभाव के कारण है।
3. कोर मुद्रास्फीति मुख्य रूप से विनिर्माताओं की उच्च इनपुट लागत का भार उपभोक्ताओं पर डालने की क्षमता से प्रभावित होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**112. उत्क्रमी शुल्क संरचना (IDS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उत्क्रमी शुल्क संरचना तब होती है जब कच्चे माल और मध्यवर्ती वस्तुओं पर आयात शुल्क, तैयार उत्पादों पर शुल्क से कम होता है।
2. अग्रिम प्राधिकरण और RoDTEP जैसी केंद्र सरकार की योजनाएँ निर्यातोन्मुख और घरेलू-उन्मुख दोनों निर्माताओं के लिये IDS मुद्दे का समाधान करती हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**113. भारत-नाइजीरिया संबंधों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय प्रधानमंत्री नाइजीरिया का 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर' सम्मान प्राप्त करने वाले पहले विदेशी गणमान्य व्यक्ति हैं।
2. नाइजीरिया पश्चिम अफ्रीका में भारत का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है, जिसके 60,000 से अधिक सदस्य हैं।
3. सकल घरेलू उत्पाद की दृष्टि से नाइजीरिया अफ्रीका की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और ब्रिक्स साझेदार देश है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

नोट :

**114. भारत की G20 अध्यक्षता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत की G20 अध्यक्षता में अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया गया, जिससे मंच की समावेशिता बढ़ गई।
2. प्रेसीडेंसी ने वैश्विक शासन चर्चाओं में मानव-केंद्रित वैश्वीकरण और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को एकीकृत करने पर ध्यान केंद्रित किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**115. इंडिया अकाउंट एग्रीगेटर सिस्टम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक सहमति-आधारित डेटा-साझाकरण प्रणाली है जिसे व्यक्तिगत वित्तीय डेटा को सुरक्षित रूप से प्रबंधित करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
2. यह प्रणाली सुनिश्चित करती है कि डेटा को संसाधित करने वाली संस्थाएँ इसे आवश्यकता से अधिक समय तक अपने पास न रखें, या सहमति से परे उद्देश्यों के लिये इसका उपयोग न कर सकें।
3. यह ढाँचा, नियामक सिद्धांतों को सीधे अपने डिज़ाइन में शामिल करके, गोपनीयता के विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त सिद्धांतों के अनुरूप है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**116. हाइपरसोनिक मिसाइल तकनीक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हाइपरसोनिक मिसाइलें मैक 5 से भी अधिक गति से यात्रा करने में सक्षम हैं, तथा इनमें उच्च गति के साथ सटीकता और गतिशीलता का संयोजन होता है।
2. भारत द्वारा स्वदेश में विकसित हाइपरसोनिक मिसाइल 1,500 किलोमीटर से अधिक दूरी तक पेलोड ले जाने में सक्षम है।
3. रूस, चीन और अमेरिका जैसे देश पहले ही हाइपरसोनिक हथियार विकसित और तैनात कर चुके हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**117. भारत के आर्थिक लक्ष्यों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 'विकसित भारत' का लक्ष्य विनिर्माण, कृषि आधुनिकीकरण, स्थिरता और महिला-नेतृत्व वाली वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करके भारत को 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था में बदलना है।
2. प्रिंटेड सर्किट बोर्ड असेंबली (PCBA) के स्थानीयकरण को भारत की इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने में एक महत्त्वपूर्ण कदम के रूप में पहचाना गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**118. भारत के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) परिदृश्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का लक्ष्य सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रतिवर्ष 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करना है।
2. भारत में न्यायिक बुनियादी ढाँचे की कमी, जिसमें देरी और उच्च मुकदमेबाजी लागत शामिल है, को विदेशी निवेशकों के लिये एक प्रमुख बाधा के रूप में पहचाना गया है।
3. सरकार ने हाल ही में अपनी द्विपक्षीय निवेश संधियों में संशोधन किया है, जिसमें पहले घरेलू उपचारों का उपयोग किये बिना अनिवार्य अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता के प्रावधान शामिल किये गए हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

नोट :

**119. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूरोपीय संघ (EU) ने जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन (GDPR) और डिजिटल मार्केट्स एक्ट (DMA) जैसे ढाँचे के साथ बिग टेक के लिये वैश्विक विनियमन का बीड़ा उठाया है।
2. GDPR अत्यधिक प्रभावी रहा है, जिसका लगातार प्रवर्तन किया गया है तथा बड़ी टेक कंपनियों पर भारी ज़ुर्माना लगाया गया है।
3. "रिवाल्विंग डोर्स' की परिघटना, जिसमें पूर्व उद्योग अधिकारी विनियामक निकायों में शामिल हो जाते हैं, प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों के संदर्भ में अद्वितीय चुनौतियाँ प्रस्तुत करती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**120. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2014 में शुरू की गई भारत की मेक इन इंडिया पहल के कारण पिछले कुछ वर्षों में कुल सकल मूल्य संवर्धन (GVA) में विनिर्माण की हिस्सेदारी में वृद्धि हुई है।
2. भारत में विनिर्माण निवेश में निजी क्षेत्र का निवेश, सार्वजनिक क्षेत्र के निवेश से अधिक है।
3. बैंकिंग, म्यूचुअल फंड और डिजिटल बुनियादी ढाँचे में सुधार सहित वित्तीय बाज़ार के उदारीकरण ने भारत में निजी कॉर्पोरेट विकास को काफी बढ़ावा दिया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं है ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**121. कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (CBAM) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CBAM यह सुनिश्चित करता है कि यूरोपीय संघ (EU) में आयातित वस्तुओं पर भी वही कार्बन उत्सर्जन लागत लागू होगी जो EU द्वारा उत्पादित वस्तुओं पर लागू होती है।
2. EU को निर्यात करने वालों को 1 जनवरी 2026 से इन उत्सर्जनों की भरपाई के लिये उत्सर्जन पर डेटा प्रदान करना होगा और प्रमाण पत्र खरीदना होगा।
3. CBAM के तहत लोहा और इस्पात सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र हैं, जो प्रभावित निर्यातों का दो-तिहाई से अधिक हिस्सा हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**122. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (IBBI) भारत में दिवाला कार्यवाही के लिये विनियामक प्राधिकरण के रूप में कार्य करता है।
2. कंपनियों के लिये दिवाला कार्यवाही का निर्णय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (NCLT) द्वारा किया जाता है।
3. ऋण वसूली न्यायाधिकरण (DRT) व्यक्तियों के लिये दिवाला कार्यवाही को संभालते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**123. सबसोनिक क्रूज मिसाइलों की तुलना में हाइपरसोनिक मिसाइलों के निम्नलिखित में से कौन से लाभ हैं ?**

1. हाइपरसोनिक मिसाइलें सुपरसोनिक लड़ाकू विमानों की तुलना में तीव्र गति से यात्रा करके अवरोधन से बच सकती हैं।
2. हाइपरसोनिक गति से यात्रा करने वाली मिसाइल की गतिज ऊर्जा प्रभाव पर विनाशकारी क्षति का कारण बनती है।
3. हाइपरसोनिक मिसाइलें दहन के लिये अपना स्वयं का ऑक्सीजन ले जाती हैं, जिससे वे ऑक्सीजन की कमी वाले वातावरण में कार्य करने में सक्षम होती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

नोट :

**124. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कृषि वस्तुओं में डेरिवेटिव ट्रेडिंग का निलंबन खाद्य मुद्रास्फीति और हाजिर कीमतों में अस्थिरता को संबोधित करने के लिये लागू किया गया था।
2. भावी बाज़ार किसानों को उनकी उपज के लिये एक निश्चित मूल्य का आश्वासन देकर मूल्य जोखिमों से बचाव में सहायता करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**125. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का लक्ष्य 2030 तक कार्बन तीव्रता में 100% कमी और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 1 बिलियन टन की कमी लाना है।
2. कठोर ऊर्जा निष्पादन मानक स्थापित करने से घरेलू व्यवसायों को निम्न-गुणवत्ता वाले आयातों के प्रतिकूल प्रभावों से बचाया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**126. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश अब जीवाश्म ईंधन से अधिक हो गया है, तथा अनुमान है कि 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा वैश्विक बिजली मांग का लगभग आधा हिस्सा पूरा कर लेगी।
2. विकासशील देश और निम्न आय वाले परिवार, विकसित अर्थव्यवस्थाओं की तरह ही हरित संक्रमण नीतियों के प्रभाव से निपटने में समान रूप से सक्षम हैं।
3. यूरोपियन यूनियन (EU) ने पर्याप्त आर्थिक वृद्धि हासिल करते हुए ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी की है, जिससे उत्सर्जन और वृद्धि के बीच संबंध प्रदर्शित होता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**127. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र के लिये 1,000 करोड़ रुपए के उद्यम पूंजी कोष का उद्देश्य नवाचार और परिचालन के विस्तार के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करके अंतरिक्ष क्षेत्र में भारतीय स्टार्टअप को समर्थन प्रदान करना है।

**कथन-II:** IN-SPACe (भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र) अंतरिक्ष गतिविधियों में निजी क्षेत्र की भागीदारी की देखरेख तथा उसे बढ़ावा देने के लिये ज़िम्मेदार है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**128. भारत में श्रम बल भागीदारी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) में कार्यरत व्यक्ति और सक्रिय रूप से रोज़गार की तलाश कर रहे व्यक्ति शामिल हैं।
2. हाल के वर्षों में भारत की महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर (FLFPR) में शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।
3. अवैतनिक घरेलू देखभाल कार्य का अत्यधिक बोझ शहरी भारत में कम FLFPR का एक महत्त्वपूर्ण कारण है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**129. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मुल्ला समिति की रिपोर्ट, 1983 में जेल की स्थिति और प्रशासन में सुधार के लिये व्यापक उपायों की सिफारिश की गई थी।

2. उपेन्द्र बक्सी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (1983) मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि कैदियों को सम्मान के साथ मानवीय परिस्थितियों में रहने का अधिकार है।
3. नेल्सन मंडेला नियम (2015) के अनुसार जेल प्रशासन को दिव्यांग कैदियों के लिये उचित सुविधाएँ और समायोजन करना आवश्यक है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**130. राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) द्वारा जनवरी 2019 में लॉन्च किया गया था।
2. यह समयबद्ध कमी लक्ष्य के साथ वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिये राष्ट्रीय रूपरेखा तैयार करने का देश में पहला प्रयास है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**131. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** संपत्ति का अधिकार भारतीय संविधान में एक मौलिक अधिकार के रूप में निहित है।

**कथन-II:** राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत राज्य को ऐसी नीतियाँ अपनाने का आदेश देते हैं जिससे देश के लोगों के बीच संसाधनों का अधिक समतावादी वितरण हो सके।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**132. भारतीय भौतिक विज्ञानी सत्येंद्र नाथ बोस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वह भौतिकी के क्षेत्र में अपने योगदान के लिये प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले भारतीय थे।
2. उन्होंने फोटॉनों को अविभाज्य कणों के रूप में मानने की एक विधि विकसित की, जिसने बाद में बोस-आइंस्टीन सांख्यिकी कहलाने वाली नींव रखी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**133. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** विश्व ने चीन+1 भू-अर्थशास्त्र के माध्यम से एक देश में अत्यधिक संकेंद्रण से विविधता लाने की मांग की।

**कथन-II:** चीन विश्व का सबसे बड़ा व्यापारी है और चीनी एवं विदेशी दोनों कंपनियों के निर्मित माल का अब तक का सबसे बड़ा निर्यातक है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**134. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पंजाब में हरित क्रांति से क्षेत्र में उगाई जाने वाली फसलों की विविधता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।
2. खरीफ की बुवाई चक्र में बदलाव के कारण पंजाब और हरियाणा में पराली जलाना सर्दियों में वायु प्रदूषण का प्रमुख कारण बन गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**135. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारत में बड़ी बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के विलंबित निष्पादन के कारण लागत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा परियोजना की व्यवहार्यता कम हो गई है।

**कथन-II:** भारत में सब्सिडी का युक्तिकरण अधूरा है, उर्वरक और खाद्य सब्सिडी अभी भी राजकोषीय तनाव का कारण बन रही है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**136. भारत के अद्यतन राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का लक्ष्य वर्ष 2005 के स्तर से 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 45% तक कम करना है।
2. भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक अतिरिक्त वन और वृक्ष आवरण के माध्यम से 2.5 से 3 बिलियन टन CO2 समतुल्य अतिरिक्त कार्बन सिंक बनाना है ।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**137. उत्सर्जन अंतर रिपोर्ट 2024 निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है:**

A. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)

B. जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (IPCC)

C. अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN)

D. कोई भी नहीं

**138. भारत की द्विपक्षीय निवेश संधियों (BIT) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक सामान्य BIT का उद्देश्य निवेश संरक्षण को विनियमित करने के राज्य के अधिकार के साथ संतुलित करना और निवेशक-राज्य विवाद निपटान (ISDS) न्यायाधिकरण के विवेकाधिकार को कम करना है।
2. भारत के 2015 के मॉडल BIT को सीमित रूप से अपनाया गया है, तथा इस मॉडल के आधार पर केवल कुछ संधियों पर हस्ताक्षर किये गए हैं।
3. भारत-UAE BIT भारत के 2015 मॉडल BIT में उल्लिखित प्रावधानों का सख्ती से पालन करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**139. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सामान्य डेटा संरक्षण विनियमन (GDPR) के अनुसार उपयोगकर्त्ता की सहमति स्वतंत्र रूप से, विशिष्ट, सूचित और दबाव रहित होनी चाहिये।
2. भारत के डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (DPDP) अधिनियम, 2023 का उद्देश्य डिजिटल बाज़ारों में पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्ष प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ाना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**140. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ओम राठौड़ बनाम स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक एवं अन्य, 2024 के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित उम्मीदवार के लिये चिकित्सा क्षेत्र में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया।
2. राजीव रतूड़ी बनाम भारत संघ एवं अन्य, 2024 में सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र को तीन महीने के भीतर सभी क्षेत्रों में गैर-परक्राम्य सुलभता मानदंडों का एक समूह बनाने का निर्देश दिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**141. हेडलाइन मुद्रास्फीति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हेडलाइन मुद्रास्फीति किसी अर्थव्यवस्था में कुल मुद्रास्फीति का माप है, जिसमें खाद्य और ऊर्जा जैसी वस्तुओं की कीमतें शामिल नहीं होतीं।
2. हेडलाइन मुद्रास्फीति का आँकड़ा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) के माध्यम से रिपोर्ट किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**142. तरल नैनो यूरिया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह यूरिया के परंपरागत विकल्प के रूप में पौधों को नाइट्रोजन प्रदान करने वाला एक पोषक तत्त्व (तरल) है।
2. नैनो-तरल यूरिया को 2021 में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI) द्वारा लॉन्च किया गया था।
3. यह उर्वरक एक पत्तेदार स्प्रे है, जिसका अर्थ है कि इसका उपयोग केवल फसलों पर पत्तियाँ आने के बाद ही किया जाना चाहिये।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नही हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**143. परमाणु ऊर्जा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) का अंतर्संबंध के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. AI की बढ़ती ऊर्जा मांग वैश्विक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन लक्ष्यों में काफी देरी कर सकती है।
2. प्रौद्योगिकी कंपनियाँ AI परिचालन की स्वच्छ ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिये परमाणु ऊर्जा की संभावनाएँ की खोज कर रही है।
3. हाल के वर्षों में नये परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना की लागत में भारी कमी आई है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नही हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**144. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रक्रिया सुधारों का उद्देश्य समष्टि आर्थिक परिवर्तनों के माध्यम से आर्थिक ढाँचे का पूर्णत: पुनर्गठन करना है।
2. लेबलिंग नियमों में विनियामक विखंडन विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) के लिये अनुपालन चुनौतियाँ उत्पन्न करता है।
3. विनियामक अद्यतनों के लिये एक निश्चित कैलेंडर से व्यवसायों के लिये पूर्वानुमानशीलता बढ़ सकती है तथा लागत कम हो सकती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**145. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. यह बंगाल में बंगीय प्रादेशिक किसान सभा (BPKS) के नेतृत्व में शुरू हुआ किसान प्रतिरोध था।
2. इसमें फसल में जोतदारों (जमींदारों) का हिस्सा आधे से घटाकर एक तिहाई करने की मांग की गई।
3. पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना ज़िले में काकद्वीप इस आंदोलन के केंद्रों में से एक के रूप में उभरा।

**निम्नलिखित में से कौन-सा आंदोलन उपर्युक्त विवरण से सबसे अधिक सुमेलित है?**

A. तेभागा आंदोलन
B. सन्यासी विद्रोह
C. रंगपुर किसान विद्रोह
D. फरायज़ी आंदोलन

**146. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संपत्ति कर का निर्धारण करदाता के पास मौजूद संपत्ति स्टॉक या कुल शुद्ध संपत्ति पर किया जाता है।
2. आयकर संपत्ति के स्टॉक से होने वाले प्रवाह पर लगाया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**147. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इंडियास्टैक API (एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) का एक सेट है जो सरकारों, व्यवसायों, स्टार्टअप्स और डेवलपर्स को एक अद्वितीय डिजिटल बुनियादी ढाँचे का उपयोग करने की अनुमति देता है।
2. इंडिया स्टैक के माध्यम से भारत, तीनों आधारभूत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (DPI) विकसित करने वाला संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद दूसरा देश बन गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**148. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2009 में COP15 में प्रस्तुत कोपेनहेगन समझौते ने 2°C तापमान वृद्धि की सीमा निर्धारित की तथा विकसित देशों पर संवेदनशील देशों में जलवायु कार्रवाई के लिए धन मुहैया कराने पर जोर दिया, लेकिन कोई बाध्यकारी संधि नहीं बनाई।
2. वर्ष 2015 में COP21 में अपनाए गए पेरिस समझौते का उद्देश्य वैश्विक तापमान को 2°C से नीचे, संभवत: 1.5°C तक सीमित रखना था तथा प्रत्येक देश के लिये राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) की शुरुआत की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**149. न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. MSP व्यवस्था की स्थापना वर्ष 1965 में कृषि मूल्य आयोग (APC) की स्थापना करके बाज़ार हस्तक्षेप के रूप में की गई थी।
2. MSP वह गारंटीकृत राशि है जो सरकार द्वारा किसानों की उपज खरीदने पर उन्हें दी जाती है।
3. MSP कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP) की सिफारिशों पर आधारित है, जो विभिन्न कारकों पर विचार करती है।
4. CACP भारत में उगाई जाने वाली सभी फसल किस्मों के लिये MSP की सिफारिश करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**150. भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत भ्रामक दावे या विज्ञापन करना दंडनीय अपराध है।
2. खाद्य सुरक्षा एवं मानक (बिक्री पर प्रतिषेध एवं प्रतिबंध) विनियम, 2011 के तहत फलों को पकाने के लिये कैल्शियम कार्बाइड के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।
3. भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में अधिकांश खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में सरकारी मार्गों के अंतर्गत 100% FDI की अनुमति है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**151. गाइडेड पिनाका हथियार प्रणाली के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक बहु-बैरल रॉकेट लांचर प्रणाली है, जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा डिज़ाइन किया गया है।
2. भगवान शिव के धनुष के नाम पर रखा गया पिनाका एक बहुमुखी और उच्च परिशुद्धता वाला रॉकेट सिस्टम है।
3. हथियार प्रणाली के प्रारंभिक संस्करण की मारक क्षमता 400 किमी थी, जबकि उन्नत संस्करण की मारक क्षमता 800 किमी. हो गयी है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

नोट :

**152. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत और जापान के बीच सह-विकास समझौते पर हस्ताक्षर के बाद, भारतीय युद्धपोत जल्द ही अपने एंटीना सिस्टम को जापानी यूनिकॉर्न (यूनिफाइड कॉम्प्लेक्स रेडियो एंटीना) संचार मस्तूल के साथ अपग्रेड करेंगे।
2. यूनिकॉर्न, मस्तूल के शीर्ष पर तथा जहाज़ के ऊपरी डेक पर वितरित एंटेना के स्थान पर, एकल मस्तूल के भीतर अलग-अलग एंटेना की इष्टतम स्थिति प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**153. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्थानीय सरकार संविधान की सातवीं अनुसूची (सूची I) के अंतर्गत एक केंद्रीय विषय है।
2. अनुच्छेद 243G स्थानीय निकायों को शक्तियों का हस्तांतरण प्रदान करता है, जिससे वे बुनियादी ढाँचे और सेवाएँ प्रदान करने में प्रमुख भूमिका निभा सकेंगे।
3. पिछले दो दशकों से नगर निगम का वित्त सकल घरेलू उत्पाद का मात्र 1% ही रहा है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**154. संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) कॉन्फ्रेंस ऑफ द पार्टीज 29 (COP29) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जलवायु वित्त पर नए सामूहिक परिमाणित लक्ष्य (NCQG) का लक्ष्य वर्ष 2035 तक विकसित देशों के लिये जलवायु वित्त को तीन गुना बढ़ाकर 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष करना है।
2. COP29 ने देश-दर-देश व्यापार सहित कार्बन बाज़ारों के लिये तंत्र को अंतिम रूप देने हेतु एक ऐतिहासिक समझौता किया।
3. अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात सहित 30 से अधिक देशों ने जैविक अपशिष्ट से मीथेन को कम करने पर COP29 घोषणा का समर्थन किया।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**155. कैरेबियाई समुदाय (CARICOM) के संबंध में निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

1. कैरीकॉम 21 देशों का समूह है जिसमें द्वीपीय देश तथा सूरीनाम और गुयाना जैसे मुख्य भूमि क्षेत्र शामिल हैं।
2. कैरिकॉम की स्थापना वर्ष 1973 में चगुआरामस संधि पर हस्ताक्षर के साथ हुई थी।
3. भारत-कैरिकॉम मंत्रिस्तरीय बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं तथा संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के दौरान उल्लेखनीय कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**156. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

1. इससे अक्सर कारखानों, उपयोगिताओं और परिवहन नेटवर्क सहित महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे का विकास होता है।
2. इससे घरेलू प्रतिस्पर्द्धात्मकता में सुधार सहित परिचालन के वैश्विक अनुकूलन की अनुमति मिलती है।
3. इससे विशाल विश्व बाज़ार तक पहुँच मिलती है और भारतीय अर्थव्यवस्था में मंदी के दौर में कंपनी का जोखिम कम होता है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

नोट :

**157. जैव विविधता पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (CBD) के 16वें सम्मेलन (COP-16) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दोनों पक्षों ने स्वदेशी लोगों के ज्ञान, नवाचारों और प्रथाओं के संरक्षण और रखरखाव के लिये एक नया स्थायी सहायक निकाय स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की।
2. सभी पक्षों ने विश्व भर में जैव विविधता पहलों को समर्थन देने के लिये 2030 तक प्रतिवर्ष 200 बिलियन अमेरिकी डॉलर सुरक्षित करने हेतु एक नई "संसाधन जुटाने की रणनीति" विकसित करने पर सहमति व्यक्त की।
3. इसने विकासशील देशों के बीच क्षमता निर्माण और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से असमानताओं को दूर करने में मदद के लिये एक नई विषयगत कार्य योजना प्रस्तुत की।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**158. कैली फंड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कैली फंड की स्थापना आनुवंशिक संसाधनों पर डिजिटल अनुक्रम सूचना (DSI) के उपयोग से होने वाले लाभों का निष्पक्ष और न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करने के लिये की गई थी।
2. कैली फंड का कम-से-कम 50% हिस्सा स्वदेशी लोगों और स्थानीय समुदायों, विशेषकर महिलाओं तथा युवाओं की स्वत: पहचानी गई आवश्यकताओं पर केंद्रित होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**159. भारत में कैथोलिक पादरियों और ननों के लिये कर छूट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में कैथोलिक पादरियों और ननों को कर से छूट देने की शुरुआत 20वीं सदी के मध्य में उनके सामाजिक योगदान को मान्यता देने के लिये की गई थी।
2. हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने इस छूट को बरकरार रखा क्योंकि यह कानून के तहत समानता के सिद्धांत के अनुरूप है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**160. कज़ान घोषणा, जो हाल ही में समाचारों में देखी गई थी, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

A. G20
B. BRICS
C. CARICOM
D. UNFCCC COP29

**161. रोगाणुरोधी प्रतिरोध (AMR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. AMR तब होता है जब सूक्ष्मजीव उनके विरुद्ध प्रयुक्त दवाओं पर प्रतिक्रिया करना बंद कर देते हैं।
2. दवा प्रतिरोधी संक्रमणों का इलाज लगभग असंभव है।
3. वैश्विक रोगाणुरोधी प्रतिरोध और उपयोग निगरानी प्रणाली (GLASS), पहली वैश्विक निगरानी पहल, खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा वर्ष 2015 में शुरू की गई थी।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**162. नाइजीरिया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अफ्रीका के पश्चिमी तट पर स्थित है और इसे अक्सर "अफ्रीका का विशालकाय" देश कहा जाता है।
2. इसकी सीमा उत्तर में गिनी की खाड़ी, पूर्व में चाड और कैमरून, दक्षिण में नाइजर और पश्चिम में बेनिन से लगती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**163. गुयाना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दक्षिण अमेरिका के उत्तरी तट पर स्थित है, इसकी सीमा वेनेज़ुएला, ब्राज़ील और सूरीनाम से लगती है, तथा उत्तर में अटलांटिक महासागर है।
2. एस्सेकिबो नदी गुयाना की सबसे बड़ी नदी है।
3. पकाराइमा पर्वत, कनुकु पर्वत और अकाराई पर्वत प्रमुख पर्वत श्रृंखलाएँ हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**164. वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक (AQLI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. AQLI एक प्रदूषण सूचकांक है, जो गणना करता है कि कणिका पदार्थ वायु प्रदूषण से जीवन प्रत्याशा पर कितना प्रभाव पड़ता है।
2. इसे संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा जारी किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**165. नेबरहुड फर्स्ट नीति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नेबरहुड फर्स्ट नीति की अवधारणा वर्ष 2008 में अस्तित्व में आई।
2. यह दृष्टिकोण कनेक्टिविटी, आधारभूत संरचना, विकास सहयोग, सुरक्षा और लोगों के बीच बेहतर संपर्क को बढ़ावा देने को प्राथमिकता देता है।
3. पड़ोसी देशों के साथ संलग्नता का भारत का दृष्टिकोण परामर्श, गैर-पारस्परिकता और ठोस परिणाम प्राप्त करने पर केंद्रित रहा है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**166. औद्योगिक श्रमिकों के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय के अंतर्गत श्रम ब्यूरो प्रतिवर्ष औद्योगिक श्रमिकों के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI-IW) संकलित करता रहा है।
2. CPI-IW का उपयोग मुख्य रूप से केंद्र/राज्य सरकार के कर्मचारियों और औद्योगिक क्षेत्रों में कामगारों को दिये जाने वाले महँगाई भत्ते (Dearness Allowance-DA) के निर्धारण के लिये किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**167. अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय सामान्यत: नर-संहार, युद्ध अपराध, मानवता के विरुद्ध अपराध और आक्रमण का अपराध जैसे गंभीर अपराधों से संबंधित मामलों की जाँच करता है।
2. यह रोम संविधि नामक एक अंतर्राष्ट्रीय संधि द्वारा शासित है।
3. भारत, अमेरिका और चीन रोम संविधि के पक्षकार देश है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**168. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केशवानंद भारती मामले 1973 में सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि धर्मनिरपेक्षता संविधान के मूल ढाँचे का एक हिस्सा है।
2. मेनका गांधी केस, 1978 में सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि जीवन के अधिकार में सम्मान के साथ जीने का अधिकार भी शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**169. प्रस्तावना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे 26 नवंबर, 1949 को अपनाया गया।
2. संविधान की सत्ता का स्रोत भारत के लोगों के पास है।
3. 44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा प्रस्तावना में "समाजवादी", "धर्मनिरपेक्ष" और "अखंडता" शब्द जोड़े गए।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**170. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 44 इस बात पर जोर देता है कि आर्थिक प्रणाली के परिणामस्वरूप धन और उत्पादन के साधनों का सामान्य नुकसान के लिये संकेंद्रण नहीं होना चाहिये।
2. डी.एस. नाकारा और अन्य बनाम भारत संघ (1982) में, न्यायालय ने कहा कि संविधान में समाजवाद का बुनियादी ढाँचा कामकाजी लोगों को एक सभ्य जीवन स्तर तथा जन्म से लेकर मृत्यु तक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, जो भारत में कल्याणकारी राज्य की भूमिका को दोहराता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**171. कॉर्निया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कॉर्निया आँख की पतली, पारदर्शी बाहरी परत है।
2. संक्रमण, दुर्घटना या जन्मजात स्थितियाँ इसे अपारदर्शी बना सकती हैं।
3. भारत में 50 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों में कॉर्नियल अपारदर्शिता अंधेपन का दूसरा प्रमुख कारण है, और कम आयु वालों में यह प्राथमिक कारण है।
4. अधिकांश कॉर्नियल अंधापन रोकथाम योग्य या उपचार योग्य है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**172. राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे जैव विविधता (BBNJ) समझौते के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करना और राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र से परे क्षेत्रों में संसाधनों के सतत उपयोग को बढ़ावा देना है।
2. इसके प्रावधान समुद्री जैव विविधता के संरक्षण, समुद्री आनुवंशिक संसाधनों से लाभ के न्यायसंगत बंटवारे को सुनिश्चित करने तथा हानिकारक गतिविधियों के लिये पर्यावरणीय प्रभाव आकलन को अनिवार्य बनाने पर केंद्रित हैं।
3. भारत ने अभी तक राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे जैव विविधता (BBNJ) समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**173. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत ने UNFCCC, COP28 में ग्रीन क्रेडिट पहल की शुरुआत की, ताकि नवीन पर्यावरण कार्यक्रमों और उपकरणों के आदान-प्रदान के लिये एक सहभागी वैश्विक मंच बनाया जा सके।
2. जल शक्ति मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) के नेतृत्व में UNFCCC, COP28 में ग्लोबल रिवर सिटीज अलायंस (GRCA) लॉन्च किया गया।
3. ग्लोबल स्टॉकटेक (GST) वर्ष 2015 में पेरिस समझौते के तहत स्थापित एक आवधिक समीक्षा तंत्र है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नही हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**174. प्राकृतिक कृषि (NF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्राकृतिक कृषि (NF) एक रसायन मुक्त कृषि है जिसमें स्थानीय पशुधन, एकीकृत प्राकृतिक खेती पद्धतियाँ, विविध फसल प्रणालियाँ आदि शामिल हैं।

नोट :

2. NF स्थानीय ज्ञान, स्थान-विशिष्ट प्रौद्योगिकियों पर आधारित स्थानीय कृषि-पारिस्थितिकी सिद्धांतों का पालन करता है तथा स्थानीय कृषि-पारिस्थितिकी के अनुसार विकसित किया गया है।
3. राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन (NMNF) को स्थिरता और जलवायु लचीलेपन की दिशा में कृषि प्रथाओं को वैज्ञानिक रूप से पुनर्जीवित तथा मज़बूत करने के लिये शुरू किया गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**175. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बाह्य अंतरिक्ष, जिसे अंतरिक्ष अथवा आकाशीय अंतरिक्ष के रूप में भी जाना जाता है, पृथ्वी के वायुमंडल से परे और आकाशीय पिंडों के बीच विशाल विस्तार को संदर्भित करता है।
2. भारत ने बाह्य अंतरिक्ष पर संयुक्त राष्ट्र की सभी पाँच संधियों पर हस्ताक्षर और अनुसमर्थन किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**176. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय अंतरिक्ष नीति 2023 निजी क्षेत्र के अभिकर्त्ताओं की भूमिका को परिभाषित करती है और सरकारी तथा निजी दोनों अंतरिक्ष गतिविधियों के लिये प्राधिकरण प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करती है।
2. भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) एक एकल-खिड़की एजेंसी के रूप में कार्य करता है, जो निजी क्षेत्र के सहयोग को बढ़ावा देता है तथा उद्योग समूहों, विनिर्माण केंद्रों एवं ऊष्मायन केंद्रों का समर्थन करता है।
3. न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) इसरो की वाणिज्यिक शाखा है और यह उच्च तकनीक सहयोग को बढ़ावा देती है, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण तथा संसाधनों को एकत्रित करके निजी क्षेत्र की भागीदारी की मांग पैदा करती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**177. ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह स्थिति की गंभीरता के अनुसार दिल्ली-NCR क्षेत्र में वायु प्रदूषण के मुद्दों को हल करने के लिये एक संरचित दृष्टिकोण के रूप में कार्य करता है।
2. दिल्ली-NCR के लिये GRAP को वायु गुणवत्ता के चार चरणों में विभाजित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**178. भारतीय औषधकोश आयोग (IPC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संस्था है और इसका अध्यक्ष स्वास्थ्य मंत्री होता है।
2. यह अशुद्धियों की स्वीकार्य सीमा और ऐसी अशुद्धियों के लिये जेनेरिक दवाओं के परीक्षण हेतु विश्लेषणात्मक तरीकों सहित मानक निर्धारित करने के लिये ज़िम्मेदार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**179. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **समिति** | **उद्देश्य** |
|---|---|---|
| 1. | वोहरा समिति | चुनावों का राज्य वित्तपोषण |
| 2. | दिनेश | गोस्वामी समिति चुनाव सुधार |
| 3. | इंद्रजीत गुप्ता समिति | अपराध और राजनीति के बीच गठजोड़ पर |

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 2
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

**180. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (CACP) प्रत्येक फसल के लिये राज्य और अखिल भारतीय औसत स्तर पर तीन प्रकार की उत्पादन लागत की गणना करता है।
2. 'A2' में किसान द्वारा बीज, उर्वरक, कीटनाशक, श्रम, पट्टे पर ली गई भूमि, ईंधन, सिंचाई आदि पर सीधे नकद और वस्तु के रूप में किये गए सभी भुगतान एवं व्यय शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**181. गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (NBFC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कंपनी अधिनियम, 1956 या कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पंजीकृत एक कंपनी है, जो विभिन्न वित्तीय गतिविधियों जैसे उधार देने और प्रतिभूतियों में निवेश आदि में शामिल है।
2. वे न्यूनतम 12 महीने और अधिकतम 60 महीने के लिये सार्वजनिक जमा स्वीकार कर सकते हैं।
3. वे भुगतान एवं निपटान प्रणाली का हिस्सा नहीं होते हैं तथा स्वयं पर चेक जारी नहीं कर सकते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**182. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पूर्वोत्तर भारत सिलीगुड़ी कॉरिडोर के माध्यम से भारतीय हृदयभूमि से जुड़ा हुआ है, जिसे आमतौर पर चिकन नेक के रूप में जाना जाता है, जो रेडक्लिफ लाइन द्वारा निर्मित है।
2. सिलीगुड़ी कॉरिडोर के दोनों ओर चीन, भूटान, बांग्लादेश और नेपाल हैं।
3. पूर्वोत्तर की सीमा चार देशों से लगती है - उत्तर में चीन और भूटान, पूर्व में म्याँमार तथा दक्षिण एवं पश्चिम में बांग्लादेश।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**183. लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है?**

A. विश्व बैंक
B. विश्व व्यापार संगठन
C. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
D. इनमे से कोई भी नहीं

**184. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 321 ने चुनाव आयोग की स्थापना की नींव रखी, जिसे सभी चुनावों का "अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण" करने का दायित्व सौंपा गया।
2. संविधान ने अनुच्छेद 329 के माध्यम से न्यायपालिका को भी चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने से रोक दिया है ताकि निर्बाध चुनाव सुनिश्चित हो सके।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**185. भारतीय नागरिकों के राष्ट्रीय रजिस्टर (NRIC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय नागरिकों का राष्ट्रीय रजिस्टर (NRIC) अपना अधिदेश नागरिकता अधिनियम 1955 से प्राप्त करता है।
2. NRIC का मुख्य उद्देश्य सत्यापित नागरिक रजिस्ट्री बनाए रखकर राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाना है, लेकिन यह पहचान सत्यापन को सुव्यवस्थित करने जैसे अतिरिक्त लाभ भी प्रदान करता है।
3. रेखी समिति ने एक मज़बूत डाटाबेस की आवश्यकता पर प्रकाश डाला जिसमें नागरिक और गैर-नागरिक दोनों शामिल हों।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**186. वनाग्नि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वनाग्नि के लिये राष्ट्रीय कार्ययोजना (NAPFF) वर्ष 2018 में शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य वन सीमांत समुदायों को सूचित, सक्षम और सशक्त बनाकर तथा उन्हें राज्य वन विभागों के साथ सहयोग करने के लिये प्रोत्साहित करके वन अग्नि को कम करना है।

2. वनाग्नि निवारण एवं प्रबंधन योजना (FPM) एकमात्र सरकारी प्रायोजित कार्यक्रम है जो वनाग्नि से निपटने में राज्यों की सहायता के लिये समर्पित है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**187. 188.. प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (PM-AJAY) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना का उद्देश्य कौशल विकास के माध्यम से अतिरिक्त रोज़गार के अवसर पैदा करके अनुसूचित जाति (SC) समुदायों में गरीबी को कम करना है।
2. गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले अनुसूचित जाति के व्यक्ति विभिन्न आय सृजन योजनाओं और कौशल विकास कार्यक्रमों के तहत लाभ के लिये पात्र हैं।
3. बुनियादी ढाँचे के विकास के मामले में 50% या उससे अधिक अनुसूचित जाति की आबादी वाले गाँव योजना के तहत अनुदान के लिये पात्र हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**188. वास्तविक प्रभावी विनिमय दर (REER) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह किसी देश की मुद्रा का अन्य प्रमुख मुद्राओं के सूचकांक या बास्केट के संबंध में भारित औसत है।
2. भार का निर्धारण सूचकांक में शामिल प्रत्येक देश की मुद्रा के सापेक्ष व्यापार संतुलन की तुलना करके किया जाता है।
3. किसी देश की REER में वृद्धि इस बात का संकेत है कि उसके निर्यात सस्ते हो रहे हैं और आयात महंगे हो रहे हैं, जिससे उसकी व्यापार प्रतिस्पर्द्धात्मकता बढ़ रही है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**189. एकीकृत भुगतान इंटरफेस (UPI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UPI एक डिजिटल और वास्तविक समय भुगतान प्रणाली है जिसे वर्ष 2016 में NPCI द्वारा विकसित किया गया था।
2. UPI को IMPS (तत्काल भुगतान सेवा) के बुनियादी ढाँचे पर बनाया गया है और यह उपयोगकर्त्ताओं को किसी भी दो पक्षों के बैंक खातों के बीच तुरंत धन हस्तांतरित करने की अनुमति देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**190. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पृथ्वी की सतह का 70% से अधिक भाग जल से ढका हुआ है, जिसका अनुमानित कुल आयतन 1.4 बिलियन घन किलोमीटर से अधिक है।
2. पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल का केवल 25% ही मीठा जल है, 69% ध्रुवीय बर्फ और ग्लेशियरों में तथा 30% भूजल के रूप में है।
3. पृथ्वी के मीठे जल का केवल 1% ही सतही जल के रूप में उपलब्ध है, जिसमें झीलें, नदियाँ और वायुमंडलीय जल वाष्प जैसे स्रोत शामिल हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**191. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एस.पी. गुप्ता केस, 1982 में सर्वोच्च न्यायालय ने संवैधानिक उल्लंघन को संवैधानिक नैतिकता का गंभीर उल्लंघन करार दिया था।
2. नाज़ फाउंडेशन बनाम दिल्ली सरकार, 2009 के मामले में उच्च न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया था कि "संवैधानिक नैतिकता" को नैतिकता की सामाजिक धारणाओं पर हावी होना चाहिये।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**192. एकीकृत बाल विकास योजना (ICDS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ICDS भारत सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य देश में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा में सुधार करना है।
2. यह कार्यक्रम वर्ष 1975 में शुरू किया गया था और यह विश्व में अपनी तरह का सबसे बड़ा कार्यक्रम है।
3. ICDS का क्रियान्वयन केवल कुछ आकांक्षी ज़िलों में आँगनवाड़ी केंद्रों (AWC) के नेटवर्क के माध्यम से किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**193. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विराम के अंतर्गत किसी दोषी को प्राप्त मूल सज़ा के प्रावधान को किन्हीं विशेष परिस्थितियों में बदलना शामिल है।
2. प्रविलंबन का अर्थ है अस्थायी समय के लिये किसी सज़ा (विशेषकर मृत्युदंड) के निष्पादन पर रोक लगाना है।
3. लघुकरण का तात्पर्य सज़ा के स्वरूप में परिवर्तन किये बिना उसकी अवधि को कम करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**194. उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अधिनियम धार्मिक पूजा स्थलों की 15 अगस्त, 1947 की स्थिति को स्थिर रखने के लिये बनाया गया था।
2. यह अधिनियम प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्व स्थल एवं अवशेष अधिनियम, 1958 के अंतर्गत आने वाले ऐतिहासिक स्मारकों और पुरातत्व स्थलों पर लागू नहीं होता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**195. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** राष्ट्रीय गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (NP-NCD), जिसे पहले कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग तथा स्ट्रोक की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम (NPCDCS) के रूप में जाना जाता था, को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के तहत लागू किया जा रहा है।

**कथन-II:** वर्ष 2019 में, विश्व स्वास्थ्य सभा ने NCD की रोकथाम और नियंत्रण के लिये WHO वैश्विक कार्य योजना 2013-2020 को 2030 तक बढ़ा दिया।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**196. 'आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) रिपोर्ट 2023-24' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2023-24 के लिये बेरोजगारी दर 3.2% पर अपरिवर्तित रही, जो वर्ष 2022-23 के समान ही है।
2. इसने वर्ष 2022-23 की तुलना में 2023-24 में राष्ट्रीय स्तर पर श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की।
3. वर्ष 2022-23 से महिलाओं की बेरोज़गारी दर में वृद्धि हुई, जबकि पुरुषों के लिये इसमें मामूली गिरावट देखी गई।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**197. 'इंडियाAI मिशन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रारंभिक प्रयास परियोजना को शुरू करने के लिये उच्च प्रदर्शन वाले ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट (GPU) की खरीद पर केंद्रित थे।
2. डेटा सेंटर GPU समानांतर संचालन, AI, मीडिया एनालिटिक्स तथा 3D रेंडरिंग समाधानों हेतु महत्त्वपूर्ण हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**198. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्द्धी बने रहने, सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने और आर्थिक अवसरों को अनलॉक करने के लिये अत्याधुनिक तकनीकों में निवेश आवश्यक है।

**कथन-II:** भारत का लक्ष्य वर्ष 2047 तक अपने विकास उद्देश्यों को प्राप्त करना है, सरकार ने रणनीतिक और उभरते क्षेत्रों में विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी की भूमिका पर जोर दिया है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**199. अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (ANRF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ANRF की स्थापना अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (ANRF) अधिनियम, 2023 के तहत की गई थी।
2. इसमें विज्ञान एवं इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (SERB) शामिल है, जिसकी स्थापना वर्ष 2008 में संसद के एक अधिनियम द्वारा की गई थी।
3. ANRF विशेष रूप से भारत में निजी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. C. केवल 1

D. D. 1, 2 और 3

**200. स्वास्थ्य नीति से संबंधित निम्नलिखित लक्ष्यों पर विचार कीजिये:**

1. जीवन प्रत्याशा को 67.5 वर्ष से बढ़ाकर 70 वर्ष करना।
2. वर्ष 2025 तक प्रजनन दर को 2.1 (प्रतिस्थापन स्तर) तक कम करना।
3. वर्ष 2019 तक शिशु मृत्यु दर को घटाकर 28 तक करना।
4. वर्ष 2025 तक पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर को घटाकर 23 करना।।

**उपर्युक्त में से कितने राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (NHP), 2017 का हिस्सा हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

## उत्तरमाला

| Q. No. | Ans. | Q. No. | Ans. | Q. No. | Ans. | Q. No. | Ans. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (A) | 51 | (B) | 101 | (C) | 151 | (A) |
| 2 | (C) | 52 | (A) | 102 | (C) | 152 | (D) |
| 3 | (C) | 53 | (B) | 103 | (B) | 153 | (B) |
| 4 | (B) | 54 | (C) | 104 | (A) | 154 | (B) |
| 5 | (A) | 55 | (C) | 105 | (B) | 155 | (C) |
| 6 | (D) | 56 | (A) | 106 | (C) | 156 | (D) |
| 7 | (A) | 57 | (A) | 107 | (A) | 157 | (C) |
| 8 | (A) | 58 | (A) | 108 | (C) | 158 | (C) |
| 9 | (B) | 59 | (B) | 109 | (B) | 159 | (A) |
| 10 | (C) | 60 | (C) | 110 | (B) | 160 | (B) |
| 11 | (C) | 61 | (C) | 111 | (A) | 161 | (B) |
| 12 | (B) | 62 | (B) | 112 | (D) | 162 | (A) |
| 13 | (A) | 63 | (B) | 113 | (B) | 163 | (D) |

नोट :

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | (B) | 64 | (D) | 114 | (D) | 164 | (A) |
| 15 | (A) | 65 | (D) | 115 | (C) | 165 | (C) |
| 16 | (A) | 66 | (C) | 116 | (C) | 166 | (B) |
| 17 | (A) | 67 | (C) | 117 | (D) | 167 | (A) |
| 18 | (A) | 68 | (C) | 118 | (B) | 168 | (C) |
| 19 | (B) | 69 | (C) | 119 | (B) | 169 | (B) |
| 20 | (A) | 70 | (B) | 120 | (A) | 170 | (B) |
| 21 | (C) | 71 | (C) | 121 | (C) | 171 | (D) |
| 22 | (B) | 72 | (C) | 122 | (D) | 172 | (B) |
| 23 | (C) | 73 | (B) | 123 | (A) | 173 | (D) |
| 24 | (B) | 74 | (C) | 124 | (C) | 174 | (C) |
| 25 | (B) | 75 | (D) | 125 | (B) | 175 | (A) |
| 26 | (A) | 76 | (C) | 126 | (B) | 176 | (D) |
| 27 | (D) | 77 | (A) | 127 | (B) | 177 | (C) |
| 28 | (B) | 78 | (B) | 128 | (C) | 178 | (B) |
| 29 | (D) | 79 | (B) | 129 | (C) | 179 | (A) |
| 30 | (B) | 80 | (B) | 130 | (D) | 180 | (C) |
| 31 | (C) | 81 | (A) | 131 | (D) | 181 | (D) |
| 32 | (C) | 82 | (C) | 132 | (A) | 182 | (B) |
| 33 | (A) | 83 | (B) | 133 | (A) | 183 | (A) |
| 34 | (C) | 84 | (C) | 134 | (D) | 184 | (B) |
| 35 | (B) | 85 | (D) | 135 | (B) | 185 | (B) |
| 36 | (A) | 86 | (B) | 136 | (C) | 186 | (C) |
| 37 | (D) | 87 | (A) | 137 | (A) | 187 | (D) |
| 38 | (A) | 88 | (D) | 138 | (B) | 188 | (A) |
| 39 | (A) | 89 | (C) | 139 | (C) | 189 | (C) |
| 40 | (B) | 90 | (B) | 140 | (D) | 190 | (B) |
| 41 | (B) | 91 | (A) | 141 | (B) | 191 | (D) |
| 42 | (C) | 92 | (B) | 142 | (A) | 192 | (B) |
| 43 | (A) | 93 | (A) | 143 | (A) | 193 | (A) |
| 44 | (B) | 94 | (A) | 144 | (B) | 194 | (D) |
| 45 | (D) | 95 | (D) | 145 | (A) | 195 | (B) |
| 46 | (A) | 96 | (B) | 146 | (C) | 196 | (A) |
| 47 | (B) | 97 | (D) | 147 | (A) | 197 | (C) |
| 48 | (C) | 98 | (B) | 148 | (D) | 198 | (A) |
| 49 | (A) | 99 | (B) | 149 | (A) | 199 | (A) |
| 50 | (D) | 100 | (A) | 150 | (B) | 200 | (D) |

**नोट :**

# उत्तर

**1. (A)**

**व्याख्या:**

**लिविंग प्लैनेट इंडेक्स (LPI) रिपोर्ट:**

- **वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर (WWF) की लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट 2024 के अनुसार,** केवल 50 वर्षों (1970-2020) में निगरानी की गई वन्यजीव आबादी के औसत आकार में 73% की गिरावट आई है।

**अतः विकल्प A सही है।**

**2. (C)**

**व्याख्या:**

**USD-INR अस्थिरता के प्रबंधन के लिये RBI का दृष्टिकोण:**

- यदि अप्रत्याशित रूप से अस्थिरता बढ़ती है तो RBI द्वारा USD-INR विनिमय दर में अस्थिरता को कम करने से **अचानक बाज़ार में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2019 से भारत की वास्तविक प्रभावी विनिमय दर (REER) में वृद्धि हुई है, जिससे निर्यात वृद्धि में **कमी आई है। अतः कथन 2 सही है।**
- स्थिर USD-INR दर के लिये RBI के दृष्टिकोण को भविष्य में **उच्च घरेलू ब्याज दरों या कम मुद्रा परिवर्तनीयता विकल्पों की आवश्यकता हो सकती है। अतः कथन 3 सही है।**

**3. (C)**

**व्याख्या:**

**लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग (LiDAR):**

- **यह एक रिमोट सेंसिंग तकनीक है जो एक सेंसर की रेंज (या परिवर्तनशील दूरी) को मापने के लिये स्पंदित लेजर** के रूप में प्रकाश का उपयोग करती है, जिसे आमतौर पर एक विमान में लगाया जाता है, और यह पृथ्वी की सतह से जुड़ा होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, LiDAR डेटा का उपयोग 10 सेमी. तक की ऊर्ध्वाधर सटीकता के साथ जमीन की ऊँचाई के **उच्च-रिज़ॉल्यूशन 3-D मॉडल बनाने के लिये किया जा सकता है। अतः कथन 2 सही है।**
- LiDAR का उपयोग पृथ्वी के आकार और इसकी सतह की विशेषताओं के बारे में **सटीक, त्रि-आयामी (थ्री डायमेंशनल) जानकारी उत्पन्न करने के लिये किया जाता है। अतः कथन 3 सही है।**

**4. (B)**

**व्याख्या:**

**भारत का संघवाद मॉडल:**

- भारत के संघवाद की विशेषता **सहकारी संघवाद है** , जिसमें केंद्र और राज्य विकास को आगे बढ़ाने के लिये सहयोग करते हैं।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**5. (A)**

**व्याख्या:**

**चुनावी प्रक्रियाओं में AI के उपयोग के संभावित लाभ:**

- AI मतदाता पंजीकरण और धोखाधड़ी का पता लगाने जैसे प्रशासनिक कार्यों को स्वचालित और सुव्यवस्थित कर सकता है।
- चुनाव प्रबंधन में दक्षता में वृद्धि।
- उन्नत सुरक्षा और धोखाधड़ी का पता लगाना।
- गलत सूचना का मुकाबला करना।
- मतदाता सहभागिता एवं सुगम्यता में सुधार।
- पारदर्शिता में वृद्धि।

**अतः विकल्प A सही है।**

**6. (D)**

**व्याख्या:**

**भारत की व्यापार नीति:**

- भारत के लिये घरेलू उत्पादकों, विशेष रूप से बड़े उद्योगों को प्रतिस्पर्द्धा से अलग रखना यूरोपीय संघ के साथ उसकी वार्ता में **मार्गदर्शक सिद्धांत नहीं** होना चाहिये। **अतः कथन I सही नहीं है।**
  - भारत को प्रमुख क्षेत्रों में विशिष्ट उत्पादों या श्रेणियों के लिये **लचीली शर्तों, सुरक्षात्मक उपायों** और विस्तारित संक्रमण अवधि की मांग करनी चाहिये।
- भारत को ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और शासन) मानकों जैसे वैश्विक रुझानों पर विचार करते हुए व्यापार वार्ता के प्रति **अधिक लचीला रुख** अपनाना चाहिये और ट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिप के लिये व्यापक और प्रगतिशील समझौते (CPTPP) में शामिल होने पर विचार करना चाहिये। **अतः कथन II सही है।**

**अतः विकल्प D सही है क्योंकि कथन-I सही नहीं है और कथन-II सही है।**

नोट :

**7. (A)**

**व्याख्याः**

**महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना (MGNREGS):**

- MGNREGS ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2005 में शुरू किया गया विश्व का **सबसे बड़ा कार्य गारंटी कार्यक्रम** है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह ग्रामीण परिवारों के वयस्क सदस्यों को वैधानिक न्यूनतम मज़दूरी पर अकुशल शारीरिक कार्य करने के लिये प्रत्येक वित्तीय वर्ष में **100 दिनों के रोज़गार की गारंटी** देता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **ग्रामीण विकास मंत्रालय** राज्य सरकारों के साथ मिलकर इस योजना के संपूर्ण कार्यान्वयन की निगरानी करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**8. (A)**

**व्याख्याः**

**प्रदूषणः**

- वर्ष 2019 में शुरू किये गए राष्ट्रीय **स्वच्छ वायु कार्यक्रम** (NCAP) का लक्ष्य वर्ष 2024 तक 122 शहरों में पार्टिकुलेट मैटर की सांद्रता को 20-30% तक कम करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- केंद्रीय **प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) ने** वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) श्रेणियों के आधार पर वायु प्रदूषण से निपटने के लिये ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) लागू किया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**9. (B)**

**व्याख्याः**

**नीलगिरी बायोस्फीयर रिज़र्वः**

- नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व को वर्ष 2000 में यूनेस्को विश्व नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिज़र्व में शामिल किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- नीलगिरी बायोस्फीयर रिज़र्व में समृद्ध जैव विविधता है, जिसमें नीलगिरी चिलप्पन और स्टार-आइड बुश मेंढक जैसी स्थानिक प्रजातियाँ शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- यद्यपि वन विभाग महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, लेकिन नीलगिरी बायोस्फीयर रिज़र्व के प्रबंधन में न केवल वन विभाग बल्कि स्थानीय समुदायों, गैर सरकारी संगठनों और निजी संगठनों सहित विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोग भी शामिल है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**10. (C)**

**व्याख्याः**

**मीथेनः**

- मीथेन में **ग्लोबल वार्मिंग की उच्च क्षमता है**, जो 100 वर्ष के समय में कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में 28 गुना अधिक शक्तिशाली है और 20 वर्ष के समय में 84 गुना अधिक शक्तिशाली है, जो इसे अल्पकालिक जलवायु शमन के लिये महत्त्वपूर्ण बनाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत ने अर्थव्यवस्था-व्यापी मीथेन न्यूनीकरण लक्ष्यों के सबंध में चिंताओं के कारण **वैश्विक मीथेन प्रतिज्ञा पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं**, विशेष रूप से इसके मीथेन उत्सर्जन प्रोफाइल में कृषि के प्रभुत्व को देखते हुए। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत में मीथेन उत्सर्जन का प्राथमिक स्रोत **कृषि क्षेत्र है**, जिसमें चावल की खेती और पशुधन का महत्त्वपूर्ण योगदान है। **अतः कथन 3 सही है।**

**11. (C)**

**व्याख्याः**

**भारत-ईरान संबंधः**

- वर्ष 2024 में, भारत और ईरान ने चाबहार बंदरगाह पर **अपनी रणनीतिक साझेदारी को नवीनीकृत किया**, एक 10-वर्षीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किये जो होर्मुज जलडमरूमध्य को दरकिनार करके भारत के व्यापार मार्गों की सहायता करता है, जो अक्सर फारस की खाड़ी के संघर्षों से प्रभावित क्षेत्र है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ईरान के पास विशाल तेल और गैस भंडार हैं, और भारत के साथ नए सिरे से ऊर्जा व्यापार की संभावना है, जो भारत की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं का समर्थन कर सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- हालाँकि ईरान ने ड्रोन सहित उन्नत सैन्य तकनीक विकसित की है, लेकिन उसने **भारत को इनकी आपूर्ति नहीं** की है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
    - इसके बजाय ईरान ने यूक्रेन संघर्ष में रूस को ड्रोन की आपूर्ति की है, और भारत भविष्य में इस संभावित साझेदारी की संभावना तलाश सकता है।

नोट :

**12. (B)**

**व्याख्या:**

**डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (DAP):**

- DAP की कमी का कारण खराब अग्रिम योजना है, जिसमें रबी सीजन की शुरुआत में अनुशंसित स्टॉक स्तर से बहुत कम स्टॉक है। **अत: कथन 1 सही है।**
- मूल्य नियंत्रण ने कंपनियों के लिये DAP आयात करना **आर्थिक रूप से अव्यवहारिक बना दिया है,** जिससे आपूर्ति में कमी आई है। **अत: कथन 2 सही है।**
- सरकार ने **अभी तक पोषक तत्त्वों की खरीद के लिये प्रति एकड़ भुगतान प्रणाली लागू नहीं की है,** इसे मौजूदा उत्पाद-विशिष्ट सब्सिडी को बदलने के लिये एक संभावित समाधान के रूप में सुझाया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**13. (A)**

**व्याख्या:**

**ओरल रिहाइड्रेशन थेरेपी (ORT) :**

- डॉ. रिचर्ड कैश और डेविड नलिन ने 1960 के दशक में **बांग्लादेश में ORT का पहला नैदानिक परीक्षण किया** , जिससे हैजा के रोगियों में अंत:शिरा तरल पदार्थ की आवश्यकता को महत्त्वपूर्ण रूप से कम करने में इसकी प्रभावशीलता साबित हुई।
- ORT को **सरल सामग्री** (उबला हुआ पानी, चीनी और नमक) का उपयोग करके बनाया जाता है जिसे घर पर तैयार किया जा सकता है, जिससे निर्जलीकरण के लिये **अत्यधिक लागत प्रभावी उपचार के रूप में इसकी पहचान में योगदान मिलता है। अत: कथन 1 सही है।**
- जबकि ORT हैजा के कारण होने वाले निर्जलीकरण के प्रबंधन में अत्यधिक प्रभावी है, यह रोग को स्वयं **समाप्त नहीं करता है।** ORT निर्जलीकरण के लक्षणों का इलाज करता है लेकिन हैजा को रोकता या ठीक नहीं करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**14. (B)**

**व्याख्या:**

**विनिर्माण में भारत की आर्थिक चुनौतियाँ और अवसर:**

- भारत का अधिकांश कार्यबल **अभी भी कृषि (लगभग 45%) में लगा हुआ है,** जबकि विनिर्माण में केवल 11% और सेवाओं में 30% है, जो विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ाने की आवश्यकता को दर्शाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **अत्यधिक अनुपालन** और लगातार परिवर्तन जैसी विनियामक चुनौतियाँ मुख्य रूप से छोटी फर्मों को प्रभावित करती हैं, जिससे उत्पादकता तथा विकास सीमित हो जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- हाल के सुधारों और निवेशों के कारण भारत में बुनियादी ढाँचे और कौशल की कमी गंभीर मुद्दों से प्रबंधनीय चुनौतियों में बदल गई है। **अत: कथन 3 सही है।**

**15. (A)**

**व्याख्या:**

**निकट पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिये संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (UNRWA):**

- UNRWA गाजा और वेस्ट बैंक जैसे क्षेत्रों में कमज़ोर समुदायों को स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और रोज़गार जैसी **आवश्यक सेवाएँ प्रदान** करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह प्रतिबंध संभावित रूप से मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा (UDHR) और जिनेवा सम्मेलनों जैसी **अंतर्राष्ट्रीय संधियों के साथ टकराव करता है, जो नागरिकों के लिये मौलिक अधिकारों और संसाधनों तक पहुँच की सुरक्षा** पर जोर देते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - आवश्यक सेवाओं तक पहुँच सीमित करने से गरीबी और आक्रोश बढ़ सकता है, जिससे क्षेत्र में अस्थिरता पैदा हो सकती है।

**16. (A)**

**व्याख्या:**

**आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY):**

- **दिल्ली और पश्चिम बंगाल ने** PM-JAY से बाहर निकलने का विकल्प चुना है, उनका दावा है कि उनके पास अधिक व्यापक राज्य स्वास्थ्य योजनाएँ हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- जबकि PM-JAY ने आउट-ऑफ-पॉकेट (OOP) खर्चों को कम कर दिया है, यह आउट-पेशेंट परामर्श को कवर नहीं करता है, जो इसके वित्तीय प्रभाव को सीमित करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**17. (A)**

**व्याख्या:**

- क्षय रोग **माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस के कारण होने वाला एक संक्रमण** है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

- यह व्यावहारिक रूप से **शरीर के किसी भी अंग को प्रभावित** कर सकता है। सबसे सामान्य फेफड़े, फुफ्फुस (फेफड़ों के चारों ओर अस्तर), **लिम्फ नोड्स,** आँतों, रीढ़ और मस्तिष्क हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के आँकड़ों से पता चलता है कि भारत में पिछले 8 वर्षों में TB की घटनाओं में 18% की गिरावट दर्ज की गई है, जो वैश्विक गिरावट 8% से दोगुनी है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**18. (A)**

**व्याख्या:**
- प्रतिबंध मूलत: प्रतिबंध लगाने वाली इकाई और जिस पर प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं, के बीच आर्थिक संबंधों को प्रतिबंधित या पूरी तरह से समाप्त कर देते हैं। प्रतिबंधों में आयात या निर्यात प्रतिबंध, व्यापार से इनकार, परिसंपत्तियों को जब्त करना, किसी देश या देशों के समूह की बैंकिंग प्रणालियों और मुद्रा के उपयोग पर प्रतिबंध आदि शामिल हो सकते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रतिबंध लगाने से हमेशा आर्थिक पतन नहीं होता है, जैसा कि रूस के मामले में देखा गया है क्योंकि भारी पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद इसकी अर्थव्यवस्था पटरी से नहीं उतरी है, क्योंकि भारत और चीन जैसे अन्य देश इसके साथ व्यापार करना जारी रखते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- प्रतिबंध केवल व्यक्तिगत देशों द्वारा ही नहीं बल्कि संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा भी लगाए जा सकते हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**19. (B)**

**व्याख्या:**
- अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के अनुसार स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR) उन्नत परमाणु रिएक्टर होते हैं, जिन्हें बेहतर सुरक्षा और दक्षता के लिये डिज़ाइन किया गया है। उनकी विद्युत उत्पादन क्षमता आमतौर पर 30 MWe से लेकर 300 MWe से अधिक तक होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- SMR में "मॉड्यूलर" शब्द कारखानों में SMR का निर्माण करने और उन्हें इकाइयों के रूप में स्थापना स्थल तक ले जाने की क्षमता को संदर्भित करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- SMR विद्युत् उत्पादन या प्रत्यक्ष औद्योगिक अनुप्रयोगों, जैसे हाइड्रोजन उत्पादन, रासायनिक प्रसंस्करण और धातु गलाने के लिये ऊष्मा उत्पन्न करने के लिये परमाणु विखंडन का उपयोग करते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**20. (A)**

**व्याख्या:**
- कार्बन सिंक एक प्राकृतिक या कृत्रिम प्रणाली है जो वायुमंडल से जितना कार्बन छोड़ती है, उससे ज़्यादा अवशोषित करती है, कार्बन सिंक द्वारा वायुमंडल से कार्बन अवशोषित करने की प्रक्रिया को कार्बन सीक्वेस्ट्रेशन के रूप में जाना जाता है। प्रभावी कार्बन सिंक कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) और सल्फर डाइऑक्साइड (SO2) सहित अन्य प्रदूषकों को कम करने में मदद कर सकते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्राकृतिक कार्बन सिंक, जैसे कि महासागर, मृदा और वन, कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित और संग्रहीत करते हैं, पृथ्वी की जलवायु को नियंत्रित करते हैं, गर्मियों के तापमान को कम करते हैं और शहरी गर्मी को कम करते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**21. (C)**

**व्याख्या:**
- पेरिस समझौते के लक्ष्यों के अनुसार, विश्व को तापमान में वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर की तुलना में 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे, संभवत: 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखना होगा। **अत: कथन 1 सही है।**
- पेरिस **समझौता** जलवायु परिवर्तन पर कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय संधि है। इसे वर्ष 2015 में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन COP21 में अपनाया गया था, जिसमें वर्ष 2025 से पहले जलवायु वित्त पर एक नया सामूहिक परिमाणित लक्ष्य (NCQG) निर्धारित करने का निर्णय लिया गया था, जिसकी राशि प्रति वर्ष कम-से-कम 100 बिलियन अमरीकी डॉलर होगी और इसमें विकासशील देशों की ज़रूरतों और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखा जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**

**22. (B)**

**व्याख्या:**
- SRO-FT को अपने सदस्यों के लिये बाजार आचरण, शासन, जोखिम प्रबंधन और साइबर सुरक्षा पर आधारभूत मानक विकसित करने का कार्य सौंपा गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- SRO-FT अनैतिक प्रथाओं की निगरानी करने और फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिये एक निगरानी संस्था के रूप में कार्य करेगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- फिनटेक के लिये SRO-FT सदस्यता स्वैच्छिक है, अनिवार्य नहीं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**23. (C)**

**व्याख्या:**

**जैवविविधता पर कन्वेंशन (CBD) के पक्षकारों का 16वाँ सम्मेलन (COP-16) कैली, कोलंबिया में संपन्न हुआ।**

- COP-16:
- आनुवंशिक संसाधनों पर डिजिटल अनुक्रम जानकारी से न्यायसंगत लाभ-साझाकरण सुनिश्चित करने के लिये कैली फंड का संचालन, जिसमें कम-से-कम 50% स्वदेशी लोगों और स्थानीय समुदायों की ज़रूरतों के लिये समर्पित होगा।
    - CBD पक्षकारों ने **जैवविविधता और स्वास्थ्य पर एक वैश्विक कार्य योजना को मंज़ूरी दी, जिसे ज़ूनोटिक रोगों के उद्भव तथा** गैर-संचारी रोगों को रोकने एवं सतत् पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने में मदद करने हेतु डिज़ाइन किया गया है।
- **अतः विकल्प C सही है।**

**24. (B)**

**व्याख्या:**

- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) की स्थापना वर्ष 1988 में एक गैर-सांविधिक निकाय के रूप में की गई थी और यह भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 के तहत एक वैधानिक निकाय बन गया, जो 30 जनवरी, 1992 को लागू हुआ था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- सभी नियामक एजेंसियों को संबंधित संसदीय स्थायी समितियों के दायरे में लाया जाना चाहिये, जैसा कि वर्ष 2009 में द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग (ARC) द्वारा सिफारिश की गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**

**25. (B)**

**व्याख्या:**

**अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (ANRF):**

- ANRF का उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी और सामाजिक विज्ञान सहित विभिन्न विषयों में अनुसंधान और नवाचार को वित्तपोषित करके भारत के अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को मज़बूत करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ANRF केवल सरकारी ही नहीं, बल्कि **सार्वजनिक और निजी दोनों संस्थानों में अनुसंधान परियोजनाओं का समर्थन** करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- ANRF के तहत फाउंडेशन की भागीदारी त्वरित नवाचार और अनुसंधान (PAIR) कार्यक्रम भारतीय शिक्षण और अनुसंधान संस्थानों के बीच **सहयोगी परियोजनाओं को प्रोत्साहित** करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**26. (A)**

**व्याख्या:**

**भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) विनियमः**

- आधार अधिनियम अज्ञात मृत व्यक्तियों की पहचान के मामले में भी फिंगरप्रिंट और आईरिस स्कैन सहित मुख्य बायोमेट्रिक जानकारी **साझा करने पर रोक लगाता** है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- आधार अधिनियम की धारा 33(1) **सीमित डेटा प्रकटीकरण की अनुमति देती** है, लेकिन केवल उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के स्तर से नीचे के न्यायाधीश के न्यायालय आदेश के साथ। **अतः कथन 2 सही है।**
- अधिनियम के अनुसार, अज्ञात शवों से संबंधित पुलिस जाँच के लिये भी आधार कोर बायोमेट्रिक डेटा तक पहुँचने के लिये उच्च न्यायालय के आदेश की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**27. (D)**

**व्याख्या:**

- **वर्तमान UGC विनियम** अंतःविषयक नियुक्ति का समर्थन नहीं करते हैं, क्योंकि वे अपनी शैक्षिक पृष्ठभूमि में लगातार विषय विशेषज्ञता वाले उम्मीदवारों के लिये संकाय नियुक्तियों को प्रतिबंधित करते हैं। **अतः कथन I सही नहीं है।**
    - अकादमिक प्रदर्शन सूचकांक (API) प्रणाली के माध्यम से 2018 UGC नियम, प्रकाशन जैसे मात्रात्मक मैट्रिक्स पर अधिक जोर देते हैं तथा अक्सर नवीन शिक्षण विधियों और उद्योग सहयोग की अनदेखी करते हैं।
- NEP 2020 संकाय भर्ती में **अधिक लचीलेपन और स्वायत्तता का समर्थन करता है, उच्च शिक्षा संस्थानों को एक व्यापक मूल्यांकन दृष्टिकोण अपनाने के लिये प्रोत्साहित करता है जो पारंपरिक API मैट्रिक्स से परे विविध योगदानों को महत्त्व देता है। अतः कथन II सही है।**
- **अतः विकल्प D सही है क्योंकि कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।**

नोट :

**28. ( B )**

**व्याख्या:**

**जलवायु परिवर्तन के लिये निजी क्षेत्र का वित्तपोषण:**

- विकासशील देशों को वर्ष 2030 तक जलवायु वित्त में लगभग 5.9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता होने की उम्मीद है, जिसका मुख्य कारण विकास के लिये जीवाश्म ईंधन पर उनकी निरंतर निर्भरता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- निजी क्षेत्र के जलवायु वित्त ने मुख्य रूप से **अनुकूलन के बजाय शमन पर ध्यान केंद्रित किया है** , जिसमें केवल 11% अनुकूलन परियोजनाओं के लिये आवंटित किया गया है, जो कि **अधिकतर विकसित देशों** में है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- निजी जलवायु वित्त का **अधिकांश हिस्सा कम जोखिम वाले देशों पर केंद्रित** है, जिससे कम आय वाले देशों के लिये केवल 15% ही बचा है, जहाँ जलवायु वित्तपोषण की सबसे अधिक आवश्यकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**29. ( D )**

**व्याख्या:**

**भारत के रोज़गार परिदृश्य में संविदाकरण:**

- भारत के औपचारिक विनिर्माण क्षेत्र में ठेका श्रमिकों की हिस्सेदारी **2001-02 में 21.8% से बढ़कर** 2022-23 में 40.7% हो गई है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **बिहार में केरल ( 23.8% ) की तुलना में ठेका मज़दूर के रूप में कार्यरत औद्योगिक कार्यबल का हिस्सा अधिक** ( 68.6% ) है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- अनुबंधित कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों के समान नौकरी के लाभ और सुरक्षा नहीं मिलती है, जिसमें नौकरी की सुरक्षा, बीमा और सवेतन छुट्टी शामिल है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**30. ( B )**

**व्याख्या:**

**भारत में ड्रोन प्रौद्योगिकी:**

- **ड्रोन को वास्तव में कई सरकारी परियोजनाओं में एकीकृत** किया जा रहा है, जिससे कृषि, बुनियादी ढाँचा, आपदा प्रबंधन और शहरी नियोजन जैसे क्षेत्रों में बदलाव आ रहा है, जिससे प्रगति में तेज़ी आ रही है और दक्षता बढ़ रही है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **'ड्रोन दीदी' मिशन का** उद्देश्य महिलाओं को, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण देकर उन्हें सशक्त बनाना है। यह पहल रोज़गार के नए अवसर पैदा करती है और उद्यमशीलता को बढ़ावा देती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्तमान में भारत में छोटे ड्रोन में इस्तेमाल होने वाले 90% से अधिक फ्लाइट कंट्रोलर **चीन से आयात किये जाते हैं**, न कि स्वदेशी रूप से निर्मित होते हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**31. ( C )**

**व्याख्या:**

**मुक्त व्यापार समझौते ( FTA ):**

- भारत सरकार ने हाल ही में अनपेक्षित रियायतों को रोकने और घरेलू उद्योगों को समर्थन देने के लिये **FTA पर बातचीत से ब्रेक लेने का फैसला किया है। अत: कथन 1 सही है।**
- **पूर्वी एशियाई देशों** के साथ भारत की FTA वार्ताओं के कारण पहले व्यापार असंतुलन की स्थिति बनी, आयात में वृद्धि हुई और भारत के लिये बाज़ार पहुँच लाभ नहीं मिल पाया। **अत: कथन 2 सही है।**

**32. ( C )**

**व्याख्या:**

**समुदाय के भौतिक संसाधनों पर सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय:**

- निर्णय स्पष्ट करता है कि **सभी निजी संसाधन** "समुदाय के भौतिक संसाधनों" के अंतर्गत नहीं आते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह निर्णय **राज्य की शक्ति को प्रतिबंधित करता है तथा** सार्वजनिक उपयोग के लिये निजी संपत्ति को अपने अधीन करने के लिये कठोर औचित्य की आवश्यकता होती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **"पब्लिक ट्रस्ट सिद्धांत" को** समुदाय-लाभकारी संसाधनों की पहचान करने के सिद्धांत के रूप में समर्थन दिया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**
    - सार्वजनिक न्यास सिद्धांत भारत में एक कानूनी सिद्धांत है जो जनता के उपयोग के लिये प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा और संरक्षण हेतु **राज्य की ज़िम्मेदारी स्थापित करता है** ।

**33. ( A )**

**व्याख्या:**

**अब्राहम समझौते:**

- अब्राहम समझौते में **इजरायल, UAE**, बहरीन, सूडान और **मोरक्को** शामिल थे। मिस्र ने इस समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किये थे। UAE और बहरीन इजरायल के साथ संबंधों को सामान्य करने वाले पहले देश थे, उसके बाद **सूडान और मोरक्को** का स्थान रहा।
- **अत: विकल्प A सही है।**

नोट :

**34. (C)**

**व्याख्या:**

**ओलंपिक:**

- यदि भारत ओलंपिक की मेज़बानी करता है, तो यह सिर्फ खेल से संबंधित मामला नहीं होगा, बल्कि यह **देश की आर्थिक वृद्धि, सॉफ्ट पावर** और नेतृत्व संबंधी महत्त्वाकांक्षाओं को प्रदर्शित करने का भी मौका होगा, क्योंकि भारत सरकार नें वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है।
- **अत: विकल्प C सही है।**

**35. (B)**

**व्याख्या:**

**निजी संपत्ति के मामले में सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय:**

- सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय में **निजी संपत्ति के अधिकार और राज्य शक्ति के बीच संतुलन को स्पष्ट करने की मांग की गई थी,** विशेष रूप से संविधान में राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के तहत राज्य के हस्तक्षेप को कैसे अपनाया जाना चाहिये। **अत: कथन 1 सही है।**
- सर्वोच्च न्यायालय ने यह **निर्णय नहीं दिया कि** निजी संपत्ति को हमेशा **"समुदाय का भौतिक संसाधन"** माना जाता है। इसके बजाय इसने स्पष्ट किया कि क्या **निजी संपत्ति "समुदाय का भौतिक संसाधन"** है, यह **विशिष्ट संदर्भों पर निर्भर करता है** और हर मामले में अलग-अलग होता है। न्यायालय ने पिछली व्याख्या को खारिज कर दिया, जिसमें निजी संपत्ति को इस श्रेणी में स्वत: ही शामिल कर लिया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **निर्णय में माना गया है कि संसाधनों के अधिक न्यायसंगत वितरण को बढ़ावा देना** राज्य की ज़िम्मेदारी है, लेकिन यह इस बात पर जोर देता है कि यह निजी संपत्ति अधिकारों की सीमाओं के भीतर किया जाना चाहिये, जिससे सभी के लिये निष्पक्षता तथा आर्थिक परिणाम सुनिश्चित हो सकें। **अत: कथन 3 सही है।**

**36. (A)**

**व्याख्या:**

- विश्व बैंक की **हालिया रिपोर्ट "वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट 2024: मिडिल इनकम ट्रैप"** में आगामी दशकों में उच्च आय का दर्जा हासिल करने में भारत समेत 100 से अधिक देशों के समक्ष आने वाली महत्त्वपूर्ण चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**37. (D)**

**व्याख्या:**

**शैक्षिक ऋण:**

- भारत में 90% से अधिक शिक्षा ऋण का उपयोग देश के प्रमुख संस्थानों में अध्ययन के लिये नहीं, बल्कि विदेश में अध्ययन हेतु किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- पीएम विद्यालक्ष्मी योजना 4.5 लाख रुपए तक की पारिवारिक आय वाले छात्रों के लिये अधिस्थगन अवधि के दौरान पूर्ण ब्याज अनुदान प्रदान करती है और 8 लाख रुपए तक की पारिवारिक आय वाले छात्रों के लिये 3% ब्याज अनुदान प्रदान करती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **जबकि यह योजना ऋण पहुँच प्रदान करके वित्तीय बाधाओं को संबोधित करती है, यह भारत में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक संस्थानों की कमी** के मुद्दे को संबोधित नहीं करती है, जो एक महत्त्वपूर्ण चिंता का विषय बना हुआ है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**38. (A)**

**व्याख्या:**

**भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI):**

- भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना वर्ष 1935 में हुई थी और पिछले कुछ वर्षों में यह वित्तीय स्थिरता और मूल्य स्थिरता दोनों ज़िम्मेदारियों को संतुलित करते हुए विकसित हुआ है। **अत: कथन 1 सही है।**
- RBI अधिनियम में 2016 के संशोधन के साथ प्रस्तुत किया गया RBI का मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढाँचा, मुद्रास्फीति नियंत्रण के साथ-साथ आर्थिक विकास उद्देश्यों पर विचार करने के लिये लचीलापन प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**39. (A)**

**व्याख्या:**

**क्षय रोग (TB) के प्रबंधन में भारत की प्रगति:**

- **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की वैश्विक तपेदिक भार** पर नवीनतम रिपोर्ट में पिछले आठ वर्षों में पता लगाए गए और निदान न किये गए मामलों के बीच के अंतर को कम करने में भारत द्वारा की गई प्रगति को स्वीकार किया गया है।
- भारत में TB की घटनाओं में 18% की गिरावट दर्ज की गई, जो **वैश्विक गिरावट से दोगुनी से भी ज़्यादा है,** लेकिन 50% की गिरावट नहीं है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- प्रगति के बावजूद, भारत को कुपोषण, अपर्याप्त जागरूकता और अपर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जो वर्ष 2025 तक TB के पूर्ण उन्मूलन में बाधा डालती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- WHO की रिपोर्ट बताती है कि TB रोगियों, विशेष रूप से अधिक घातक रूपों वाले लोगों को कवर करने के लिये स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम **का विस्तार करने** की अभी भी आवश्यकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**40. ( B )**

**व्याख्या:**

**सिंधु जल संधि ( IWT ):**

- IWT भारत को पूर्वी नदियों (रावी, सतलुज और ब्यास) पर मालिकाना अधिकार और पाकिस्तान को पश्चिमी नदियों (सिंधु, झेलम और चिनाब) पर अधिकार देता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **अंतर्राष्ट्रीय जल कानून में "समान और उचित उपयोग" ( ERU )** का सिद्धांत सिंधु बेसिन के जल प्रवाह को प्रभावित करने वाले जलवायु परिवर्तन जैसे अप्रत्याशित मुद्दों को हल करने में मदद कर सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**41. ( B )**

**व्याख्या:**

**भारत के नीति निर्माण में चुनौतियाँ और सुधार:**

- परिवर्तन के प्रति प्रतिरोध और जड़ जमाए हुए **पारंपरिक व्यवहारों को** भारत की नीति निर्माण प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण चुनौतियों के रूप में उजागर किया जाता है, जो अक्सर देरी का कारण बनता है और नीति प्रभावशीलता को प्रभावित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- हालाँकि संविधान **सामूहिक मंत्रिस्तरीय ज़िम्मेदारी को अनिवार्य करता है,** लेकिन अंतर-मंत्रालयी असहमति को हल करने के लिये कोई मानकीकृत प्रक्रिया नहीं है, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर मंत्रालयों द्वारा स्वतंत्र समझौते किये जाते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- नीति निर्माण में डिजिटल प्रौद्योगिकियों और AI को अपनाने से दक्षता बढ़ाने, डेटा-संचालित निर्णय लेने में सक्षम बनाने और पारदर्शिता बढ़ाने की इसकी क्षमता को मान्यता मिली है, जैसा कि डिजिटल इंडिया जैसी पहलों से पता चलता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**42. ( C )**

**व्याख्या:**

- **भारत के विकसित भारत@2047 विजन का** उद्देश्य देश की आर्थिक स्थिति को बढ़ाकर और समान विकास के लिये प्रति व्यक्ति आय में सुधार करके आर्थिक परिवर्तन करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय **औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम ( NICDP )** भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र में बदलने के लिये स्मार्ट बुनियादी ढाँचे के साथ औद्योगिक शहर बनाने पर ध्यान केंद्रित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - NICDP बड़े व्यवसायों और MSME के बीच साझेदारी को बढ़ावा देता है, औद्योगिक पार्कों और अनुसंधान सहयोग के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देता है।

**43. ( A )**

**व्याख्या:**

**इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023:**

- **संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ( UNFPA )** और अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (IIPS) मुंबई ने हाल ही में भारत एजिंग रिपोर्ट 2023 जारी की, जिसमें बताया गया है कि भारत की बुजुर्ग आबादी (60 वर्ष से अधिक) 2050 तक दोगुनी होकर कुल जनसंख्या के **20% से अधिक** हो जाएगी।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**44. ( B )**

**व्याख्या:**

**भारतीय रिज़र्व बैंक की जलवायु जोखिम सूचना प्रणाली ( RB-CRIS ):**

- RB-CRIS को बैंकों और वित्तीय संस्थानों को उनके समग्र जोखिम प्रबंधन और विनियामक अनुपालन में जलवायु जोखिम आकलन को शामिल करने में सहायता करने के लिये **मानकीकृत जलवायु डेटा प्रदान करने हेतु डिज़ाइन** किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- RB-CRIS का एक प्राथमिक लाभ यह है कि यह बैंकों को **परिदृश्य विश्लेषण और तनाव परीक्षण करने में सक्षम** बनाता है, जिससे उन्हें अपने पोर्टफोलियो, पूंजी पर्याप्तता तथा समग्र वित्तीय स्थिरता पर जलवायु परिवर्तन के संभावित प्रभावों को समझने में मदद मिलती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- जबकि RB-CRIS जलवायु जोखिम के आकलन का समर्थन करता है, इसका मुख्य उद्देश्य सभी कार्बन-गहन उद्योगों को **कम**

नोट :

**ऋण देना लागू करना नहीं है।** इसके बजाय, **यह जलवायु जोखिम प्रबंधन के लिये एक संतुलित दृष्टिकोण का समर्थन करता है** और कार्बन-गहन उद्योगों पर निर्भर क्षेत्रों के लिये "न्यायसंगत संक्रमण" को प्रोत्साहित करता है, नीति निर्माताओं को सहायक रणनीति विकसित करने की सलाह दी जाती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**45. ( D )**

**व्याख्या:**

**जलवायु वित्त और COP29:**

- 2024 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (UNFCCC COP29) नवंबर 2024 में बाकू, अज़रबैजान में आयोजित होगा।
    - COP29 का उद्देश्य वैश्विक दक्षिण के लिये **बेहतर जलवायु वित्तपोषण को सुरक्षित करना है, वैश्विक उत्तर और दक्षिण के बीच प्रतिकूल वार्ता के बजाय सहयोग** पर जोर देना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **जलवायु संबंधी परियोजनाओं हेतु पूंजी की लागत** विकासशील देशों में अधिक है, जिससे वैश्विक दक्षिण के लिये किफायती वित्त तक पहुँचना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वैश्विक दक्षिण देशों को कर छूट, राजस्व-साझाकरण तंत्र और पूंजी-गहन हरित क्षेत्रों के लिये मांग एकत्रीकरण की पेशकश करके **निवेश आकर्षण बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित** किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**46. ( A )**

**व्याख्या:**

**क्षेत्रीय असमानता और आर्थिक विकास:**

- संतुलित विकास के उद्देश्य के बावजूद, भारत में क्षेत्रीय असमानताएँ बढ़ी हैं, बिहार में **आर्थिक संकेतक सबसे कम हैं,** जिसकी तुलना उप-सहारा राज्यों से की जा सकती है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - बिहार की आर्थिक समस्याएँ **उच्च जनसंख्या वृद्धि,** महिला कार्यबल की कम भागीदारी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक कम पहुँच के कारण और भी जटिल हो गई हैं, जिससे इसका समग्र विकास प्रभावित हो रहा है।
- **फ्रेट इक्वलाइजेशन स्कीम और हरित क्रांति** जैसी नीतियों ने क्षेत्रीय असमानताओं को बढ़ावा दिया, जिससे पंजाब और हरियाणा जैसे कुछ राज्यों को बिहार जैसे पूर्वी राज्यों पर तरजीह मिली। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**47. ( B )**

**व्याख्या:**

**भारतीय रिज़र्व बैंक ( RBI ) का रुख:**

- RBI ने **गैर-खाद्य, गैर-ईंधन मुद्रास्फीति को प्रबंधित करने के लिये ब्याज दरें उच्च रखी हैं,** क्योंकि उच्च ब्याज दरें तेज़ी से उधार देने और नए पैसे के निर्माण को हतोत्साहित करती हैं, जिससे मुद्रास्फीति नियंत्रित होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- रेपो दर कम करने से **जमा ब्याज दरें कम हो सकती हैं**, जिससे परिवार जमा को स्टॉक में स्थानांतरित करने के लिये प्रोत्साहित हो सकते हैं, जिससे अल्पकालिक जमा बढ़ सकते हैं और बैंकों की परिसंपत्ति-देयता असंतुलन की स्थिति और भी खराब हो सकती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- शेयर बाज़ार के रुझान **RBI के निर्णयों को अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर सकते हैं**, क्योंकि लंबे समय तक गिरावट शेयरों में घरेलू रुचि को कम कर सकती है, जिससे RBI को बैंकों को अस्थिर किये बिना दरों में कटौती करने की अनुमति मिल सकती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**48. ( C )**

**व्याख्या:**

**उत्तर प्रदेश मदरसा अधिनियम, 2004 पर सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय:**

- इसने माना कि संवैधानिक संशोधन की वैधता की जाँच करने के लिये **मूल ढाँचे के सिद्धांत को** लागू किया जाना चाहिये, न कि किसी साधारण कानून को। **अत: कथन 1 सही है।**
- किसी सामान्य कानून का परीक्षण करते समय न्यायालयों को केवल **विधायी क्षमता** और मौलिक अधिकारों के साथ संगति को देखना चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसने आगे कहा कि धार्मिक संस्था को अपने मामलों का प्रबंधन करने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है जिसे किसी भी कानून द्वारा कम नहीं किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**49. ( A )**

**व्याख्या:**

**मूसी नदी:**

- मूसी नदी **हैदराबाद, तेलंगाना से** होकर बहती है और शहर की भूगोल और शहरी नियोजन के लिये केंद्रीय है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- मूसी नदी **कृष्णा नदी** की सहायक नदी है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- मूसी नदी का उद्गम महाराष्ट्र में नहीं बल्कि **तेलंगाना में अनंतगिरी पहाड़ियों होती** है और कृष्णा नदी में मिलने से **पहले हैदराबाद से पूर्व की ओर बहती** है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**50. (D)**

**व्याख्या:**

- मूल ब्रिक्स समूह में ब्राज़ील, रूस, भारत और चीन शामिल थे, और वर्ष 2011 में दक्षिण अफ्रीका भी इसमें शामिल हो गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- ब्रिक्स समूह में सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र, इथियोपिया और ईरान सहित पाँच नए सदस्य शामिल हुए। **अत: कथन 2 सही है।**

**51. (B)**

**व्याख्या:**

**वैश्विक शीतलन प्रयास:**

- क्वाड राष्ट्रों (ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका) द्वारा जारी विलमिंगटन घोषणापत्र, सतत् ऊर्जा समाधानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में उच्च दक्षता वाली शीतलन प्रणालियों पर जोर देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत ने मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के किगाली संशोधन के तहत वर्ष 2047 तक **हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (HFC) को 85% तक कम करने की प्रतिबद्धता** जताई है। **अत: कथन 2 सही है।**
- दुबई में 2023 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP28) में प्रस्तुत की गई वैश्विक शीतलन प्रतिज्ञा (Global Cooling Pledge) **गैर-बाध्यकारी है,** जिसका लक्ष्य वर्ष 2050 तक शीतलन उत्सर्जन को 68% कम करना है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**52. (A)**

**व्याख्या:**

**क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP):**

- RCEP समझौते में **10 आसियान देश** (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्याँमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम) और उनके पाँच मुख्य मुक्त व्यापार समझौता (FTA) साझेदार: चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- RCEP का प्राथमिक लक्ष्य सदस्य देशों के बीच व्यापार और निवेश हेतु **अधिक खुला तथा कुशल वातावरण बनाना है, इसमें मुख्य रूप से टैरिफ में कमी करके** एवं सीमाओं के पार वस्तुओं व सेवाओं के लिये बाज़ार पहुँच में सुधार किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- RCEP वर्तमान में अपने सदस्य देशों के संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद, कुल जनसंख्या और निर्यात मूल्य के संदर्भ में **विश्व स्तर पर सबसे बड़ा FTA है।** लगभग 26 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर की संयुक्त GDP, लगभग 2.27 बिलियन की आबादी तथा 5.2 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर के निर्यात के साथ यह विश्व की अर्थव्यवस्था के एक महत्त्वपूर्ण हिस्से को दर्शाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**53. (B)**

**व्याख्या:**

**सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS):**

- वर्तमान में भारत की लगभग **57% आबादी PDS के अंतर्गत** आती है, जिससे यह सवाल उठता है कि क्या इस तरह की व्यापक कवरेज आवश्यक है या इसे सबसे गरीब आबादी की ओर लक्षित किया जाना चाहिये। **अत: कथन 1 सही है।**
- PDS के माध्यम से वितरण के लिये निर्धारित चावल और गेहूँ का लगभग 28% लाभार्थियों **तक नहीं पहुँच पाता है, जिससे अनुमानित वार्षिक घाटा 69,108 करोड़** रुपए है। **अत: कथन 2 सही है।**
- जबकि PoS मशीनों ने PDS में लीकेज को 46% से घटाकर 28% कर दिया है, लेकिन उन्होंने इन नुकसानों को पूरी तरह से समाप्त नहीं किया है, जो सिस्टम में और सुधार की आवश्यकता को दर्शाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**54. (C)**

**व्याख्या:**

**भारत में वैकल्पिक विवाद समाधान (ADR):**

- भारत की न्यायिक प्रणाली में अकुशलताएँ, जिसमें विवाद समाधान में देरी भी शामिल है, FDI में गिरावट में योगदान करती हैं क्योंकि वे निवेशकों के लिये अनिश्चित वातावरण बनाती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम, 2015 की शुरुआत के बावजूद भारत की वाणिज्यिक न्यायालय में देरी और प्रक्रियात्मक चुनौतियों ने विदेशी निवेशकों को हतोत्साहित किया है, क्योंकि देरी और अस्थायी अदालती आदेशों को बार-बार दिया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- GIFT सिटी में नियोजित मध्यस्थता केंद्रों जैसे विकास से, कुशल और लागत प्रभावी सेवाएँ प्रदान करके, विदेशी मध्यस्थता केंद्रों पर निर्भरता को कम करके ADR गंतव्य के रूप में **भारत की अपील को बढ़ाया** जा सकता है। **अतः कथन 3 सही है**

**55. ( C )**

**व्याख्या:**

**देखभाल-केंद्रित अर्थव्यवस्था:**

- देखभाल-केंद्रित अर्थव्यवस्था देखभाल कर्मियों के लिये **पर्याप्त मुआवज़े** और सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता देगी तथा आशा, आँगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं तथा घरेलू देखभालकर्त्ताओं द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण में निभाई जाने वाली महत्त्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करेगी। **अतः कथन 1 सही है।**
- देखभाल-केंद्रित आर्थिक सुधार, **वृद्धजनों के लिये सामाजिक पेंशन और बेहतर बाल देखभाल बुनियादी ढाँचे** जैसी मज़बूत सार्वजनिक सहायता प्रणालियों की आवश्यकता पर जोर देते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- देखभाल-केंद्रित दृष्टिकोण में सांस्कृतिक और शैक्षिक बदलाव भी शामिल हैं। सहानुभूति तथा देखभाल कौशल को व्यक्तिगत विकास के मूल्यवान पहलुओं के रूप में बढ़ावा देकर, विशेष रूप से पुरुषों के बीच, **यह सफलता के अधिक समग्र दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करता है** जो आर्थिक प्रतिस्पर्द्धा से परे है एवं इसमें पारस्परिक संबंध व भावनात्मक समर्थन शामिल है। **अतः कथन 3 सही है।**

**56. ( A )**

**व्याख्या:**

**भारतीय रुपए की स्थिरता:**

- रुपए की हालिया स्थिरता प्राकृतिक बाज़ार ताकतों के कारण नहीं है, बल्कि आरबीआई द्वारा इसके मूल्यवृद्धि और मूल्यह्रास को नियंत्रित करने के लिये **जानबूझकर किये गए हस्तक्षेप के कारण है। अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- 2022 के अंत से, RBI ने रुपए की कीमत में वृद्धि और मूल्यह्रास को रोकने के लिये **विदेशी मुद्रा बाज़ार में सक्रिय रूप से हस्तक्षेप किया है, जिससे रुपए को प्रभावी रूप से स्थिर** किया जा सका है। **अतः कथन 2 सही है।**
- RBI की हस्तक्षेप रणनीति में पारदर्शिता की कमी से **निजी क्षेत्र के प्रतिभागियों में अनिश्चितता पैदा होती है,** जो यह अनुमान नहीं लगा पाते कि केंद्रीय बैंक कब और कैसे कार्य करेगा, जिससे विदेशी मुद्रा बाज़ार में भ्रम की स्थिति पैदा होती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**57. ( A )**

**व्याख्या:**

    - **चीन+1 भू-अर्थशास्त्र** से तात्पर्य **विनिर्माण** और आपूर्ति शृंखलाओं को चीन पर भारी निर्भरता से दूर विविधतापूर्ण बनाने की रणनीति से है।
- चीन वैश्विक विनिर्माण पर हावी है, वर्तमान में विश्व उत्पादन में उसकी हिस्सेदारी 32 प्रतिशत है।
    - चीन विश्व का सबसे बड़ा व्यापारी है, निर्यात में अग्रणी और आयात में दूसरे स्थान पर है, और यह निर्मित वस्तुओं का शीर्ष निर्यातक है, जिसमें चीनी तथा विदेशी दोनों कंपनियों के उत्पाद शामिल हैं। **अत: कथन II सही है।**
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है।**

**134. (D)**

**व्याख्या:**

- पंजाब में हरित क्रांति ने इस क्षेत्र में खेती की जाने वाली फसलों की **विविधता को काफी हद तक कम** कर दिया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- खरीफ की बुआई के चक्र में बदलाव के कारण नवंबर में दिल्ली-NCR के वायु प्रदूषण में पंजाब और हरियाणा में पराली जलाना एक प्रमुख योगदानकर्त्ता बन गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**135. (B)**

**व्याख्या:**

- भारत में बड़ी बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के विलंबित निष्पादन के कारण लागत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और परियोजना की व्यवहार्यता कम हो गई है। **अत: कथन I सही है।**
- भारत में सब्सिडी युक्तिकरण अधूरा है, उर्वरक और खाद्य सब्सिडी अभी भी राजकोषीय तनाव का कारण बन रही है। **अत: कथन II सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।**

**136. (C)**

**व्याख्या:**

**भारत का अद्यतन राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC):**

- भारत ने 2 अक्तूबर, 2015 को **जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC)** में अपना इच्छित राष्ट्रीय निर्धारित योगदान (NDC) प्रस्तुत किया ।
- **पेरिस समझौते** के अनुच्छेद 4 में प्रावधान है कि प्रत्येक पक्ष प्रत्येक पाँच वर्ष में राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित अंशदान की जानकारी देगा।
- पेरिस समझौते के उपर्युक्त प्रावधान के अनुसरण में भारत ने 2 अक्तूबर, 2015 को प्रस्तुत अपनी पहली NDC को वर्ष 2030 तक की अवधि के लिये निम्नानुसार अद्यतन किया है:
    - भारत का लक्ष्य वर्ष 2005 के स्तर से 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद की **उत्सर्जन तीव्रता को 45% तक कम** करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक अतिरिक्त वन और वृक्ष आवरण के माध्यम से 2.5 से 3 बिलियन टन CO2 समतुल्य **अतिरिक्त कार्बन सिंक** बनाना है। **अत: कथन 2 सही है।**

**137. (A)**

**व्याख्या:**

**उत्सर्जन अंतर रिपोर्ट 2024:**

- हाल ही में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) ने बाकू, अज़रबैजान में UNFCCC बैठक के COP 29 से पहले उत्सर्जन अंतराल रिपोर्ट 2024 जारी की।
    - रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि यदि देश वर्तमान पर्यावरण नीतियों को बनाए रखते हैं, तो **वैश्विक तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर** से 3.1°C अधिक बढ़ जाएगा ।
    - **भारत के उत्सर्जन में 6.1% की वृद्धि हुई है** जबकि समग्र वैश्विक उत्सर्जन वर्ष 2022 की तुलना में 2023 में 1.3% बढ़ा।

**अत: विकल्प A सही है ।**

नोट :

**138. (B)**

**व्याख्या:**

**द्विपक्षीय निवेश संधियाँ (BIT)**

- हालाँकि भारत ने वर्ष 2015 में एक **मॉडल BIT को अपनाया था**, लेकिन वह इस मॉडल पर आधारित मुट्ठी भर BIT पर हस्ताक्षर करने में मुश्किल से कामयाब रहा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- एक सामान्य BIT को दो उद्देश्य पूरे करने चाहिये। सबसे पहले इसे **निवेश संरक्षण और विनियमन के लिये राज्य के संप्रभु अधिकार के प्रतिस्पर्द्धी लक्ष्यों को संतुलित** करना चाहिये। **दूसरा इसमें** निवेशक-राज्य विवाद निपटान (ISDS) न्यायाधिकरणों के **विवेक को कम करने** के लिये स्पष्ट प्रावधान होने चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत-UAE द्वारा हाल ही में हस्ताक्षरित BIT 2014 की संधि की जगह लेगी। यह महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर 2015 मॉडल BIT से अलग है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
    - भारत-UAE BIT 31 अगस्त, 2024 को लागू हुआ, जिससे पूर्ववर्ती द्विपक्षीय निवेश संवर्धन एवं संरक्षण समझौते (BIPPA) की समाप्ति के बाद **निवेश संरक्षण की निरंतरता सुनिश्चित हुई।**

**139. (C)**

**व्याख्या:**

**AI में नैतिक और नियामक चुनौतियाँ:**

- सामान्य **डेटा संरक्षण विनियमन (GDPR)** के अनुसार उपयोगकर्त्ता की सहमति स्वतंत्र रूप से, विशिष्ट, सूचित और बिना किसी दबाव के दी जानी चाहिये। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत के **डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (DPDP) अधिनियम, 2023 का** उद्देश्य डिजिटल बाज़ारों में पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्ष प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ाना है। **अत: कथन 2 सही है।**

**140. (D)**

**व्याख्या:**

- **ओम राठौड़ बनाम स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक एवं अन्य, 2024 के मामले में सर्वोच्च न्यायालय** ने मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित उम्मीदवार के लिये चिकित्सा क्षेत्र में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया। **अत: कथन 1 सही है।**
- **राजीव रतूड़ी बनाम भारत संघ एवं अन्य, 2024 में सर्वोच्च न्यायालय** ने केंद्र को तीन महीने के भीतर सभी क्षेत्रों में गैर-परक्राम्य सुलभता मानदंडों का एक समूह बनाने का निर्देश दिया। **अत: कथन 2 सही है।**

**141. (B)**

**व्याख्या:**

**हेडलाइन मुद्रास्फीति:**

- हेडलाइन मुद्रास्फीति एक अर्थव्यवस्था के भीतर कुल मुद्रास्फीति का एक माप है, जिसमें खाद्य और ऊर्जा की कीमतें जैसी **वस्तुएँ शामिल हैं** , जो बहुत अधिक अस्थिर होती हैं और मुद्रास्फीति में वृद्धि की संभावना होती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- हेडलाइन मुद्रास्फीति का आँकड़ा **उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) के माध्यम से रिपोर्ट किया जाता है,** जो वस्तुओं की एक निश्चित बास्केट खरीदने की लागत की गणना करता है ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि व्यापक अर्थव्यवस्था में कितनी मुद्रास्फीति हो रही है। **अत: कथन 2 सही है।**

**142. (A)**

**व्याख्या:**

**तरल नैनो यूरिया:**

- यह नैनो कण के रूप में यूरिया का एक प्रकार है।
- यह यूरिया के परंपरागत विकल्प के रूप में पौधों को नाइट्रोजन प्रदान करने वाला एक पोषक तत्त्व (तरल) है। **अत: कथन 1 सही है।**
- तरल नैनो यूरिया को जून 2021 में **भारतीय किसान और उर्वरक सहकारी लिमिटेड (IFFCO) द्वारा** लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह उर्वरक एक पत्तेदार स्प्रे है, जिसका अर्थ है कि इसका उपयोग केवल फसलों पर पत्तियाँ आने के बाद ही किया जाना चाहिये। **अत: कथन 3 सही है।**

**143. (A)**

**व्याख्या:**

**परमाणु ऊर्जा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) का अंतर्संबंध:**

- इलेक्ट्रिक पावर इंस्टीट्यूट द्वारा उजागर किये गए अनुसार, AI की ऊर्जा मांगों **से स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों पर दबाव पड़ने का अनुमान** है। इस प्रकार AI की बढ़ती ऊर्जा मांग वैश्विक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन लक्ष्यों में काफी देरी कर सकती है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- माइक्रोसॉफ्ट और अमेज़न जैसी तकनीकी कंपनियाँ AI संचालन की स्वच्छ ऊर्जा माँगों को पूरा करने के लिये **परमाणु ऊर्जा की खोज कर** रही हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- नए परमाणु संयंत्रों का निर्माण **बेहद महंगा है**, हाल की परियोजनाओं की लागत अरबों डॉलर है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**144. ( B )**

**व्याख्या:**

- **प्रक्रिया सुधार लक्षित होते हैं,** मौजूदा प्रणालियों में वृद्धिशील परिवर्तन, न कि आर्थिक ढाँचे का पूर्ण पुनर्गठन। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- लेबलिंग नियमों में विनियामक विखंडन विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) के लिये अनुपालन चुनौतियाँ उत्पन्न करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- विनियामक अद्यतनों के लिये एक निश्चित कैलेंडर से व्यवसायों के लिये पूर्वानुमानशीलता बढ़ सकती है तथा लागत कम हो सकती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**145. ( A )**

**व्याख्या:**

**तेभागा आंदोलन ( 1946-47 ):**

- यह बंगाल में 1946-47 में बंगीय प्रादेशिक किसान सभा (BPKS) के नेतृत्व में शुरू हुआ **किसान प्रतिरोध** था।
- इसने फसल की कटाई में **जोतदारों ( ज़मींदारों ) के हिस्से को आधे से घटाकर एक तिहाई करने की मांग** की। **पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना ज़िले** में काकद्वीप आंदोलन के केंद्रों में से एक के रूप में उभरा।
- लगभग **40% बटाईदार किसानों** को भूमिधारकों द्वारा स्वेच्छा से दिये गए तेभागा अधिकार (दो-तिहाई हिस्से) प्राप्त हुए, अन्यायपूर्ण और अवैध वसूली को निरस्त या कम किया गया।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**146. ( C )**

**व्याख्या:**

- **संपत्ति कर** का आकलन करदाता के स्वामित्व वाली संपत्ति स्टॉक या शुद्ध संपत्ति की कुल राशि पर किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **संपत्ति कर का उदाहरण:** संपत्ति कर, उपहार कर और उत्तराधिकार कर एकमुश्त या अनियमित रूप से लगाए जाने वाले संपत्ति कर के उदाहरण हैं।
- **आयकर** संपत्ति के स्टॉक से होने वाले प्रवाह पर लगाया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**147. ( A )**

**व्याख्या:**

**इंडियास्टैक:**

- इंडिया स्टैक **API ( एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफ़ेस ) का एक सेट** है जो सरकारों, व्यवसायों, स्टार्टअप और डेवलपर्स को उपस्थिति-रहित, पेपरलेस और कैशलेस सेवा वितरण की दिशा में भारत की कठिन समस्याओं को हल करने के लिये एक अद्वितीय डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करने की अनुमति देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इंडिया स्टैक के माध्यम से भारत, डेटा एम्पावरमेंट प्रोटेक्शन आर्किटेक्चर (DPI) पर निर्मित सभी तीन मूलभूत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI), डिजिटल पहचान (आधार), रियल-टाइम फास्ट पेमेंट (DPI) और अकाउंट एग्रीगेटर विकसित करने वाला **पहला देश** बन गया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - DPI से तात्पर्य डिजिटल पहचान, भुगतान अवसंरचना और डेटा विनिमय समाधान जैसे **ब्लॉक या प्लेटफॉर्म से है, जो देशों को अपने लोगों को आवश्यक सेवाएँ प्रदान करने, नागरिकों को सशक्त बनाने और डिजिटल समावेशन को सक्षम करके जीवन में सुधार करने में** मदद करते हैं।
  - **DEPA एक डिजिटल ढाँचा तैयार करता है** जो उपयोगकर्त्ताओं को अपने डेटा को अपनी शर्तों पर एक तृतीय पक्ष संस्था के माध्यम से साझा करने की अनुमति देता है, जिसे सहमति प्रबंधक के रूप में जाना जाता है।

**148. ( D )**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2009 में COP15 में प्रस्तुत किये गए कोपेनहेगन **समझौते ने** 2°C वार्मिंग सीमा निर्धारित की और विकसित देशों को कमज़ोर देशों में जलवायु क्रियाओं को वित्तपोषित करने पर ज़ोर दिया, लेकिन एक बाध्यकारी संधि नहीं बनाई। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2015 में COP21 में अपनाए गए पेरिस समझौते का उद्देश्य वैश्विक तापमान को 2°C से नीचे, अधिमानतः 1.5°C तक सीमित करना था और प्रत्येक देश के लिये राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) की शुरुआत की गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

**149. (A)**

**व्याख्या:**

**न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP):**

- MSP की शुरुआत वर्ष 1965 में कृषि मूल्य आयोग (APC), जिसे बाद में CACP नाम दिया गया, की स्थापना के साथ की गई थी। यह राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा को बढ़ाने और किसानों को बाज़ार मूल्यों में गिरावट से बचाने के लिये बाज़ार हस्तक्षेप का एक रूप था। **अतः कथन 1 सही है।**
- MSP वह **गारंटीकृत राशि** है जो किसानों को तब दी जाती है जब सरकार उनकी फसल खरीदती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **MSP कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP)** की सिफारिशों पर आधारित है, जो उत्पादन लागत, मांग तथा आपूर्ति, बाज़ार मूल्य रुझान, अंतर-फसल मूल्य समानता आदि जैसे विभिन्न कारकों पर विचार करता है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - CACP कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है। यह जनवरी 1965 में अस्तित्व में आया।
- CACP, 22 अधिदिष्ट फसलों (Mandated Crops) के लिये MSP और गन्ने के लिये उचित तथा लाभकारी मूल्य (FRP) की सिफारिश करता है। **अतः कथन 4 सही नहीं है।**
  - अधिदिष्ट फसलों में खरीफ सीज़न की 14 फसलें, 6 रबी फसलें और 2 अन्य वाणिज्यिक फसलें शामिल हैं।

**150. (B)**

**व्याख्या:**

**भारत का खाद्य प्रसंस्करण उद्योग:**

- खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा-53 के अंतर्गत भ्रामक दावे या विज्ञापन देना दंडनीय अपराध है। **अतः कथन 1 सही है।**
- खाद्य सुरक्षा और मानक (बिक्री पर प्रतिषेध और प्रतिबंध) विनियम, 2011 के तहत फलों को पकाने के लिये कैल्शियम कार्बाइड के उपयोग पर **प्रतिबंध लगा दिया** गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इसके बजाय FSSAI ने भारत में फलों को पकाने के लिये एक सुरक्षित विकल्प के रूप में "एथिलीन गैस" के उपयोग की अनुमति दी है, क्योंकि यह एक प्राकृतिक रूप से उत्पन्न होने वाला हार्मोन है जो पकने की प्रक्रिया को नियंत्रित करता है।
- भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में अधिकांश खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों के लिये **स्वचालित मार्ग के तहत 100% FDI** की अनुमति है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**151. (A)**

**व्याख्या:**

**मार्गदर्शित पिनाका शस्त्र प्रणाली:**

- हाल ही में, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने प्रोविजनल स्टाफ क्वालिटेटिव रिक्वायरमेंट्स (PSQR) वैलिडेशन ट्रायल के भाग के रूप में मार्गदर्शित पिनाका शस्त्र प्रणाली के उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे किये।
  - यह एक मल्टी **बैरल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम** है, जिसे DRDO की प्रयोगशाला, आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (ARDE) द्वारा डिज़ाइन किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भगवान शिव के धनुष के नाम पर रखा गया पिनाका एक बहुमुखी और उच्च परिशुद्धता वाला रॉकेट सिस्टम है। **अतः कथन 2 सही है।**
- हथियार प्रणाली के प्रारंभिक संस्करण को मार्क I कहा जाता था, जिसकी मारक क्षमता 40 किमी. थी। उन्नत संस्करण या पिनाका मार्क II की मारक क्षमता 70 से 80 किमी. है , जिसे भविष्य में 120 किमी. और 300 किमी तक बढ़ाने की योजना है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**152. (D)**

**व्याख्या:**

**भारत-जापान संबंध:**

- **भारत और जापान के बीच सह-विकास समझौते पर हस्ताक्षर के बाद भारतीय युद्धपोत जल्द ही** जापानी यूनिकॉर्न (यूनिफाइड कॉम्प्लेक्स रेडियो एंटीना) संचार मस्तूल के साथ अपने **एंटीना सिस्टम को** अपग्रेड करेंगे। **अतः कथन 1 सही है।**
- यूनिकॉर्न मस्तूल के शीर्ष पर और जहाज़ के ऊपरी डेक पर वितरित एंटेना के बजाय, एकल मस्तूल के भीतर **व्यक्तिगत एंटेना का एक इष्टतम** स्थान प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**153. (B)**

**व्याख्या:**

**स्थानीय सरकार:**

- स्थानीय सरकार संविधान की **सातवीं अनुसूची (सूची II)** के तहत **राज्य का विषय** है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **अनुच्छेद 243G** स्थानीय निकायों को शक्तियों के हस्तांतरण का प्रावधान करता है, जिससे वे बुनियादी ढाँचे और सेवाओं को प्रदान करने में प्रमुख अभिकर्त्ता बन जाते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2002 से नगरपालिका वित्त सकल घरेलू उत्पाद का सिर्फ 1% रहा है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

- शहरी निवेश में नगर निकाय 45% का योगदान करते हैं, जबकि शेष का प्रबंधन अर्द्ध-सरकारी एजेंसियाँ करती हैं।
- **पंद्रहवें वित्त आयोग की रिपोर्ट** के अनुसार, नगरपालिका के कुल राजस्व का लगभग 23% हिस्सा खर्च नहीं हो पाता है, जो नगरपालिका प्रणाली में अधिशेष को दर्शाता है, जिसका अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग किये जाने की आवश्यकता है।

**154. ( B )**

**व्याख्या:**

**जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ( UNFCCC ) कॉन्फ्रेंस ऑफ द पार्टीज 29 ( COP29 ):**

- जलवायु वित्त पर नए सामूहिक परिमाणित लक्ष्य (NCQG) का लक्ष्य **विकासशील देशों के लिये जलवायु वित्त को** 2035 तक 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के पिछले लक्ष्य से तीन गुना बढ़ाकर 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष करना है, जिसमें विकसित देश अग्रणी भूमिका निभाएंगे। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- COP29 ने कार्बन बाज़ारों के लिये तंत्र को अंतिम रूप देने के लिये एक ऐतिहासिक समझौता किया, जिसमें **देश-दर-देश व्यापार** (पेरिस समझौते का अनुच्छेद 6.2) और संयुक्त राष्ट्र (UN) के तहत एक केंद्रीकृत कार्बन बाज़ार (पेरिस समझौते का अनुच्छेद 6.4) शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - अनुच्छेद 6.2, देशों के बीच पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों के आधार पर कार्बन क्रेडिट का व्यापार करने के लिये द्विपक्षीय समझौतों की अनुमति देता है।
  - पेरिस समझौता ऋण व्यवस्था (जिसे अनुच्छेद 6.4 के नाम से भी जाना जाता है) का उद्देश्य एक केंद्रीकृत, संयुक्त राष्ट्र-प्रबंधित कार्बन उत्सर्जन ऑफसेट और व्यापार प्रणाली विकसित करना है।
- अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन और UAE सहित 30 से अधिक देशों ने जैविक अपशिष्ट से मीथेन को कम करने पर COP29 घोषणा का समर्थन किया (भारत हस्ताक्षरकर्त्ता नहीं है)। **अत: कथन 3 सही है।**

**155. ( C )**

**व्याख्या:**

**कैरेबियाई समुदाय ( CARICOM ):**

- कैरीकॉम **21 देशों,** 15 सदस्य देशों और 6 सहयोगी सदस्यों का समूह है, जिसमें द्वीपीय देश और सूरीनाम और गुयाना जैसे मुख्य भूमि क्षेत्र शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- कैरिकॉम की स्थापना वर्ष 1973 में चार संस्थापक सदस्यों बारबाडोस, गुयाना, जमैका और त्रिनिदाद और टोबैगो द्वारा **चगुआरामस की संधि पर हस्ताक्षर** के साथ हुई थी। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह समुदाय अफ्रीकी, भारतीय, यूरोपीय, चीनी, पुर्तगाली और स्वदेशी पृष्ठभूमि के लोगों से बना है।
- भारत-कैरिकॉम मंत्रिस्तरीय बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं, जिनमें संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के दौरान उल्लेखनीय कार्यक्रम होते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**156. ( D )**

**व्याख्या:**

**प्रत्यक्ष विदेशी निवेश ( FDI ):**

- इससे अक्सर कारखानों, उपयोगिताओं और परिवहन नेटवर्क सहित **महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का विकास होता है। अत: कथन 1 सही है।**
- यह बेहतर घरेलू प्रतिस्पर्द्धात्मकता सहित परिचालन के **वैश्विक अनुकूलन** की अनुमति देता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह विशाल विश्व बाज़ार तक पहुँच प्रदान करता है और भारतीय अर्थव्यवस्था में धीमी अवधि में फर्म को जोखिम से बचाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**157. ( C )**

**व्याख्या:**

**जैव विविधता पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ( CBD ) के पक्षकारों का 16वाँ सम्मेलन ( COP-16 ):**

- पार्टियों ने अनुच्छेद 8j पर एक **नया स्थायी सहायक निकाय स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की** जो स्वदेशी लोगों के ज्ञान, नवाचारों और प्रथाओं के संरक्षण और रखरखाव से संबंधित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- पार्टियों ने दुनिया भर में जैव विविधता पहलों का समर्थन करने हेतु वर्ष 2030 तक वार्षिक 200 बिलियन अमेरिकी डॉलर सुरक्षित करने में मदद करने के लिये एक नई **"संसाधन जुटाने की रणनीति" विकसित करने पर सहमति** व्यक्त की। **अत: कथन 2 सही है।**
- COP-16 ने विकासशील देशों के बीच क्षमता निर्माण, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और ज्ञान-साझाकरण के माध्यम से असमानताओं को दूर करने में मदद करने के लिये एक **नई विषयगत कार्य योजना प्रस्तुत की। अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**158. ( C )**

**व्याख्या:**

**कैली फंड:**

- कैली फंड की स्थापना आनुवंशिक संसाधनों पर डिजिटल सीक्वेंस इनफार्मेशन (DSI)/डिजिटल अनुक्रम सूचना के उपयोग से होने वाले लाभों का **निष्पक्ष और न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करने** के लिये की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
  - DSI जीनोम अनुक्रम (जीनोमिक सीक्वेंस) पर्यावरण और जैविक अनुसंधान में मूल रूप से भूमिका निभाने वाले डेटा को संदर्भित करता है।
- कैली फंड का **कम-से-कम 50% हिस्सा स्वदेशी लोगों और स्थानीय समुदायों, विशेषकर महिलाओं तथा युवाओं** की स्वत: पहचानी गई आवश्यकताओं पर केंद्रित होगा। **अत: कथन 2 सही है।**

**159. ( A )**

**व्याख्या:**

**कैथोलिक पादरियों के लिये कर छूट:**


- भारत में कैथोलिक पादरियों और ननों के लिये कर छूट की शुरुआत **20वीं सदी के मध्य में हुई थी**, ताकि समाज में पादरियों और ननों के योगदान को मान्यता दी जा सके। **अत: कथन 1 सही है।**
- सर्वोच्च न्यायालय ने धार्मिक प्रथाओं के आधार पर कर **छूट को रद्द** कर दिया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि यह छूट भारत के धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के विपरीत है, जिसमें कर समानता पर जोर दिया गया है।

**160. ( B )**

**व्याख्या:**

**कज़ान घोषणा:**

- कज़ान **घोषणा** एक दस्तावेज़ है जिसे 22-24 अक्तूबर, 2024 तक रूस के कज़ान में आयोजित **16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन** में अपनाया गया था।
  - शिखर सम्मेलन में नए सदस्य देशों की भागीदारी को प्रदर्शित किया गया, जिससे ब्रिक्स+ गठबंधन के भीतर बढ़ते प्रभाव और विविधता पर जोर दिया गया।
- **अत: विकल्प B सही है।**



**161. ( B )**

**व्याख्या:**

**रोगाणुरोधी प्रतिरोध ( AMR ):**

- AMR तब होता है जब रोगाणु उनके खिलाफ उपयोग की जाने वाली दवाओं पर प्रतिक्रिया करना बंद कर देते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- दवा प्रतिरोधी संक्रमणों का इलाज करना **लगभग असंभव है** और ये कई लोगों की जान ले लेते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2015 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने पहली वैश्विक निगरानी पहल, वैश्विक रोगाणुरोधी प्रतिरोध और उपयोग निगरानी प्रणाली (GLASS) शुरू की। **अतः कथन 3 सही नहीं है ।**
  - यह देशों को देश-स्तरीय AMR डेटा साझा करने के लिये एक मानकीकृत प्रक्रिया प्रदान करता है। इस वर्ष फरवरी तक, GLASS में 137 देशों ने भाग लिया।

**162. ( A )**

**व्याख्या:**

**नाइजीरिया:**

- **यह अफ्रीका के पश्चिमी तट** पर स्थित है और इसे अक्सर "अफ्रीका का विशालकाय" देश कहा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसकी सीमा उत्तर में नाइजर, पूर्व में चाड और कैमरून, दक्षिण में गिनी की खाड़ी और पश्चिम में बेनिन से लगती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- नाइजर नदी और इसकी सबसे बड़ी सहायक नदी, बेनुए नदी, प्रमुख नदियाँ हैं।

**163. ( D )**

**व्याख्या:**

**गुयाना:**

- **यह दक्षिण अमेरिका के उत्तरी तट** पर स्थित है, जिसकी सीमा वेनेजुएला, ब्राजील और सूरीनाम से लगती है तथा उत्तर में अटलांटिक महासागर है। **अतः कथन 1 सही है।**
- एस्सेकिबो नदी गुयाना की सबसे बड़ी नदी है। **अतः कथन 2 सही है।**
- पकाराइमा पर्वत, कनुकु पर्वत और अकाराई पर्वत प्रमुख पर्वत श्रृंखलाएँ हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**164. ( A )**

**व्याख्या:**

**वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक ( AQLI )**

- AQLI एक **प्रदूषण सूचकांक** है, जो गणना करता है कि कणिका पदार्थ वायु प्रदूषण से जीवन प्रत्याशा पर कितना प्रभाव पड़ता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- हाल ही में **शिकागो विश्वविद्यालय के ऊर्जा नीति संस्थान ( EPIC )** ने एयर क्वालिटी लाइफ इंडेक्स (AQLI) 2024 जारी किया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - भारत में लगभग 40% जनसंख्या ऐसे वातावरण में जीवन निर्वाह करती है, जिसमें वायु गुणवत्ता का स्तर वार्षिक PM2.5 सीमा 40 $\mu g/m^3$ से अधिक है।

**165. ( C )**

**व्याख्या:**

**नेबरहुड फर्स्ट नीति:**

- नेबरहुड फर्स्ट नीति की अवधारणा वर्ष 2008 में अस्तित्व में आई। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह दृष्टिकोण **कनेक्टिविटी**, आधारभूत संरचना, विकास सहयोग, सुरक्षा और लोगों के बीच बेहतर संपर्क को बढ़ावा देने को प्राथमिकता देता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- पड़ोसी देशों के साथ संलग्नता का भारत का दृष्टिकोण परामर्श, गैर-पारस्परिकता और ठोस परिणाम प्राप्त करने पर केंद्रित रहा है। **अतः कथन 3 सही है।**

**166. ( B )**

**व्याख्या:**

**औद्योगिक श्रमिकों के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक:**

- श्रम और रोज़गार मंत्रालय के तहत श्रम ब्यूरो (Labour Bureau) **हर महीने** औद्योगिक श्रमिकों के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI-IW) संकलित कर रहा है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- CPI-IW का उपयोग मुख्य रूप से केंद्र/राज्य सरकार के कर्मचारियों और औद्योगिक क्षेत्रों में कामगारों को दिये जाने वाले महँगाई भत्ते (Dearness Allowance-DA) के निर्धारण के लिये किया जाता है, इसके अलावा खुदरा कीमतों में मुद्रास्फीति को मापने, अनुसूचित रोज़गार में न्यूनतम मज़दूरी के निर्धारण और संशोधन के लिये भी इसका उपयोग किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

**167. ( A )**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ( ICC ):**

- अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय सामान्यत: नर-संहार, युद्ध अपराध, मानवता के विरुद्ध अपराध और आक्रमण का अपराध जैसे गंभीर अपराधों से संबंधित मामलों की जाँच करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **यह रोम संविधि** नामक एक अंतर्राष्ट्रीय संधि द्वारा शासित है । **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत, चीन एवं अमेरिका रोम संविधि के पक्षकार देश नहीं है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**168. ( C )**

**व्याख्या:**

- **केशवानंद भारती मामला, 1973** में सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि पंथनिरपेक्षता संविधान के मूल ढाँचे का हिस्सा है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - मूल ढाँचा सिद्धांत के अनुसार भारतीय संविधान के कुछ मुख्य तत्त्वों को बदला या हटाया नहीं जा सकता है।
- **मेनका गांधी मामला, 1978** में सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर बल दिया गया कि जीवन के अधिकार में सम्मान के साथ जीने का अधिकार भी शामिल है, जो सभी नागरिकों के लिये जीवन की उचित गुणवत्ता सुनिश्चित करने के समाजवादी सिद्धांत हेतु आवश्यक है।

**169. ( B )**

**व्याख्या:**

**प्रस्तावना:**

- इसे 26 नवंबर 1949 को अपनाया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- संविधान के अधिकार का स्रोत भारत के लोगों के पास है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **42वें संशोधन अधिनियम, 1976 ने** प्रस्तावना में "समाजवादी", "धर्मनिरपेक्ष" और "अखंडता" शब्द जोड़े गए। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**170. ( B )**

**व्याख्या:**

- **अनुच्छेद 39( c )** इस बात पर जोर देता है कि आर्थिक प्रणाली के परिणामस्वरूप धन और उत्पादन के साधनों का सामान्य नुकसान के लिये संकेंद्रण नहीं होना चाहिये। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - **भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44** में कहा गया है कि राज्य को यह सुनिश्चित करने के लिये कार्य करना चाहिये कि पूरे देश में सभी नागरिकों के लिये **समान नागरिक संहिता ( UCC ) लागू हो।**
- **डी.एस. नाकारा और अन्य बनाम भारत संघ** ( 1982 ) में, न्यायालय ने कहा कि संविधान में समाजवाद का बुनियादी ढाँचा कामकाजी लोगों को एक सभ्य जीवन स्तर तथा जन्म से लेकर मृत्यु तक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, जो भारत में कल्याणकारी राज्य की भूमिका को दोहराता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**171. ( D )**

**व्याख्या:**

**कॉर्निया:**

- कॉर्निया आँख की पतली, पारदर्शी बाहरी परत है। **अत: कथन 1 सही है।**
- संक्रमण, दुर्घटना या जन्मजात स्थितियाँ इसे अपारदर्शी बना सकती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत में 50 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों में **कॉर्नियल अपारदर्शिता अंधेपन का दूसरा प्रमुख कारण है, और कम आयु वालों में यह प्राथमिक कारण** है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - भारत में लगभग 1.2 मिलियन लोग कॉर्नियल अपारदर्शिता से पीड़ित हैं और उनमें से लगभग एक तिहाई का इलाज कॉर्नियल प्रत्यारोपण से किया जा सकता है। ये संख्याएँ भारत को विश्व में कॉर्नियल अंधेपन से पीड़ित सबसे बड़ी आबादी में से एक बनाती हैं।
- अधिकांश कॉर्नियल अंधापन **रोकथाम योग्य** या उपचार योग्य है। **अत: कथन 4 सही है।**
  - उपचार के लिये पात्र लोगों के लिये, कॉर्निया प्रत्यारोपण सर्जरी एक प्रभावी हस्तक्षेप है।

**172. ( B )**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे जैव विविधता ( BBNJ ) समझौता:**

- इसका उद्देश्य **समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करना** और राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र से परे क्षेत्रों में संसाधनों के सतत उपयोग को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- इसके प्रावधान **तीन उद्देश्यों पर ध्यान केंद्रित** करते हैं, समुद्री जैव विविधता का संरक्षण, समुद्री आनुवंशिक संसाधनों से लाभों का न्यायसंगत बँटवारा सुनिश्चित करना और हानिकारक गतिविधियों के लिये पर्यावरणीय प्रभाव आकलन को अनिवार्य बनाना। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत ने हाल ही में राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे जैव विविधता (BBNJ) समझौते पर **हस्ताक्षर किये** हैं जिसे **हाई सी ट्रीटी** के रूप में भी जाना जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**173. (D)**

**व्याख्या:**

- भारत ने UNFCCC, COP28 में **ग्रीन क्रेडिट पहल की शुरुआत की, ताकि** नवीन पर्यावरण कार्यक्रमों और उपकरणों के आदान-प्रदान के लिये एक **सहभागी वैश्विक मंच बनाया जा सके। अतः कथन 1 सही है।**
- जल शक्ति मंत्रालय के तहत **राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) के नेतृत्व में UNFCCC, COP28 में ग्लोबल रिवर सिटीज अलायंस (GRCA)** लॉन्च किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**
- ग्लोबल **स्टॉकटेक (GST) वर्ष** 2015 में पेरिस समझौते के तहत स्थापित एक आवधिक समीक्षा तंत्र है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - ग्लोबल स्टॉकटेक (GST) पाठ का पाँचवाँ संस्करण COP28 में जारी किया गया और बिना किसी आपत्ति के इसे अपना लिया गया।

**174. (C)**

**व्याख्या:**

**प्राकृतिक कृषि (NF):**

- **प्राकृतिक कृषि (NF)** एक रसायन मुक्त कृषि है जिसमें स्थानीय पशुधन एकीकृत प्राकृतिक खेती के तरीके, विविध फसल प्रणाली आदि शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **प्राकृतिक खेती (NF)** स्थानीय ज्ञान और स्थान-विशिष्ट प्रौद्योगिकियों में निहित स्थानीय कृषि-पारिस्थितिकी सिद्धांतों का पालन करती है तथा स्थानीय कृषि-पारिस्थितिकी के अनुसार विकसित होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन (NMNF) को वैज्ञानिक रूप से पुनर्जीवित करने और कृषि प्रथाओं को मज़बूत करने** के लिये एक बदलाव के रूप में शुरू किया गया है ताकि किसान परिवारों तथा उपभोक्ताओं हेतु स्थिरता, जलवायु लचीलापन एवं स्वस्थ भोजन प्राप्त किया जा सके। **अतः कथन 3 सही है।**

**175. (A)**

**व्याख्या:**

**बाह्य अंतरिक्ष:**

- **बाह्य अंतरिक्ष,** जिसे अंतरिक्ष अथवा आकाशीय अंतरिक्ष के रूप में भी जाना जाता है, पृथ्वी के वायुमंडल से परे और आकाशीय पिंडों के बीच विशाल विस्तार को संदर्भित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह एक निर्वात है जो पृथ्वी के वायुमंडल से परे मौजूद है तथा पूरे ब्रह्मांड में अनिश्चित काल तक के लिये फैला हुआ है।
  - बेहद कम **घनत्त्व और दबाव** के साथ-साथ वायु एवं अन्य वायुमंडलीय तत्त्वों की अनुपस्थिति बाह्य अंतरिक्ष की विशेषता है।
- **सामान्यतः "बाह्य अंतरिक्ष पर पांच संयुक्त राष्ट्र संधियों"** के रूप में संदर्भित संधियाँ हैं: बाह्य अंतरिक्ष संधि 1967, बचाव समझौता 1968, दायित्व अभिसमय 1972, पंजीकरण अभिसमय 1976, तथा द मून एग्रीमेंट 1979।
  - भारत इन सभी पाँच संधियों का हस्ताक्षरकर्त्ता है, **लेकिन उसने केवल चार का अनुसमर्थन किया है।** भारत ने मून एग्रीमेंट की पुष्टि नहीं की है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**176. (D)**

**व्याख्या:**

- **भारतीय अंतरिक्ष नीति 2023** निजी क्षेत्र के अभिकर्त्ताओं की भूमिका को परिभाषित करती है और सरकारी तथा निजी दोनों अंतरिक्ष गतिविधियों के लिये प्राधिकरण प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय **राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe)** एक एकल-खिड़की एजेंसी के रूप में कार्य करता है, जो निजी क्षेत्र के सहयोग को बढ़ावा देता है तथा उद्योग समूहों, विनिर्माण केंद्रों एवं ऊष्मायन केंद्रों का समर्थन करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL)** इसरो की वाणिज्यिक शाखा है और यह उच्च तकनीक सहयोग को बढ़ावा देती है, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण तथा संसाधनों को एकत्रित करके निजी क्षेत्र की भागीदारी की मांग पैदा करती है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

**177. ( C )**

**व्याख्या:**

**ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान ( GRAP ):**

- ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) स्थिति की गंभीरता के अनुसार दिल्ली-NCR क्षेत्र में **वायु प्रदूषण के मुद्दों को संबोधित करने के लिये एक संरचित दृष्टिकोण के रूप में कार्य** करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- दिल्ली-NCR के लिये GRAP को **वायु गुणवत्ता के चार चरणों में विभाजित किया गया है** - चरण 1 "खराब" वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) के लिये जो 201 से 300 के बीच है, चरण 2 "बहुत खराब" AQI 301-400, चरण 3 "गंभीर" AQI 401-450 और चरण 4 "गंभीर प्लस" AQI 450 से अधिक। **अत: कथन 2 सही है।**

**178. ( B )**

**व्याख्या:**

**भारतीय औषधकोश आयोग ( IPC ):**

- यह स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन एक **स्वायत्त संस्था है** और इसकी अध्यक्षता स्वास्थ्य सचिव करते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह अशुद्धियों की स्वीकार्य सीमा और ऐसी अशुद्धियों के लिये जेनेरिक दवाओं के परीक्षण हेतु विश्लेषणात्मक तरीकों सहित **मानक निर्धारित करने** के लिये ज़िम्मेदार है। **अत: कथन 2 सही है।**

**179. ( A )**

**व्याख्या:**

- अक्तूबर 1993 में एन. एन. वोहरा द्वारा प्रस्तुत **वोहरा समिति की रिपोर्ट में** राजनीति के अपराधीकरण और भारत में **अपराध और राजनीति के बीच गठजोड़ की जाँच** की गई थी। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- **चुनाव सुधारों** पर **दिनेश गोस्वामी समिति ( 1990 ) की** स्थापना वर्ष 1990 में पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बुलाई गई एक अंतर-राजनीतिक पार्टी की बैठक द्वारा दिये गए कुछ सुझावों की जाँच के लिये की गई थी। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
  - **इस समिति ने अनेक विषयों** पर अपनी सिफारिशें दीं , जैसे कि चुनाव आयोग का गठन, उसकी स्वतंत्रता सुनिश्चित करना, तथा मतदाता सूचियों का उचित प्रबंधन आदि।
- कुछ सरकारी रिपोर्टों ने चुनावों के राज्य वित्तपोषण की जाँच की है, जिनमें **चुनावों के राज्य वित्तपोषण** पर **इंद्रजीत गुप्ता समिति** (1998), चुनावी कानूनों के सुधार पर विधि आयोग की रिपोर्ट (1999), आदि शामिल हैं। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

**180. ( C )**

**व्याख्या:**

- **कृषि लागत एवं मूल्य आयोग ( CACP )** प्रत्येक फसल के लिये तीन प्रकार की उत्पादन लागतों की गणना करता है, जो राज्य और अखिल भारतीय औसत स्तर पर होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **'A2':** इसमें किसान द्वारा बीज, उर्वरक, कीटनाशक, श्रम, पट्टे पर ली गई भूमि, ईंधन, सिंचाई आदि पर सीधे नकद और वस्तु के रूप में किये गए सभी भुगतान एवं व्यय शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- **'A2+FL':** इसमें A2 के साथ अवैतनिक पारिवारिक श्रम का अनुमानित मूल्य शामिल है।
- **'C2':** यह अधिक व्यापक लागत है, जिसमें A2+FL के अतिरिक्त स्वामित्व वाली भूमि और अचल पूंजीगत परिसंपत्तियों के लिये किराया और ब्याज भी शामिल होता है।

**181. ( D )**

**व्याख्या:**

**गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ ( NBFC ):**

- गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) **कंपनी अधिनियम, 1956 अथवा कंपनी अधिनियम, 2013** के तहत पंजीकृत एक कंपनी है, जो ऋण प्रदान करने, प्रतिभूतियों में निवेश, पट्टे, बीमा जैसी विभिन्न वित्तीय गतिविधियों में अपनी भूमिका निभाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ये कंपनियाँ न्यूनतम 12 माह और अधिकतम 60 माह के लिये **जनता की जमा राशियाँ स्वीकार कर** सकती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - हालाँकि NBFC को मांग जमा (Demand Deposit) स्वीकार करने की अनुमति नहीं होती है।
- ये भुगतान और निपटान प्रणाली का हिस्सा नहीं बनते हैं तथा स्वयं आहरित चेक जारी नहीं कर सकते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**182. (B)**

**व्याख्या:**

- **पूर्वोत्तर भारत** 21 किलोमीटर चौड़े सिलीगुड़ी कॉरिडोर के माध्यम से भारतीय हृदयभूमि से जुड़ा हुआ है, जिसे आमतौर पर चिकन नेक (Chicken Neck) के रूप में जाना जाता है, जो **रेडक्लिफ लाइन द्वारा बनाया** गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सिलीगुड़ी कॉरिडोर भूटान, बांग्लादेश और नेपाल से घिरा हुआ है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- पूर्वोत्तर की सीमा **चार देशों से लगती है,** अर्थात् उत्तर में चीन और भूटान, पूर्व में म्याँमार तथा दक्षिण एवं पश्चिम में बांग्लादेश। **अतः कथन 3 सही है।**

**183. (A)**

**व्याख्या:**

**लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक:**

- **विश्व बैंक द्वारा जारी किये गए लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक (LPI) 2023 में 139 देशों के सूचकांक में** भारत अब 38वें स्थान पर है। वर्ष 2018 और 2014 में भारत क्रमशः 44वें और 54वें स्थान पर था। **अतः विकल्प A सही है।**

**184. (B)**

**व्याख्या:**

**भारतीय निर्वाचन आयोग (ECI):**

- **अनुच्छेद 324 ने** चुनाव आयोग की स्थापना की नींव रखी जिसे सभी चुनावों के "अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण" का दायित्व सौंपा गया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - भारतीय संविधान का **अनुच्छेद 321 संघ लोक सेवा आयोग** और **राज्य लोक सेवा आयोग के कार्यों का विस्तार करने की शक्ति** देता है।
- संविधान ने **अनुच्छेद 329 के माध्यम से** न्यायपालिका को भी चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने से रोक दिया है ताकि निर्बाध चुनाव सुनिश्चित हो सके। **अतः कथन 2 सही है।**

**185. (B)**

**व्याख्या:**

- भारतीय नागरिकों का राष्ट्रीय रजिस्टर (NRIC) नागरिकता अधिनियम 1955 से अपना अधिदेश प्राप्त करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- NRIC का उद्देश्य मुख्य रूप से सत्यापित नागरिक रजिस्ट्री को बनाए रखकर **राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाना है,** लेकिन यह अतिरिक्त लाभ भी प्रदान करता है, जैसे पहचान सत्यापन को सुव्यवस्थित करना, पहचान धोखाधड़ी और दोहराव को कम करना तथा लक्षित कल्याण कार्यक्रमों को सक्षम करना जो यह सुनिश्चित करते हैं कि लाभ केवल पात्र प्राप्तकर्त्ताओं तक पहुँचें। **अतः कथन 2 सही है।**
- **सुब्रह्मण्यम समिति** ने एक मज़बूत डेटाबेस की आवश्यकता पर प्रकाश डाला जिसमें नागरिक और गैर-नागरिक दोनों शामिल हों। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - **रेखी समिति** 1992 में भारत सरकार द्वारा देश की **अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में सुधार के लिये गठित एक समिति थी।**

**186. (C)**

**व्याख्या:**

**वनाग्नि:**

- **वनाग्नि के लिये राष्ट्रीय कार्ययोजना (NAPFF) वर्ष** 2018 में **वन सीमांत समुदायों को सूचित, सक्षम और सशक्त बनाकर** तथा उन्हें राज्य वन विभागों के साथ सहयोग करने हेतु प्रोत्साहित करके वनाग्नि को कम करने के लिये शुरू की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- वन **अग्नि निवारण एवं प्रबंधन योजना (FPM)** एकमात्र सरकारी प्रायोजित कार्यक्रम है जो वन अग्नि से निपटने में राज्यों की सहायता के लिये समर्पित है। **अतः कथन 2 सही है।**

**187. (D)**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (PM-AJAY):**

- इस योजना का उद्देश्य कौशल विकास, आय-उत्पादक योजनाओं और अन्य पहलों के माध्यम से **अतिरिक्त रोज़गार के अवसर पैदा करके अनुसूचित जाति (SC) समुदायों में गरीबी को कम करना** है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले** अनुसूचित जाति के व्यक्ति विभिन्न आय सृजन योजनाओं और कौशल विकास कार्यक्रमों के तहत लाभ के लिये पात्र हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **बुनियादी ढाँचे के विकास** के मामले में 50% या उससे अधिक अनुसूचित जाति की आबादी वाले गाँव योजना के तहत अनुदान के लिये पात्र हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**188. ( A )**

**व्याख्या:**

**वास्तविक प्रभावी विनिमय दर ( REER ):**

- वास्तविक प्रभावी विनिमय दर (REER) किसी देश की मुद्रा का अन्य प्रमुख मुद्राओं के सूचकांक या बास्केट के संबंध में **भारित औसत** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भार का निर्धारण सूचकांक में शामिल प्रत्येक देश की मुद्रा के **सापेक्ष व्यापार संतुलन की तुलना करके** किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- किसी देश की REER में वृद्धि इस बात का संकेत है कि उसका निर्यात **महंगा हो रहा है** और आयात सस्ता हो रहा है, जिससे उसकी व्यापार प्रतिस्पर्द्धा कम हो रही है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**189. ( C )**

**व्याख्या:**

**एकीकृत भुगतान इंटरफेस ( UPI ):**

- UPI वर्ष 2016 में NPCI द्वारा विकसित एक डिजिटल और वास्तविक समय भुगतान प्रणाली है। **अत: कथन 1 सही है।**
- UPI को **IMPS ( तत्काल भुगतान सेवा ) के बुनियादी ढाँचे पर बनाया गया है** और यह उपयोगकर्त्ताओं को किसी भी दो पक्षों के बैंक खातों के बीच तुरंत धन हस्तांतरित करने की अनुमति देता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- UPI **कई बैंकिंग सुविधाओं,** निर्बाध निधि रूटिंग और मर्चेंट भुगतानों को एक मोबाइल एप्लीकेशन में एकीकृत करने की सुविधा देता है।
- UPI भुगतान स्वीकार करने वाले देश फ्राँस, UAE, मॉरीशस, श्रीलंका, सिंगापुर, भूटान और नेपाल हैं।

**190. ( B )**

**व्याख्या:**

**पृथ्वी पर जल:**

- **पृथ्वी की सतह के 70%** से अधिक भाग पर मौजूद जल का विश्व भंडार 1.4 बिलियन क्यूबिक किलोमीटर से अधिक होने का अनुमान है। **अत: कथन 1 सही है।**
- पृथ्वी पर मौजूद कुल पानी में से **केवल 2.5% ही मीठा जल है,** 69% ध्रुवीय बर्फ की टोपियों और ग्लेशियरों में और 30% भूजल के रूप में है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **केवल 1% सतही जल के रूप में उपलब्ध है,** ज़्यादातर ज़मीनी बर्फ या पर्माफ्रॉस्ट के रूप में, और झीलों, दलदलों, नदियों, जीवित प्राणियों और वायुमंडल में जल वाष्प के रूप में। **अत: कथन 3 सही है।**
- केवल 1% ही सतही जल के रूप में उपलब्ध है, जो अधिकांशत: भू-बर्फ या पर्माफ्रॉस्ट के रूप में, झीलों, दलदलों, नदियों, जीवित प्राणियों तथा वायुमंडल में जलवाष्प के रूप में मौजूद है।

**191. ( D )**

**व्याख्या:**

**निर्णय:**

- **एस.पी. गुप्ता केस ( प्रथम न्यायाधीश केस ),** 1982 में सर्वोच्च न्यायालय ने संवैधानिक उल्लंघन को **संवैधानिक नैतिकता का गंभीर उल्लंघन** करार दिया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- नाज़ **फाउंडेशन बनाम दिल्ली सरकार,** 2009 में उच्च न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि "संवैधानिक नैतिकता" को नैतिकता की सामाजिक धारणाओं पर हावी होना चाहिये, व्यक्तिगत अधिकारों को बनाए रखना चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**

**192. ( B )**

**व्याख्या:**

**एकीकृत बाल विकास योजना ( ICDS ):**

- ICDS भारत सरकार का एक **प्रमुख कार्यक्रम है** जिसका उद्देश्य देश में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा में सुधार करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह कार्यक्रम वर्ष 1975 में शुरू किया गया था और यह विश्व में अपनी तरह का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। **अत: कथन 2 सही है।**
- ICDS को देश भर में **आँगनवाड़ी केंद्रों ( AWC )** के नेटवर्क के माध्यम से लागू किया जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - **आँगनवाड़ी केंद्र समुदाय आधारित केंद्र** हैं जो बच्चों और माताओं को सेवाएँ प्रदान करते हैं।
  - प्रत्येक आँगनवाड़ी केंद्र का प्रबंधन एक कार्यकर्ता और एक सहायक द्वारा किया जाता है, जो सेवाएँ प्रदान करने के लिये ज़िम्मेदार होते हैं।

**193. ( A )**

**व्याख्या:**

- **विराम ( Respite ) के अंतर्गत किसी दोषी को प्राप्त मूल सज़ा के प्रावधान को किन्हीं विशेष परिस्थितियों में बदलना शामिल है।** उदाहरण के लिये **महिला की गर्भावस्था की अवधि के कारण सज़ा को परिवर्तित करना। अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- **प्रविलंबन (Reprieve) का अर्थ है अस्थायी समय के लिये किसी सज़ा (विशेषकर मृत्युदंड) के निष्पादन पर रोक** लगाना। इसका उद्देश्य दोषी को **राष्ट्रपति से क्षमा या लघुकरण प्राप्त करने के लिये समय** देना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- लघुकरण (Commutation) में दंड के स्वरुप में परिवर्तन करना शामिल है, उदाहरण के लिये **मृत्युदंड को आजीवन कारावास और कठोर कारावास को साधारण कारावास** में बदलना। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- **विराम का** मतलब है कि **सजा की अवधि को** बिना उसके स्वरूप में बदलाव किए कम करना। उदाहरण के लिये, पाँच वर्ष के कठोर कारावास की सज़ा को एक वर्ष के कठोर कारावास में बदला जा सकता है।

**194. (D)**

**व्याख्या:**

**उपासना स्थल अधिनियम 1991:**

- यह **15 अगस्त, 1947** को **धार्मिक पूजा स्थलों की स्थिति को स्थिर करने के लिये अधिनियमित किया गया था** और **किसी भी पूजा स्थल के रूपांतरण को प्रतिबंधित करता है** तथा उनके धार्मिक चरित्र के रखरखाव को सुनिश्चित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **यह अधिनियम प्राचीन और ऐतिहासिक स्मारकों, पुरातात्विक स्थलों और प्राचीन स्मारकों और पुरातात्विक स्थलों और अवशेष अधिनियम, 1958** द्वारा कवर किए गए अवशेषों पर **लागू** नहीं होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसमें वे मामले भी शामिल नहीं हैं जो पहले ही निपटाए जा चुके हैं या हल हो चुके हैं, तथा वे विवाद भी शामिल नहीं हैं जो आपसी सहमति से हल हो चुके हैं या जो अधिनियम के प्रभावी होने से पहले हुए थे।
- **यह अधिनियम अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद** के नाम से ज्ञात विशिष्ट पूजा स्थल तथा उससे जुड़ी किसी भी कानूनी कार्यवाही पर लागू नहीं होता है।

**195. (B)**

**व्याख्या:**

- **राष्ट्रीय गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (NP-NCD), जिसे** पहले कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग तथा स्ट्रोक की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम (NPCDCS) के रूप में जाना जाता था, को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के तहत लागू किया जा रहा है। **अतः कथन-I सही है।**
- वर्ष 2019 में **विश्व स्वास्थ्य सभा ने NCD की रोकथाम और नियंत्रण** के लिये **WHO वैश्विक कार्य योजना 2013-2020 को 2030 तक** बढ़ा दिया तथा NCD की रोकथाम एवं नियंत्रण पर प्रगति में तेज़ी लाने के लिये वर्ष 2023 से 2030 तक कार्यान्वयन रोडमैप के विकास का आह्वान किया। **अतः कथन-II सही है।**

**अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।**

**196. (A)**

**व्याख्या:**

**आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) रिपोर्ट 2023-24:**

- वर्ष 2023-24 के लिये बेरोज़गारी दर **3.2%** पर **अपरिवर्तित रही,** जो वर्ष 2022-23 के समान ही है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **2017-18 में PLFS** की स्थापना के बाद से यह पहली बार है कि बेरोज़गारी दर में वर्ष-दर-वर्ष गिरावट नहीं देखी गई है।
- इसने राष्ट्रीय स्तर पर **श्रम बल भागीदारी दर (LFPR)** में वर्ष 2022-23 में **57.9%** से **2023-24** में **60.1%** तक **उल्लेखनीय वृद्धि** दिखाई। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- महिलाओं के लिये बेरोज़गारी **दर बढ़कर 3.2% हो गई** (2022-23 में 2.9% से ऊपर), जबकि पुरुषों के लिये यह 3.3% से थोड़ा कम होकर **3.2% हो** गई। **अतः कथन 3 सही है।**

**197. (C)**

**व्याख्या:**

- **इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) को** उच्च प्रदर्शन वाले ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट (GPU) की खरीद सहित AI आधारभूत संरचना को बढ़ाने के लिये **केंद्रीय बजट 2024-25 में 551.75** करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह खरीद **भारतीय स्टार्टअप्स को आवश्यक कंप्यूटिंग क्षमता प्रदान** करेगी, जो मौजूदा बाज़ार में कमियों को दूर करेगी।
- डेटा सेंटर **GPU समानांतर संचालन, AI, मीडिया एनालिटिक्स तथा 3D रेंडरिंग समाधानों हेतु महत्त्वपूर्ण** हैं, जिससे वे मशीन लर्निंग, मॉडलिंग और क्लाउड गेमिंग जैसे उन्नत उपयोग के मामलों के लिये आवश्यक हो जाते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

**198. (A)**

**व्याख्या:**

- **वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्द्धी बने रहने, सामाजिक चुनौतियों का** समाधान करने और आर्थिक अवसरों को अनलॉक करने के लिये **अत्याधुनिक तकनीकों** में निवेश आवश्यक है। **अतः कथन-I सही है।**
- भारत का लक्ष्य वर्ष 2047 तक अपने **विकास उद्देश्यों को प्राप्त करना है**, सरकार ने रणनीतिक और उभरते क्षेत्रों में **विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी की भूमिका पर जोर** दिया है। **अतः कथन-II सही है।**

**अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।**

**199. (A)**

**व्याख्या:**

- अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (ANRF) की स्थापना **अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (ANRF) अधिनियम, 2023** के तहत की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य भारत के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अनुसंधान संस्थानों, अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं में अनुसंधान और विकास को प्रोत्साहन देना, विकसित करना तथा अनुसंधान व नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है।
- वर्ष 2008 में स्थापित **विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड** (SERB) को ANRF में शामिल कर दिया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- ANRF, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), 2020 की सिफारिशों के अनुसार देश में वैज्ञानिक अनुसंधान की उच्च स्तरीय रणनीतिक दिशा प्रदान करने के लिये एक शीर्ष निकाय के रूप में कार्य करता है।
- ANRF को भारत में सभी **विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, शोध संस्थानों** और **अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिये डिज़ाइन किया गया है**, चाहे वे सार्वजनिक हों या निजी हो। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- इसके अतिरिक्त, यह एक व्यापक अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिये उद्योग, शिक्षा, सरकारी विभागों और अनुसंधान संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है।

**200. (D)**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (NHP), 2017:**

- राष्ट्रीय **स्वास्थ्य नीति 2017** नवीनतम नीति है, जो वर्ष **1983** और **2002 की नीतियों** का स्थान लेगी।
- इसका उद्देश्य सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करना तथा सभी को किफायती लागत पर **गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध** कराना सुनिश्चित करना है।
- **NHP 2017 के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य:**
- जीवन प्रत्याशा 67.5 वर्ष से बढ़कर 70 वर्ष हो गई। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2025 तक प्रजनन दर को 2.1 (प्रतिस्थापन स्तर) तक कम करना। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2019 तक शिशु मृत्यु दर को घटाकर 28 करना। **अतः कथन 3 सही है।**
- वर्ष 2025 तक पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर को घटाकर 23 तक करना। **अतः कथन 4 सही है।**